

किसी भी तरह के विज्ञापन एवं समाचार के लिए संपर्क करें मो0: 9891706853



दैनिक
# समाज जागरण

राष्ट्रीय संस्करण

RNI: UPHIN/2021/84200

नोएडा उत्तर प्रदेश,दिल्ली एनसीआर, हरियाणा,पंजाब बिहार,मध्य प्रदेश, छतीसगढ, झारखण्ड असम से प्रसारित

वर्षः 4 अंकः 290 नोएडा, (गौतमबुद्धनगर) बुधवार 29 जुलाई 2026 http://samajjagran.in पृष्ट - 12 मूल्य 05 रुपया


## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026: सेमीफाइनल में पहुंचे श्रीहरि नटराज, तैराकी में भारत की पदक उम्मीदें बरकरार

**समाज जागरण खेल डेस्क**

नई दिल्ली। कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 की तैराकी प्रतियोगिता में भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। दो बार के ओलंपियन श्रीहरि नटराज ने शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक स्पर्धा के सेमीफाइनल में प्रवेश कर लिया है। वहीं अनुभवी भारतीय तैराक साजन प्रकाश पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा में क्वालिफाई नहीं कर सके और उनका अभियान समाप्त हो गया।



### 55.58 सेकंड में सेमीफाइनल का टिकट

पुरुषों की 100 मीटर बैकस्ट्रोक हीट में श्रीहरि नटराज ने 55.58 सेकंड का समय निकालते हुए अपनी हीट में पांचवां और कुल मिलाकर 13वां स्थान हासिल किया। इस प्रदर्शन के दम पर वह शीर्ष 16 तैराकों में शामिल होकर सेमीफाइनल में पहुंच गए।

### राष्ट्रीय रिकॉर्ड से पीछे, लेकिन उम्मीदें कायम

25 वर्षीय नटराज ने शुरूआती 50 मीटर की दूरी 26.26 सेकंड में पूरी की और कुल रेस 55.58 सेकंड में समाप्त की। हालांकि यह समय उनके 2021 में बनाए गए 53.77 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड और व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ से पीछे रहा, लेकिन सेमीफाइनल में जगह बनाने के लिए पर्याप्त साबित हुआ।

इससे पहले नटराज भारत की पुरुषों की 4200 मीटर फ्रीस्टाइल रिले टीम का भी हिस्सा थे, जिसने फाइनल में छठा स्थान हासिल किया था।

### साजन प्रकाश का सफर थमा

पुरुषों की 50 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा की नौवीं और अंतिम हीट में उतरे साजन प्रकाश ने 24.94 सेकंड का समय लिया। वह अपनी हीट में आठवें और कुल मिलाकर 28वें स्थान पर रहे, जिसके चलते वह सेमीफाइनल में जगह नहीं बना सके। उनका प्रदर्शन उनके 23.83 सेकंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड से भी काफी पीछे रहा।

### दूसरे इवेंट में भी नहीं चला जादू

इससे पहले साजन प्रकाश पुरुषों की 200 मीटर बटरफ्लाई स्पर्धा के फाइनल में भी अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए थे। उन्होंने 1:58.05 मिनट के समय के साथ आठवां स्थान हासिल किया, जबकि उनका राष्ट्रीय रिकॉर्ड 1:56.38 मिनट है।

तैराकी प्रतियोगिता में अब भारत की निगाहें श्रीहरि नटराज पर टिकी हैं। यदि वह सेमीफाइनल के बाद फाइनल में पहुंचकर पदक जीतने में सफल रहते हैं तो वह कॉमनवेल्थ गेम्स में पदक जीतने वाले भारत के दूसरे तैराक बन जाएंगे। इससे पहले प्रशांत कर्माकर ने 2010 के कॉमनवेल्थ गेम्स में पुरुषों की 50 मीटर फ्रीस्टाइल एस9 पैरा स्पर्धा में कांस्य पदक जीतकर इतिहास रचा था। (इनपुटः आईएएनएस)

## जून में भारत की औद्योगिक विकास दर 7.3% पर पहुंची, बिजली-गैस और मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर बने ग्रोथ के इंजन



**समाज जागरण**

नई दिल्ली, 28 जुलाई। देश की औद्योगिक गतिविधियों ने जून 2026 में मजबूत रफ्तार पकड़ी है। औद्योगिक उत्पादन सूचकांक के ताजा आंकड़ों के अनुसार जून 2026 में औद्योगिक उत्पादन की वार्षिक वृद्धि दर 7.3 प्रतिशत दर्ज की गई। यह पिछले वर्ष जून 2025 के 114.7 के मुकाबले बढ़कर 123.1 पर पहुंच गई, जो देश की अर्थव्यवस्था में उत्पादन और औद्योगिक गतिविधियों के विस्तार का संकेत है।

सरकारी आंकड़ों के अनुसार, इलेक्ट्रिसिटी एवं गैस आपूर्ति क्षेत्र ने सबसे बेहतर प्रदर्शन करते हुए 10.6 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की। वहीं मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में 7.8 प्रतिशत, जल आपूर्ति, सीवरेज एवं अपशिष्ट प्रबंधन में 6.1 प्रतिशत तथा खनन एवं उत्खनन क्षेत्र में 1 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज की गई।

### मैन्युफैक्चरिंग ने दिखाई मजबूती

मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के 23 उद्योग समूहों में से 19 ने सकारात्मक वृद्धि दर्ज की, जिससे उत्पादन गतिविधियों में व्यापक सुधार देखने को मिला। सबसे अधिक वृद्धि दर्ज करने वाले प्रमुख उद्योग समूह रहे– इलेक्ट्रिकल उपकरण - 34 प्रतिशत
मोटर वाहन, ट्रेलर एवं सेमी-ट्रेलर - 17.5 प्रतिशत
खाद्य उत्पाद - 10.8 प्रतिशत
*खाद्य उत्पादों की वृद्धि में चाय, गैर-बासमती चावल और स्टार्च उत्पादन का विशेष योगदान रहा।*

### मई के आंकड़ों में भी संशोधन

सरकार ने मई 2026 के औद्योगिक उत्पादन आंकड़ों में अंतिम संशोधन भी जारी किया है। जून 2026 के त्वरित अनुमान 86.7 प्रतिशत वेटेड रिस्पॉन्स रेट तथा मई 2026 के संशोधित आंकड़े 93.1 प्रतिशत वेटेड रिस्पॉन्स रेट के आधार पर तैयार किए गए हैं।

### 28 अगस्त को आएंगे जुलाई के आंकड़े


सांख्यिकी विभाग के अनुसार जुलाई 2026 के औद्योगिक उत्पादन सूचकांक (IIP) के आंकड़े 28 अगस्त 2026 को जारी किए जाएंगे।

## कॉमनवेल्थ गेम्स 2026: शर्मिला के गोल्ड से भारत का खाता चमका

### भारत की मेडल टैली पहुंची 10 पर, 2 गोल्ड समेत 10 पदक जीते

नई दिल्ली। समाज जागरण ब्यूरोः कॉमनवेल्थ गेम्स 2026 में भारत ने शानदार प्रदर्शन जारी रखा है। भारतीय पैरा एथलीट शर्मिला ने विमेंस शॉट पुट F57 वर्ग में 9.81 मीटर का सर्वश्रेष्ठ थ्रो कर स्वर्ण पदक जीतकर देश को दूसरा गोल्ड दिलाया।

इसी स्पर्धा में भारत की शिल्पा कंचुगरकोप्पालु शायला ने कांस्य पदक हासिल किया। वहीं हाई जंप में सर्वेश अनिल कुशारे ने 2.25 मीटर की छलांग लगाकर रजत पदक जीता। पुरुषों की 79 किलोग्राम वेटलिफ्टिंग में वल्लूरी अजय बाबू ने 330 किलोग्राम वजन उठाकर सिल्वर मेडल अपने नाम किया।




इन उपलब्धियों के साथ भारत की पदक संख्या 10 पहुंच गई है, जिसमें 2 स्वर्ण, 5 रजत और 3 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत पदक तालिका में आठवें स्थान पर बना हुआ है।

## पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में करंट लगने से शोध छात्रा की मौत, छात्रों का प्रदर्शन

### कुलपति कार्यालय के बाहर हंगामा, प्रशासन से जवाबदेही की मांग

चंडीगढ़। समाज जागरण ब्यूरो पंजाब विश्वविद्यालय परिसर में मंगलवार को विद्युत प्रवाह की चपेट में आने से 28 वर्षीय शोध छात्रा ज्योति यादव की मौत हो गई। घटना के बाद आक्रोशित छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन के खिलाफ प्रदर्शन किया और कुलपति कार्यालय के बाहर पहुंचकर जवाबदेही की मांग की। मृतका ज्योति यादव हरियाणा के महेंद्रगढ़ जिले की निवासी थीं और पंजाब विश्वविद्यालय के सूक्ष्म जीव विज्ञान विभाग में पीएचडी के चौथे वर्ष की छात्रा थीं।





जानकारी के अनुसार, ज्योति छात्रावास संख्या-8 और विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संस्थान (यूआ-ईईटी) के बीच बने कच्चे रास्ते से गुजर रही थीं। बारिश के कारण रास्ते में जलभराव हो गया था। बताया जा रहा है कि फिसलने के बाद उन्होंने सहारे के लिए पास में लगे बिजली के खंभे को पकड़ लिया, जिसमें विद्युत प्रवाह हो रहा था। इससे उन्हें तेज करंट लगा और वह गंभीर रूप से घायल हो गईं।

मौके पर मौजूद एक कर्मचारी ने उन्हें बचाने का प्रयास किया और तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया। उन्हें राजकीय चिकित्सा महा-विद्यालय एवं अस्पताल, सेक्टर-32 ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

घटना के बाद छात्रों में भारी आक्रोश फैल गया। प्रदर्शनकारी छात्रों ने विश्वविद्यालय प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाते हुए परिसर में सुरक्षा व्यवस्था दुरुस्त करने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

## सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश पर सीजेपी की आपत्ति

### एफआईआर जांच जारी रखने वाले निर्देश पर जताई चिंता

नई दिल्ली। समाज जागरण ब्यूरो : सीजेपी (कॉकरोच जनता पार्टी) ने अपने आंदोलन से जुड़े मामलों में सुप्रीम कोर्ट के अंतरिम आदेश पर आपत्ति जताई है। संगठन ने कहा है कि अदालत के आदेश में एफआईआर की जांच जारी रखने की अनुमति देने वाला निर्देश चिंता का विषय है।

सीजेपी का कहना है कि 25 जुलाई 2026 को केंद्र सरकार की ओर से दिए गए आश्वासन के अनुसार आंदोलन से जुड़े मामलों में दर्ज एफआईआर वापस लेने और शांतिपूर्ण प्रदर्शन में शामिल छात्रों व प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई नहीं करने की बात कही गई थी।

सुप्रीम कोर्ट ने सीजेपी आंदोलन से संबंधित जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करते हुए अंतरिम आदेश जारी किया है। आदेश के एक निर्देश में अदालत ने सरकारों को पहले से दर्ज एफआईआर की जांच जारी रखने और कानून के अनुसार आगे की कार्रवाई करने से नहीं रोका है।

सीजेपी ने इसी बिंदु पर आपत्ति जताते हुए कहा है कि जब तक मामले पर अंतिम निर्णय नहीं आता, तब तक प्रदर्शनकारियों के खिलाफ कार्रवाई पर रोक लगनी चाहिए। वहीं, अदालत के आदेश के अनुसार एफआईआर को स्वतः रद्द नहीं किया गया है और जांच कानूनी प्रक्रिया के तहत जारी रह सकती है।

## नीट पेपर लीक मामला: सीबीआई ने 13 आरोपियों के खिलाफ दाखिल की चार्जशीट

छात्रों से धोखाधड़ी करने वालों पर कार्रवाई तेज, सभी आरोपी न्यायिक हिरासत में

नई दिल्ली। समाज जागरण ब्यूरोः नीट पेपर लीक मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 13 आरोपियों के खिलाफ दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट में आरोपपत्र (चार्जशीट) दाखिल कर दिया है। सभी आरोपी फिलहाल जेल में बंद हैं। जांच एजेंसी ने आरोपियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम (प्रिवेंशन ऑफ करप्शन एक्ट) और भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की गंभीर धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है।

नीट परीक्षा में कथित अनियमितताओं और पेपर लीक को लेकर देशभर में छात्रों ने विरोध जताया था। मामले की गंभीरता को देखते हुए केंद्र सरकार ने जांच सीबीआई को सौंपी थी।

## अतीक अहमद की 110 करोड़ रुपये की बेनामी जमीन कुर्क

प्रयागराज। समाज जागरण ब्यूरोः माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की मौत के बाद भी उनकी बेनामी संपत्तियों पर कार्रवाई जारी है। प्रयागराज पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट के तहत अतीक अहमद की करीब 110 करोड़ रुपये कीमत की जमीन कुर्क कर ली है। यह कार्रवाई पुलिस आयुक्त प्रयागराज की अदालत के आदेश पर कैंट थाना पुलिस ने की। कुर्क की गई जमीन पर सरकारी नोटिस बोर्ड भी लगा दिया गया है। पुलिस के अनुसार, मौजा भीटी और मौजा कटाहुला गौसपुर में स्थित करीब 20.38 बीघा यानी 5.11 हेक्टेयर भूमि को कुर्क किया गया है।

## गृहमंत्री अमित शाह से मिले गृह सचिव और आईबी प्रमुख, 40 मिनट तक चली अहम बैठक

नई दिल्ली। समाज जागरण ब्यूरोः केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से गृह सचिव गोविंद मोहन और खुफिया ब्यूरो (आईबी) प्रमुख महेश दीक्षित ने मुलाकात की। दोनों अधिकारियों और गृहमंत्री के बीच करीब 40 मिनट तक चली बैठक को मौजूदा परिस्थितियों में बेहद महत्वपूर्ण माना जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, बैठक में देश की आंतरिक सुरक्षा, हालिया घटनाक्रम और वर्तमान स्थिति को लेकर चर्चा हुई। प्रदर्शन समाप्त होने के बाद हालात सामान्य होने की दिशा में हैं, लेकिन विपक्ष की ओर से लगाए जा रहे आरोपों और विभिन्न संगठनों के बयानों के बीच यह बैठक अहम मानी जा रही है।

इससे पहले अमित शाह ने संसद भवन परिसर में केंद्रीय मंत्री जेपी नड्डा से भी मुलाकात की।

# एफटीए समझौतों से भारतीय उत्पादों को मिला वैश्विक बाजारों में विस्तार, निर्यात ने बनाया नया रिकॉर्ड

**समाज जागरण बिजनेस डेस्क**

नई दिल्ली। भारत के निर्यात क्षेत्र ने वित्त वर्ष 2025-26 में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। सरकार के अनुसार, मुक्त व्यापार समझौतों (एफटीए) के प्रभाव से भारतीय उत्पादों को दुनिया के विभिन्न बाजारों में बेहतर पहुंच मिली है, जिससे निर्यात में विविधता बढ़ी और श्रम-प्रधान उद्योगों को मजबूती मिली है।

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत का कुल निर्यात 863.1 अरब डॉलर के रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। इसमें वस्तु निर्यात (मर्चेंडाइज एक्सपोर्ट) 441.8 अरब डॉलर और सेवा निर्यात 421.3 अरब डॉलर रहा।

वाणिज्य एवं उद्योग राज्य मंत्री जितिन प्रसाद ने लोकसभा में लिखित जवाब में बताया कि एफटीए समझौतों ने भारतीय निर्यातकों के लिए नए अवसर खोले हैं। सरकार इन समझौतों के तहत मिलने वाली शुल्क रियायतों के उपयोग की लगातार निगरानी कर रही है।



### यूएई के साथ बढ़ा निर्यात दायरा

भारत-यूएई व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) लागू होने के बाद भारतीय उत्पादों की पहुंच में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। अब तक 4.45 लाख सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन जारी किए जा चुके हैं।

वित्त वर्ष 2021-22 में यूएई को निर्यात होने वाली एचएस 8-डिजिट टैरिफ लाइनों की संख्या 7,546 थी, जो वित्त वर्ष 2025-26 में बढ़कर 8,053 हो गई। इन टैरिफ लाइनों के तहत 37.3 अरब डॉलर का निर्यात हुआ।

### ऑस्ट्रेलिया समझौते से खुले नए अवसर

भारत-ऑस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार समझौते (ईसीटीए) से भी निर्यात को गति मिली है। समझौते के तहत अब तक 2.73 लाख सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन जारी किए गए हैं।

ऑस्ट्रेलिया को निर्यात होने वाली टैरिफ लाइनों की संख्या वित्त वर्ष 2021-22 के 5,396 से बढ़कर 2025-26 में 5,668 हो गई। इन उत्पाद श्रेणियों के माध्यम से भारत ने 7.2 अरब डॉलर का निर्यात किया।

### मॉरीशस और ओमान से भी बढ़ा व्यापार

भारत-मॉरीशस सीईसीपीए के तहत भारतीय निर्यातकों ने 1,956 सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन का लाभ उठाया। मॉरीशस को निर्यात होने वाली टैरिफ लाइनों की संख्या 3,593 से बढ़कर 4,345 हो गई, जिनसे करीब 473 मिलियन डॉलर का निर्यात हुआ।

वहीं भारत-ओमान व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते के तहत भारत के 99.38 प्रतिशत निर्यात को शुल्क मुक्त पहुंच मिली है। समझौते के बाद जून 2026 में ओमान को निर्यात में तेज उछाल दर्ज किया गया। जून 2026 में इन टैरिफ लाइनों के तहत 622.8 मिलियन डॉलर का निर्यात हुआ, जो मई 2026 की तुलना में 54.7 प्रतिशत और जून 2025 की तुलना में 189.6 प्रतिशत अधिक रहा।

### ईएफटीए समझौते से यूरोपीय बाजारों में पहुंच

यूरोपीय मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए)-टीईपीए समझौते के तहत भारत को 92.2 प्रतिशत टैरिफ लाइनों पर रियायत मिली है, जो भारत के 99.6 प्रतिशत निर्यात को कवर करती है। समझौता लागू होने के बाद अब तक 7,885 सर्टिफिकेट ऑफ ओरिजिन जारी किए जा चुके हैं।

### समाज जागरण विश्लेषण

एफटीए समझौते भारत की निर्यात रणनीति का महत्वपूर्ण हिस्सा बनते जा रहे हैं। शुल्क में कमी और नए बाजारों तक पहुंच से भारतीय उद्योगों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा में बढ़त मिलने की उम्मीद है। विशेष रूप से रोजगार देने वाले क्षेत्रों में निर्यात वृद्धि से आर्थिक गतिविधियों को और मजबूती मिल सकती है।

### टेक्सटाइल, चमड़ा और श्रम-प्रधान उद्योगों को फायदा

सरकार के अनुसार, हाल के वर्षों में हुए एफटीए समझौतों में टेक्सटाइल, चमड़ा और अन्य श्रम-प्रधान क्षेत्रों को विशेष प्राथमिकता दी गई है। यूएई, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, ओमान, न्यूजीलैंड और ईएफटीए देशों के साथ समझौतों से भारतीय उत्पादों को नए बाजार मिले हैं।

(इनपुटः आईएएनएस)

अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस विशेष - 29 जुलाई 2026

# वन्यजीव खत्म तो जंगल खत्म और इंसान की सांसे भी खत्म




पृथ्वी पर मौजूद हर जीव अपनी अलग पहचान और भूमिका के साथ प्राकृतिक संतुलन बनाए रखने में महत्वपूर्ण योगदान देता हैं। खाद्य श्रृंखला की हर कड़ी आवश्यक है, क्योंकि किसी एक जीव का भी असंतुलन पूरे पारिस्थितिक तंत्र को प्रभावित कर सकता हैं। आज के समय में मनुष्य को छोड़कर सभी जीव प्रकृति की रक्षा में अपनी भूमिका निभा रहे हैं। स्वच्छ हवा, साफ पानी और पर्याप्त भोजन सभी के जीवन के लिए जरूरी है, और ये तभी मिल सकते है जब पर्यावरण स्वस्थ और संतुलित हो। सूक्ष्म जीव मिट्टी को उपजाऊ बनाते है, जबकि पक्षी और वन्य प्राणी बीजों का प्रसार करके नए पौधों और वनों के विकास में सहायता करते हैं। जब जंगलों में जीव-जंतु सुरक्षित रहते है, तब वन हरे-भरे बने रहते है, मौसम का चक्र संतुलित रहता है, जलस्त्रोत सुरक्षित होते है और प्राकृतिक संसाधनों का संरक्षण होता हैं। इससे प्रदूषण कम होता है, बीमारियों का खतरा घटता है और जीवन की गुणवत्ता बेहतर होती हैं। वास्तव में वन्यजीव प्रकृति के सच्चे संरक्षक है, क्योंकि वे पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। मनुष्य के बिना प्रकृति स्वयं को तेजी से पुनर्जीवित कर सकती है, किंतु प्रकृति के अभाव में मानव जीवन की कल्पना भी संभव नहीं है, इसलिए प्रकृति और वन्यजीवों का संरक्षण हमारी सबसे बड़ी जिम्मेदारी हैं।

सभी जीवों को अपने प्राकृतिक अधिवास में जीने का अधिकार है, लेकिन पिछले कुछ दशकों से बढ़ते मानवीय हस्तक्षेप के कारण वन्यजीवों और मानवों के बीच संघर्ष बहुत ज्यादा बढ़ गया हैं। इसमें हानि दोनों को होती है, मनुष्य भी जान गवांते है और वन्यजीव भी। आजादी के पहले राजा-महाराजाओं और अंग्रेजों ने शिकार करके जंगली जानवरों की संख्या बेहद कम कर दी। अधिकतम प्रजातियां तो हमेशा के लिए विलुप्त भी हो गयी। तेजी से घटती वन्यजीवों की संख्या को बचाने सरकार ने कानून बनाये हैं।

आयआयटी बॉम्बे और सस्त्रा विश्वविद्यालय के शोधकताओं की एक रिसर्च में पाया गया कि साल 2015 - 2019 के बीच, देश में हर 1 वर्ग किलोमीटर जंगल बढ़ने के बदले लगभग 18 वर्ग किलोमीटर जंगल खत्म हो गए। प्राकृतिक घने और पुराने जंगल तेजी से खत्म हो रहे है, अगर यही स्थिति रही तो, इसमें रहनेवाले वन्यजीव भी बुरे तरीके से प्रभावित होंगे ही, अर्थात उनका जीवन संकट में होगा। आज देश में बढ़ते शहरीकरण के कारण, पारंपरिक खेती कम हो रही है, शहरों के आसपास के गाँवो में कांक्रीट के जंगल बढ़ रहे है, जिसके कारण जंगल सिकुड़ रहे और मानवीय गतिविधियां लगातार बढ़ रही हैं। जंगलों के पास, प्रकृति की गोद में लोगों को आबाद करने के लिए फार्महाउस बनाने का ट्रेंड चल पड़ा हैं। विकास के नाम पर जंगलों के बीच से महामार्ग बनाएं जा रहे और जंगलों को काटकर उत्खनन का काम चल रहा हैं। इससे सीधे तौर पर वन्यजीवों के प्राकृतिक अधिवास नष्ट हो रहे हैं। साल-दर साल प्राकृतिक आपदाएं लगातार बढ़ रही हैं।

जिन वनों में बाघ रहते है, वहां का पारिस्थितिक तंत्र अधिक समृद्ध और संतुलित होता हैं। बाघ केवल एक वन्यजीव नहीं, बल्कि पूरे जंगल के संरक्षक हैं। जीवित रहने के लिए उन्हें विशाल, सुरक्षित और मानवीय हस्तक्षेप से मुक्त आवास चाहिए। ऐसे क्षेत्रों की रक्षा से असंख्य वन्य प्राणी, वनस्पतियां, सूक्ष्म जीव और पूरी जैव-विविधता सुरक्षित रहती हैं। बाघ शाकाहारी जीवों की संख्या नियंत्रित करते हैं, जिससे वनस्पतियों का अत्यधिक दोहन रुकता है और प्राकृतिक संतुलन बना रहता हैं। सुरक्षित जंगल अधिक कार्बन सोखते है और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव कम करने में मदद करते हैं। साथ ही, ये घने वन वर्षा जल के प्रवाह को नियंत्रित कर बाढ़ की तीव्रता घटाते है और करोड़ों लोगों को मीठा पानी देते हैं। इसलिए बाघों और उनके आवासों की रक्षा पूरे पर्यावरण की रक्षा हैं। यह संरक्षण मानव जीवन, कृषि, जलस्त्रोतों और भविष्य की पीढ़ियों के लिए भी अत्यंत आवश्यक हैं।

हर साल 29 जुलाई को "अंतराष्ट्रीय बाघ दिवस" खतरे में पड़ी बड़ी बिल्लियों की प्रजातियों और उनके प्राकृतिक अधिवास को बचाने के बारे में जागरूकता बढ़ाने हेतु मनाया जाता हैं। बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है, बाघ बचाओं, जंगल बचाओं, प्रकृति बचाओं यह नारा दिया जाता है, क्योंकि यह बचेंगें तो ही हम बचेंगें, यह समझना बहुत जरुरी हैं। ग्लोबल टाइगर फोरम के अनुसार, दुनिया भर के जंगल में सिर्फ. 5,660 टाइगर बचे हैं। देश के नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी की रिपोर्ट "स्टेटस ऑफ टाइगर्स इन इंडिया : को-प्रिडेटर्स एंड प्रे 2022" के अनुसार, इनमें से 3,682 भारत में पाए जाते हैं। हर साल सड़क दुर्घटनाओं, खेतों में करंट से, खुले कुएं में गिरकर और शिकार द्वारा असंख्य वन्यजीवों की बेदर्दी से असमय मौत होती हैं। विदर्भ क्षेत्र (महाराष्ट्र) के समाचारपत्रों में अक्सर वन्यजीवों के मौत की खबर सुर्खियां बनी रहती है, विशेषकर बाघों के मौत की। आये दिन बाघों की मौत चिंता का विषय है, पिछले छह माह में महाराष्ट्र में कुल 24 बाघों की मौत हो चुकी हैं। साल 2025 के दौरान मध्यप्रदेश राज्य में कुल 54 बाघों की जान चले गयी और महाराष्ट्र राज्य के वनमंत्री गणेश नाईक ने बताया कि, महाराष्ट्र राज्य में 41 बाघों की मौत हुयी।

वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर अनुसार, हर बाघ की पहचान उसकी धारियों के अलग पैटर्न से होती है, ठीक वैसे ही जैसे हर इंसान के फिंगरप्रिंट अलग होते हैं। मादा बाघ अपने शावकों से संवाद करने के लिए कानों के पीछे बने सफेद निशानों का उपयोग करती है, जो उनके लिए संकेतों की तरह काम करते हैं। दुनिया के आधे से अधिक बाघ भारत में पाए जाते है, जो देश की समृद्ध जैव-विविधता का बड़ा प्रमाण हैं। बाघ अलग-अलग परिस्थितियों में गुरार्ने, दहाड़ने, कराहने, फुफकारने और हांफने जैसी आवाजों से संवाद करते हैं। माना जाता है कि बाघ लगभग 20 लाख वर्षों से पृथ्वी पर मौजूद है, लेकिन पिछले सौ वर्षों में मानवीय हस्तक्षेप, जंगलों की कटाई और अवैध शिकार के कारण इनकी संख्या में लगभग 97 प्रतिशत की कमी आई हैं। इसी वजह से इन्हें लुप्तप्राय प्रजाति माना गया है, आज भी अवैध शिकार इनके लिए बड़ा खतरा हैं। वर्ल्ड वाइड फंड फॉर नेचर एशिया में इनके संरक्षण के लिए लगातार काम कर रहा हैं। वर्ष 2016 में कुछ क्षेत्रों में बाघों की संख्या बढ़ने की खबर मिली, लेकिन दक्षिण-पूर्व एशिया में इनकी आबादी अब भी घट रही हैं।

मनुष्य जैसे बुद्धिमान प्राणी के पास आज कानूनी अधिकार, उन्नत तकनीक, प्रसार माध्यम, सरकार, न्याय प्रणाली, सोशल मीडिया, रिश्तेदार, मित्र-परिवार और समाज है, फिर भी उच्चशिक्षित और जागरूक मनुष्य होकर भी अनेक मौकों पर वह खुद को ठगा सा महसूस करता हैं। अपनी समस्या को लेकर सरकारी दफ्तरों, नेताओं और न्यायालय के चक्कर काटकर भी बहुधा संतोषजनक समाधान नहीं पाता हैं। बरसात में बाढ़ की समस्या, गर्मी में अकाल, लू और जल की कमी, ठंडी में कोहरे और हाइपोथर्मिया की समस्या और प्राकृतिक आपदाएं। अगर इंसान सर्व सुविधा सम्पन्न होकर ऐसी परिस्थितियों में विवश हो जाता है, तो फिर इसके मुकाबले वन्यपशुओं की स्थिति का तो अंदाजा भी लगाना मुश्किल हैं। फिर सोचिए जरा मूक वन्यजीवों के नजरिये से, जिन्हे मनुष्य से नहीं बल्कि प्रकृति से केवल भूख-प्यास की पूर्ति की आस है और प्रकृति समस्त जीवों के भरणपोषण में बहुत सक्षम है, अगर मानवी हस्तक्षेप न हो तो। फिर हम वन्यजीवों को परेशान कर रहे है क्या? या वन्यजीव हमें परेशान कर रहे है? बढ़ते वन्यजीव व मानवी संघर्ष के लिए आखिर कौन जिम्मेदार है? वक्त रहते इसका गहराई से विचार करना बहुत जरुरी हैं।

**डॉ. प्रितम भि. गेडाम**


# गुरु पूर्णिमा: जीवन को दिशा देने वाले प्रकाश का अभिनंदन



**महेन्द्र तिवारी**

भारतीय संस्कृति में यदि किसी संबंध को सबसे अधिक पवित्र, प्रेरणादायक और जीवन निर्माण करने वाला माना गया है तो वह गुरु और शिष्य का संबंध है। यह संबंध केवल शिक्षा देने और ग्रहण करने तक सीमित नहीं है, बल्कि यह मनुष्य के व्यक्तित्व, चरित्र और चेतना के निर्माण का आधार है। गुरु पूर्णिमा इसी महान परंपरा को नमन करने का पावन अवसर है। आषाढ़ मास की पूर्णिमा को मनाया जाने वाला यह पर्व महर्षि वेदव्यास की जयंती के रूप में भी प्रसिद्ध है, इसलिए इसे व्यास पूर्णिमा भी कहा जाता है। इस वर्ष गुरु पूर्णिमा 29 जुलाई को मनाई जाएगी। इस दिन देशभर के मंदिरों, आश्रमों, शिक्षण संस्थानों और आध्यात्मिक केंद्रों में गुरु पूजन, सत्संग, भजन, प्रवचन तथा ज्ञान चर्चा के विविध आयोजन होते हैं। यह पर्व केवल धार्मिक अनुष्ठानों का अवसर नहीं है, बल्कि ज्ञान, विनम्रता, कृतज्ञता और आत्मचिंतन का उत्सव भी है।

भारतीय दर्शन में गुरु को परम सम्मान दिया गया है। प्राचीन ग्रंथों में कहा गया है कि गुरु वह है जो अज्ञान रूपी अंधकार को दूर कर ज्ञान का प्रकाश फैलाता है। गुरु केवल जानकारी देने वाला व्यक्ति नहीं होता, बल्कि वह जीवन का मार्गदर्शक होता है। वह शिष्य को केवल पुस्तकीय ज्ञान नहीं देता, बल्कि उसे सत्य, नैतिकता, अनुशासन, विवेक और आत्मविश्वास का मार्ग भी दिखाता है। यही कारण है कि भारतीय समाज में गुरु को ईश्वर के समान माना गया है। कबीरदास ने भी अपने प्रसिद्ध दोहे में गुरु को भगवान से पहले प्रणाम करने योग्य बताया क्योंकि गुरु ही ईश्वर तक पहुंचने का मार्ग बताते हैं। यह दृष्टि भारतीय संस्कृति की विशिष्ट पहचान है।




गुरु पूर्णिमा का संबंध महर्षि वेदव्यास से जुड़ा हुआ है। महर्षि वेदव्यास भारतीय ज्ञान परंपरा के ऐसे महान ऋषि माने जाते हैं जिन्होंने वेदों का संकलन किया, महाभारत जैसे विश्व के सबसे विशाल महाकाव्य की रचना की तथा अठारह पुराणों का संपादन किया। उनके द्वारा किए गए ज्ञान के संरक्षण और प्रसार के कारण भारतीय सभ्यता को एक सुदृढ़ वैचारिक आधार प्राप्त हुआ। इसलिए इस दिन उन्हें आदिगुरु के रूप में स्मरण किया जाता है और उनके प्रति श्रद्धा व्यक्त की जाती है। भारतीय ज्ञान परंपरा में वेदव्यास का योगदान केवल साहित्यिक नहीं बल्कि सांस्कृतिक और दार्शनिक भी है।

गुरु पूर्णिमा का महत्व केवल हिंदू धर्म तक सीमित नहीं है। बौद्ध परंपरा में भी इस दिन का विशेष स्थान है। मान्यता है कि भगवान बुद्ध ने ज्ञान प्राप्त करने के बाद अपना प्रथम उपदेश सारनाथ में इसी दिन दिया था। यही उपदेश आगे चलकर बौद्ध धर्म के प्रचार का आधार बना। जैन परंपरा में भी गुरु और आचार्यों के प्रति सम्मान व्यक्त करने का विशेष महत्व है। इस प्रकार गुरु पूर्णिमा भारतीय आध्यात्मिक विरासत का ऐसा पर्व है जो विभिन्न परंपराओं को एक सूत्र में जोड़ता है और यह संदेश देता है कि ज्ञान की कोई सीमा नहीं होती।

भारतीय इतिहास पर दृष्टि डालें तो पाएंगे कि गुरु और शिष्य की परंपरा ने अनेक महान व्यक्तित्वों को जन्म दिया। महर्षि वशिष्ठ और श्रीराम, महर्षि विश्वामित्र और राम लक्ष्मण, द्रोणाचार्य और अर्जुन, चाणक्य और चंद्रगुप्त, रामकृष्ण परमहंस और स्वामी विवेकानंद जैसे उदाहरण बताते हैं कि एक योग्य गुरु किसी साधारण व्यक्ति को असाधारण बना सकता है। गुरु केवल प्रतिभा की पहचान नहीं करता बल्कि उसे निखारता भी है। वह कठिन परिस्थितियों में भी शिष्य का मार्गदर्शन करता है और उसके भीतर छिपी संभावनाओं को जागृत करता है।

आज शिक्षा के स्वरूप में बहुत परिवर्तन आ चुका है। डिजिटल तकनीक, इंटरनेट और कृत्रिम बुद्धिमत्ता के युग में ज्ञान प्राप्त करने के साधन पहले की तुलना में कहीं अधिक व्यापक हो गए हैं। कोई भी व्यक्ति कुछ ही क्षणों में दुनिया भर की जानकारी प्राप्त कर सकता है। फिर भी गुरु की आवश्यकता समाप्त नहीं हुई है। जानकारी और ज्ञान में अंतर होता है। जानकारी तथ्य देती है, जबकि गुरु उन तथ्यों का सही उपयोग करना सिखाता है। इंटरनेट हमें उत्तर दे सकता है, लेकिन जीवन के कठिन प्रश्नों का समाधान अनुभव, विवेक और नैतिक दृष्टि से संपन्न गुरु ही दे सकता है। इसलिए आधुनिक युग में भी गुरु का महत्व पहले जितना ही प्रासंगिक है।

# गुरु एक जागृत ईश्वर हैं

गुरु पूर्णिमा आषाढ़ माह की पूर्णिमा के दिन मनाई जाती है। योग परंपरा में इस दिन को उस अवसर के रूप में मनाया जाता है जब शिव पहले गुरु बने, क्योंकि उन्होंने सप्तऋषियों को योग का ज्ञान देना शुरू कियाथा। यह दिन महान ऋषि वेद व्यास के जन्मदिवस और उनके द्वारा चारोंवेदों के संकलन के उपलक्ष्य में भी मनाया जाता है। उन्होंने महाभारत और पुराणों की रचना कर मानवता को ज्ञान का अनमोल खजाना दिया, इसीलिए उनके सम्मान में इसे ह्वव्यास पूर्णिमाह्व भी कहा जाता है। गुरुपूर्णिमा गुरु के प्रति श्रद्धा ,भक्ति ,आदर और कृतज्ञता प्रकट करने कादिन है। यहां हम उन गुरुओं की बात कर रहे हैं जिन्होंने ईश्वर प्राप्त करलिया है तथा जो अपने शिष्यों को आत्मसाक्षात्कार का मार्ग दिखाते हैं।गुरु एक जागृत ईश्वर हैं , जो शिष्य के भीतर सुप्त ईश्वर को जगा रहा है। गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी हैं।

गुरु गीता (श्लोक 17) गुरु की सही ढंग से व्याख्या करती है। ह्लअन्धकारहटाने वालाह्व (गु, ह्लअन्धकारह्व तथा रु, ह्लहटाने वालाह्व)। एक सच्चा, ईश्वर प्राप्त गुरु वह होता है, जिसने सर्वव्यापी ब्रह्म के साथ एकरूपता प्राप्तकर ली है। गुरु तथा देवता में समानता के लिए एक श्लोक के अनुसार- यस्य देवे परा भक्तिर्यथा देवे तथा गुरु अर्थात जैसी भक्ति कीआवश्यकता देवता के लिए है वैसी ही गुरु के लिए भी। बल्कि सद्गुरु कीकृपा से ईश्वर का साक्षात्कार भी संभव है। गुरु की कृपा के अभाव मेंकुछ भी संभव नहीं है।

**गुरूर्ब्रह्मा गुरूर्विष्णु गुर्रुदेवो महेश्वर:।**
**गुरुः साक्षात परं ब्रह्म तस्मै श्री गुरवे नमः॥**

अपनी महत्ता के कारण गुरु को ईश्वर से भी ऊँचा पद दिया गया है।शास्त्र वाक्य में गुरु को ही ईश्वर के विभिन्न रूपों- ब्रह्मा, विष्णु एवं महेश्वर के रूप में स्वीकार किया




Sri Sri Swami Sri Yukteswar | Sri Sri Paramahansa Yogananda

गया है।

संत कबीर कहते हैं-हरि रूठे गुरु ठौर है, गुरु रूठे नहिं ठौर॥ अर्थात भगवान के रूठने पर तो गुरू की शरण रक्षा कर सकती है किंतु गुरू के रूठने पर कहीं भी शरण मिलना सम्भव नहीं है। अपने दूसरे दोहे में कबीरदास कहते है-सतगुरु की महिमा अनंत, अनंत किया उपकार लोचनअनंत, अनंत दिखावण हार- अर्थात सद्गुरु की महिमा अपरंपार है। उन्होंने शिष्य पर अनंत उपकार किए है। उसने विषय-वासनाओं से बंद शिष्य की बंद ऑखों को ज्ञानचक्षु द्वारा खोलकर उसे शांत ही नहीं अनंत तत्व ब्रह्मका दर्शन भी कराया है। आगे इसी प्रसंग में वे लिखते है। भली भई जुगुरमिल्या, नहीं तर होती हाँणि। दीपक दिष्टि पतंग ज्यूँ, पड़ता पूरी जाँणि।अर्थात अच्छा हुआ कि सद्गुरु मिल गए, वरना बड़ा अहित होता। जैसे सामान्य जन पतंगे के समान माया की चमक-दमक में पड़कर नष्ट होजाते है। वैसे ही मेरा भी नाश हो जाता।

जहां तक आध्यात्मिक गुरुओं की बात है, तो वे स्वयं ईश्वर के प्रतिनिधियाँ साक्षात ब्रह्म रूप होते हैंड्ट उनके साथ कोई दैवीय पार्षद (दूत) जन्म लें , ऐसा आवश्यक नहीं है, लेकिन उनके सबसे प्रिय और अधिकारी शिष्य ही आगे चलकर उनके कार्यों (मिशन) को आगे बढ़ाते हैं। कई संत-परंपराओं में इन शिष्यों को ही उनके कार्य का विस्तारक माना गयाहै। प्राचीन काल में ही नहीं 19वीं शताब्दी में भी भारत में अनेक ऐसे महान संत हुए हैं जिन्होंने ईश्वर प्राप्ति की चाहत में लगे भक्तों को मार्ग दिखाए हैं।रामकृष्ण परमहंस,लाहिड़ी महाशय,स्वामी श्रीयुक्तेश्वर,महर्षिरमण, आनंदमयी मां, आचार्य रामचंद्र तथा परमहंस योगानंद ने न सिर्फअनेक शिष्यों को ईश्वर से साक्षात्कार कराया बल्कि उनके द्वारा स्थापित संस्था आज भी साधको को राह दिखा रही है। परमहंस योगानन्द एक ऐसे ही सच्चे गुरु थे जो दिव्य गुरुओं की परम्परा से थे और जिन्होंने सम्पूर्ण विश्व में क्रियायोग मार्ग के ज्ञान का प्रसार करने के लिए वैज्ञानिक प्रविधि भी दी है। पूरे विश्व में परमहंस योगानंद के अनुयायी हैं जो उनके बताए मार्ग राजयोग पर चल कर ईश्वरानुभूति में आनंदित हैं।उन्होंने पूरे संसार को ज्ञान का भंडार दिया है। उन्होंने अनेक पुस्तक वधर्मग्रंथों पर भाष्य लिखा है। ईश्वर प्राप्ति के इच्छुक भक्तों के लिए एकविशेष पाठ्यमाला भी है। परमहंस योगानंद ने भारत में योगदा सत्संगसोसायटी व अमेरिका में सेल्फ रिएलाइजेशन फेलोशिप स्थापित कर अपने शिष्यों के लिए अनेक आश्रम व सेंटर खोल दिए थे। जहांआत्मसाक्षात्कार के लिए आतुर उनके अनेक शिष्य प्रशिक्षित हो रहे हैं।योगानन्द ने कहा है कि एक औसत भक्त गुरु के बिना ईश्वर को प्राप्त नहीं कर सकता है। भक्त को गुरु-प्रदत्त ध्यान प्रविधियों के अभ्यास के माध्यम से 25 फीसदी प्रयास करना होगा, 25 फीसदी प्रयास गुरु के आशीवार्दों के माध्यम से होता है, और 50 फीसदी ईश्वर की कृपा के माध्यम से प्राप्त होता है।

कोई व्यक्ति सच्चे गुरु को कैसे प्राप्त कर सकता है? ऐसा कहा जाता हैकि गुरु को हम नहीं खोजते हैं, अपितु स्वयं गुरु ही हमें खोज लेते हैं।ऐसा माना जाता है कि यदि किसी श्रद्धावान् व्यक्ति की लालसा गहनऔर ईश्वर को जानने की तड़प अथक है, तो एक सच्चे गुरु स्वयं हीअपने शिष्य का मार्गदर्शन करने के लिए आते हैं। परमहंस योगानंद के अनुसार गुरु और शिष्य के बीच मित्रता शाश्वत होती है। जब कोई शिष्य गुरु के प्रशिक्षण को स्वीकार कर लेता है, तो उसमें पूर्ण समर्पण होता है,कोई बाध्यता नहीं होती। वे ईश्वर के साथ एकाकार होते हैं और उन्हें धरती पर ईश्वर के एक प्रतिनिधि के रूप में उपदेश देने की ईश्वरीय स्वीकृति प्राप्त होती है। गुरु मौन ईश्वर की अभिव्यक्त वाणी हैं।



**सच्चिदानंद वर्मा**

## माँ मेरी प्रथम गुरु।

माँ मेरी प्रथम गुरु
उन्होंने अक्षरों से पहले
हथेलियों पर श्रद्धा
लिखना सिखाया।

उन्होंने देवताओं का परिचय
मंदिर की चौखट पर नहीं,
रोटी खिलाते हुए दिया।
उन्होंने कहा
जिसमें करुणा
वहीं ईश्वर का रूप ।
पिता को मैंने
पहले-पहल उनके
आस्था से झुके हुए माथे में देखा,
वह उन्हें नाम से नहीं,
सम्मान से पुकारती ।

तभी जाना,
"तात" कोई संबोधन नहीं,
घर की सबसे ऊँची चौखट ,
जिसे पार करते समय
अहंकार अपना सिर झुका देता।

माँ ने ही सिखाया
कि गुरु केवल पाठ नहीं सिखाते,
वे मनुष्य के भीतर
एक दीप प्रज्वलित करते।

उस दीपक की लौ में
सारे अपने भय,संशयं जलाए,
अंदर के अँधेरे को पिघलते देखा,
जीवन में
धीरे-धीरे उजाला होते देखा।

आज भी
जब किसी संवेदन संवेदनशील
इंसान मिलता ,
लगता
माँ की सीख अभी
समाप्त नहीं हुई।

वह अब भी मा
मेरी हर प्रार्थना के नेपथ्य में मौजूद
हर निर्णय के पहले
धीरे से कहती
पहले मनुष्यता दिल मे रखो
फिर जो बनना हो, बन जाना।"

माँ मेरी प्रथम गुरु ,
उसके चरणों की धूल से ही
देवताओं का परिचय मिला,
और पिता के सम्मान में ही
जीवन का पहला धर्म।

आज जो भी हूँ,
उसमें मेरा श्रम कम,
माँ की शिक्षा-दीक्षा अधिक है।

**संजीव ठाकुर, रायपुर छत्तीसगढ़,**

# सरकार युवाओं के साथ और विरोधी दल अराजक तत्वों के साथ

सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कॉकरोच वाली टिप्पणी के बाद सोशल मीडिया पर अमेरिका से उपजी कॉकरोच जनता पार्टी का 36 दिनों से चला आ रहा आंदोलन प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व सरकार के हस्तक्षेप के बाद समाप्त हो चुका है। सरकार ने विभिन्न परीक्षाओं विशेषकर नीट जैसी परीक्षाओं के पेपर लीक के मुद्दे पर छात्रों की विभिन्न मांग लिया है जिसमें शिक्षा मंत्री धमेंद्र प्रधान का इस्तीफा भी शामिल है। केंद्र सरकार ने परीक्षाओं में नकल व पेपर लीक की घटनाओं को रोकने के लिए कड़ा कानून भी संसद के पटल पर रख दिया है। केंद्र सरकार ने हाई लेवल टास्क फोर्स का गठन किया है जिसमें विभिन्न क्षेत्रों के विषय विशेषज्ञ हैं। पेपर लीक सम्बन्धी अपराधों के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट का गठन भी हो चुका है। सरकार पूरी तत्परता और ईमानदारी से इस समस्या के समाधान में लगी है। प्रधानमंत्री जी स्वयं युवाओं से सीधा संवाद कर रहे हैं।

विपक्ष इस मुद्दे पर नई -नई मांगें रखकर संसद में हंगामा कर रहा है, चर्चा से भाग रहा है तथा सोशल मीडिया के माध्यम से छात्रों को एक बार फिर भड़काने का प्रयास कर रहा है।

स्पष्ट है कि जहाँ प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व वाली सरकार आदोलनरत युवाओं की समस्याओ के त्वरित समाधान व उनके उज्जवल भविष्य की सुरक्षा के लिए उनके साथ खड़ी है वहीं कांग्रेस नेता राहुल गांधी, प्रियंका वाड्रा व अन्य इंडी गठबंधन के नेता सोशल मीडिया पर अफवाहें फैलाकर तथा झूठ बोलकर केवल समस्या को ही बढ़ा रहे हैं।

केंद्र सरकार ने कॉकरोच जनता पार्टी से सीधा संवाद स्थापित किया।आंदोलन स्थल जंतर मंतर पर काफी संख्या में अराजक तत्व उपस्थित थे और प्रधानमंत्री मोदी को गंदी गालियां दे रहे थे, इन परिस्थितियों में भी सरकार ने छात्रों से संवाद स्थापित किया। सबसे पहले अनशन पर बैठे आंदोलन जीवी सोनम वांगचुक का अनशन समाप्त करवाया गया। अपने शिक्षा मंत्री का इस्तीफा लिया गया । छात्रों की मांगें मानी ।छात्र आंदोलन समाप्त कर वापस चले गए।अब विरोधी दलों को बेचैनी है कि अगर कहीं प्रधानमंत्री मोदी अपने प्रयासों में सफल हो गए तो इस मुद्दे पर मोदी सरकार गिराने की साजिश धरी रह जाएगी। यही कारण है कि यह लोग सदन नहीं चलने दे रहे हैं। इसी बीच राहुल गांधी ने छात्रों को भड़काने के लिए एक बेहद आपत्तिजनक पोस्ट किया है कि बीजेपी किसी न किसी प्रकार छात्रों का दमन और उन पर अत्याचार करेगी ही। राहुल गांधी व कांग्रेस व इंडी गठबंधन के अन्य नेताओं की बयानबाजी से उनका मंतव्य स्पष्ट हो रहा है कि वे केवल सत्ता प्राप्ति के लिए देश में अराजकता का वातावरण बना रहे हैं।राहुल गांधी, अरविंद केजरीवाल व अन्य क्षेत्रीय दलों के नेता जिनका राजनैतिक अस्तित्व अब समाप्ति की ओर है अभिजीत दिपके की आड़ में अपनी राजनैतिक रोटियां सेंक रहे हैं । इनमें महाराष्ट्र के उद्धव ठाकरे व राज ठाकरे तथा बिहार के राजद जैसे दलों को भी आनंद आ रहा है।

सरकार ने नीट जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं को पेपर लीक सहित दूसरी गड़बड़ियों से बचाने के लिए 2024 के अपने ही कानून को और कड़ा बनाने का प्रावधान किया है। लोकसभा में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने एंटी पेपर लीक बिल विपक्ष के भारी हंगामे के बीच पेश कर दिया है। इस प्रस्तावित कानून संशोधन के तहत हर राज्य में पेपर लीक के मामले की सुनवाई के लिए फास्ट ट्रैक कोर्ट बनेंगे, जहां प्रतिदिन सुनवाई होगी और 90 दिन के अंदर ट्रायल पूरा कर निर्णय सुना दिया जाएगा। 2024 के कानून में जहां पहले 3 से 5 साल तक की सजा का प्रावधान था उसे नए संशोधन बिल के अनुसार 5 से 10 कर दिया जाएगा। इसी प्रकार 2024 के कानून में जहां 10 लाख जुमार्ना लगाया जाता था उसे बढ़ाकर 10 करोड़ रुपए करने का प्रस्ताव है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 23 जुलाई की मध्यरात्रि में इन्स्टा ग्राम पर आकर अपनी बात रखी। पेपर लीक रोकने के लिए नया कानून लाने की बात कही और 24 जुलाई को जेन -जी को समर्थन करने के लिए धन्यवाद कहा। 26 जुलाई को एक नया वीडियो जारी कर उन्होंने हाई पावर टास्क फोर्स के गठन की घोषणा की। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने वीडियो संदेश में बताया कि नंदन नीलेकणि की अध्यक्षता वाली 6 सदस्यीय यह कमेटी सरकार को पेपर लीक रोकने के सुझाव देगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी स्पष्ट कर चुके हैं कि पेपर लीक के दोषियों को छोड़ा नही जाएगा।

सरकार ने शिक्षा मंत्री का त्यागपत्र लेने के साथ ही नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) के 47 अधिकारियों को भी बर्खास्त कर दिया है।इन हटाए गए अधिकारियों के खिलाफ आपराधिक मामले दर्ज करने की तैयारी चल रही है। एनटीए में अब युवा पेशेवरों की भर्ती राधाकृष्णन कमेटी के सुझावों के आधार पर होगी।

यदि विरोधी दलो के सांसद अब भी हंगामा जारी रखते है तो वह केवल सदन व देश की जनता का समय और धन बरबाद करनेवाली विकृत मानसिकता की राजनीति ही होगी। इससे यह बात भी स्पष्ट हो जाएगी कि विपक्ष केवल छात्रों की आड़ में भारत को अराजकता की आग में झोंकना चाहता है।लोकतान्त्रिक प्रक्रिया में बार-बार पराजित होने के बाद यह लोग भारत को बांग्लादेश, श्रीलंका व नेपाल जैसी परिस्थितियों की ओर धकेलना चाहते हैं।

**प्रेषक - मृत्युंजय दीक्षित**

स्वामी मुद्रक एवं प्रकाशक रमन कुमार झा द्वारा साईं प्रिंटिंग प्रेस बी-42 सेक्टर 07 नोएडा से मुद्रित कराकर नियर दुर्गा पब्लिक स्कूल श्याम लाल कॉलोनी बरौला सेक्टर 49 नोएडा 201304, गौतमबुद्धनगर उत्तर प्रदेश से प्रकाशित।
संपर्क 9891706853, संपादक- रमन कुमार झा, समस्त विवादों का निपटारा गौतमबुद्धनगर न्यायालय मे होगा। Website: https://samajjagran.in/ Email: vatankiawaz@gmail.com UPHIN/2021/84200

# ईवीएम-वीवीपैट वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था का जिलाधिकारी ने लिया जायजा

### मासिक निरीक्षण में सीसीटीवी, सील और सुरक्षा इंतजाम मिले दुरुस्त

संदीप गर्ग

गौतमबुद्धनगर। समाज जागरण ब्यूरोः जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित ईवीएम/वीवीपैट वेयरहाउस का मासिक निरीक्षण कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने वेयरहाउस की सुरक्षा व्यवस्था, सीसीटीवी कक्ष सहित अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं का बारीकी से अवलोकन किया।

जिलाधिकारी ने वेयरहाउस के मुख्य द्वार पर लगे ताले और सील की जांच की, जो पूरी तरह सुरक्षित पाए गए। इसके अलावा परिसर में लगाए गए सीसीटीवी कैमरों की कार्यप्रणाली भी जांची गई, जिसमें सभी कैमरे सुचारु रूप से संचालित मिले।

निरीक्षण के बाद जिलाधिकारी ने वेयरहाउस में तैनात सुरक्षा कर्मियों को निर्देश दिए कि सुरक्षा व्यवस्था को लगातार मजबूत बनाए रखें और पूरी सतर्कता एवं जिम्मेदारी के साथ अपने कर्तव्यों का पालन करें।



उन्होंने कहा कि निर्वाचन से जुड़ी सामग्री की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है, इसलिए किसी भी स्तर पर लापरवाही नहीं होनी चाहिए। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) अजीत कुमार सिंह सहित जिला निर्वाचन कार्यालय के कर्मचारी मौजूद रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# उद्यमियों की समस्याओं के समाधान को जिलाधिकारी ने दिए त्वरित कार्रवाई के निर्देश

### जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में जलभराव, बिजली, जाम और सड़क जैसे मुद्दों पर हुई चर्चा

गौतमबुद्धनगर। समाज जागरण ब्यूरोः जनपद में औद्योगिक विकास को और अधिक गति देने तथा उद्यमियों की समस्याओं का समयबद्ध एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित करने के उद्देश्य से मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बंधु समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता जिलाधिकारी ने की।

बैठक में जिलाधिकारी ने विभिन्न विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि उद्यमियों से जुड़ी समस्याओं का निस्तारण सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर किया जाए। उन्होंने कहा कि जिले में निवेश को बढ़ावा देने के लिए उद्यमियों को बेहतर और अनुकूल वातावरण उपलब्ध कराना प्रशासन की प्रमुख जिम्मेदारी है।

बैठक के दौरान उपायुक्त उद्योग पंकज निर्वाण ने जनपद के विभिन्न औद्योगिक क्षेत्रों से प्राप्त समस्याओं और लंबित मामलों की जानकारी जिलाधिकारी के समक्ष रखी। इस पर जिलाधिकारी ने निवेश मित्र पोर्टल पर लंबित सभी आवेदनों का निर्धारित समय सीमा के भीतर प्राथमिकता के साथ निस्तारण करने के निर्देश दिए, ताकि निवेशकों और उद्यमियों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

#### औद्योगिक क्षेत्रों की समस्याओं पर हुई चर्चा

बैठक में उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधियों ने औद्योगिक क्षेत्रों में जलभराव, विद्युत आपूर्ति में बाधा, यातायात जाम, खराब सड़कों, अतिक्रमण, पार्किंग की समस्या और जल निकासी व्यवस्था से संबंधित मुद्दे उठाए।

जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी समस्याओं के समाधान के लिए आपसी समन्वय के साथ प्रभावी



कार्यवाही की जाए। उन्होंने कहा कि केवल समस्याओं का अस्थायी समाधान नहीं, बल्कि स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाना चाहिए, जिससे औद्योगिक इकाइयों को लंबे समय तक सुविधा मिल सके।

#### प्राधिकरणों के साथ होगी अलग बैठक

जिलाधिकारी ने उपायुक्त उद्योग को निर्देशित किया कि प्राधिकरणों से संबंधित समस्याओं के समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों के साथ जल्द ही अलग बैठक आयोजित की जाए। उन्होंने कहा कि उद्यमियों की समस्याओं का समाधान परिणामपरक और समयबद्ध तरीके से होना चाहिए।

उन्होंने कहा कि औद्योगिक विकास तभी संभव है, जब प्रशासन और उद्योग जगत साझेदारी की भावना के साथ कार्य करें। उद्यमियों की समस्याओं का त्वरित समाधान शासन की प्राथमिकताओं में शामिल है।

#### योजनाओं का लाभ उद्यमियों तक पहुंचाने के निर्देश

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को राज्य सरकार द्वारा संचालित उद्यमी हितैषी योजनाओं का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक पात्र उद्यमी तक योजनाओं का लाभ समयबद्ध रूप से पहुंचाना सुनिश्चित किया जाए।

बैठक में उपायुक्त उद्योग पंकज निर्वाण, विभिन्न प्राधिकरणों के अधिकारी, श्रम, सिंचाई, विद्युत एवं पुलिस विभाग के अधिकारी तथा उद्यमी संगठनों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# 'संभव अभियान 6.0' के तहत आंगनवाड़ी केंद्रों पर हुआ गोद भराई कार्यक्रम

### गर्भवती महिलाओं को पोषण और सुरक्षित मातृत्व के प्रति किया गया जागरूक

गौतमबुद्धनगर। समाज जागरण ब्यूरोः बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार विभाग (आईसीडीएस) की ओर से संचालित बाल विकास परियोजना दनकौर में 'संभव अभियान 6.0' के तहत विभिन्न आंगनवाड़ी केंद्रों पर गोद भराई कार्यक्रम आयोजित किए गए। अभियान की थीम "गर्भावस्था से बाल्यावस्था तक पोषण सुरक्षा" रखी गई है।

बाल विकास परियोजना अधिकारी संध्या सोनी के निर्देशन में आयोजित इन कार्यक्रमों में प्रथम तिमाही की गर्भवती महिलाओं का पारंपरिक रीति-रिवाज के साथ गोद भराई संस्कार कराया गया।

कासना सेक्टर के दादूपुर आंगनवाड़ी केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रधान प्रेमराज सिंह और प्राथमिक विद्यालय दादूपुर के प्रधानाचार्य बलेराम नागर मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस दौरान आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों ने गर्भवती महिलाओं रीता, ओमवती, अंजू, बेबीश्यामी, ललिता और श्वेता का




गोद भराई संस्कार संपन्न कराया।

कार्यक्रम में गर्भवती महिलाओं को पोषण किट, विभागीय पोषाहार और आयरन-फॉलिक एसिड की गोलियां वितरित की गईं। महिलाओं को गर्भावस्था के दौरान संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और सुरक्षित प्रसव को लेकर जागरूक किया गया।

महिलाओं को बताया गया कि मां और शिशु के बेहतर स्वास्थ्य के लिए गर्भावस्था की शुरूआत से ही पोषण का विशेष ध्यान रखना जरूरी है। उन्हें हरी सब्जियां, पीले फल, पौष्टिक आहार लेने और नियमित रूप से आयरन-फॉलिक एसिड की गोलियां खाने की सलाह दी गई। साथ ही सुरक्षित प्रसव के लिए कम से कम चार बार एएनसी जांच कराने के लिए प्रेरित किया गया।

दनकौर परियोजना के दादूपुर, निलोनी शाहपुर, अट्टा फतेहपुर, अछेजा बुजुर्ग, बिलासपुर और सिरसा सहित अन्य क्षेत्रों के आंगनवाड़ी केंद्रों पर भी कार्यक्रम आयोजित हुए। इनका संचालन मुख्य सेविका माधुरी, ममता, प्रीति, किरण, निहारका और अनु के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रमों में आंगनवाड़ी कार्यकत्रियों, सहायिकाओं और ग्रामीणों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया। (सौजन्यः सूचना विभाग,

## अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम, छात्राओं ने मानव शृंखला बनाकर दिया संदेश

समाज जागरण

वाराणसी, संवाददाता। "सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ" अभियान के तहत वाराणसी नगर निगम की आईईसी (IEC) टीम एवं AIILSG के संयुक्त तत्वावधान में अग्रसेन कन्या इंटर कॉलेज में विशेष स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं और विद्यालय परिवार को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाना तथा स्वस्थ समाज के निर्माण में उनकी सहभागिता सुनिश्चित करना रहा।

कार्यक्रम के दौरान छात्राओं को व्यक्तिगत स्वच्छता, स्वच्छ विद्यालय परिसर, कचरे के स्रोत स्तर पर पृथक्करण तथा चार-डस्टबिन प्रणाली के महत्व की विस्तार से जानकारी दी गई। विशेषज्ञों ने बताया कि कचरे का सही प्रबंधन और नियमित स्वच्छता न केवल पर्यावरण संरक्षण में सहायक है, बल्कि अनेक संक्रामक बीमारियों की रोकथाम में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के समापन पर छात्राओं ने मानव शृंखला बनाकर स्वच्छता का संदेश दिया। साथ ही उन्होंने अपने घर, विद्यालय और आसपास के क्षेत्र को स्वच्छ रखने तथा अन्य लोगों को भी स्वच्छता के प्रति जागरूक करने का संकल्प लिया।

नगर निगम ने नागरिकों से अपील की कि स्वच्छता को केवल एक अभियान न समझें, बल्कि इसे अपनी दैनिक दिनचर्या का हिस्सा बनाएं। सामूहिक प्रयासों से ही स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर वाराणसी का निर्माण संभव है।

# संचारी रोग नियंत्रण अभियान को लेकर सीडीओ ने दिए प्रभावी निगरानी के निर्देश

### 10 अगस्त तक चलेगा अभियान, एंटी लार्वा छिड़काव और साफ-सफाई पर जोर

गौतमबुद्धनगर। समाज जागरण ब्यूरोः संचारी रोगों की रोकथाम और जनस्वास्थ्य की सुरक्षा को लेकर बुधवार को विकास भवन में मुख्य विकास अधिकारी भालचंद्र त्रिपाठी की अध्यक्षता में संचारी रोग नियंत्रण एवं दस्तक अभियान की अंतर्विभागीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने अभियान की प्रगति की जानकारी दी।

बैठक में जिला मलेरिया अधिकारी ने बताया कि शासन के निदेशों के अनुसार संचारी रोग नियंत्रण अभियान एक जुलाई से 31 जुलाई 2026 और दस्तक अभियान 11 जुलाई से 31 जुलाई 2026 तक संचालित किया जा रहा था। शासन ने अभियान की अवधि बढ़ाते हुए अब इसे 10 अगस्त 2026 तक जारी रखने के निर्देश दिए हैं।

मुख्य विकास अधिकारी ने विभागवार प्रगति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि जिन विभागों के प्रदर्शन मानक अपेक्षाकृत कम हैं, वे




तत्काल सुधारात्मक कार्रवाई सुनिश्चित करें। उन्होंने सभी संबंधित अधिकारियों को माइक्रोप्लान के अनुसार नियमित क्षेत्र भ्रमण कर अभियान की प्रभावी निगरानी करने के निर्देश दिए।

उन्होंने चिकित्सा अधिकारियों को निर्देशित किया कि आशा कार्यकताओं के माध्यम से डायरिया से पीड़ित मरीजों को समय पर ओआरएस के पैकेट और जिंक की गोलियां उपलब्ध कराई जाएं। साथ ही नोएडा, ग्रेटर नोएडा और यमुना एक्सप्रेस-वे औद्योगिक विकास प्राधिकरण, नगर निकायों को एंटी लार्वा छिड़काव और नालियों की नियमित सफाई के लिए विशेष अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। सीडीओ ने पंचायत राज विभाग को ग्रामीण क्षेत्रों में झाड़ियों की कटाई, साफ-सफाई और स्वच्छता व्यवस्था बेहतर बनाए रखने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि संचारी रोग नियंत्रण अभियान को सफल बनाने के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें और जनभागीदारी सुनिश्चित करें।

बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी, जिला मलेरिया अधिकारी, बेसिक शिक्षा अधिकारी, जिला पंचायत राज अधिकारी, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी सहित अन्य विभागों के अधिकारी एवं बाल विकास परियोजना अधिकारी उपस्थित रहे। (सौजन्यः सूचना विभाग, गौतमबुद्धनगर)

# बेटियों की पढ़ाई पर मंडराया संकट, दो शिक्षकों के हटने से 115 छात्राओं का भविष्य अधर में

### निवर्तमान ग्राम प्रधान के साथ डीएम कार्यालय पहुंचीं छात्राएं, शिक्षकों की बहाली की मांग

समाज जागरण

बागपत। छपरौली क्षेत्र के ग्राम टांडा स्थित मॉडल बालिका इंटर कॉलेज में दो शिक्षकों का संबद्धीकरण समाप्त किए जाने के विरोध में मंगलवार को निवर्तमान ग्राम प्रधान और छात्राओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मांग पत्र सौंपा।

जिले के ग्राम टांडा के निवर्तमान प्रधान नवाज़िश खान ने बताया कि वर्ष 2023 में लंबे प्रयासों के बाद टांडा में मॉडल बालिका इंटर कॉलेज का संचालन शुरू हुआ था। यह विद्यालय सीमावर्ती क्षेत्र की मुस्लिम एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के लिए शिक्षा का महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। वर्तमान में यहां लगभग 115 छात्राएं अध्ययनरत हैं।

ग्रामीणों के अनुसार जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश पर 23 जुलाई 2026 को सहायक अध्यापिका कु. ममतेश और सहायक अध्यापक राजेंद्र का संबद्धीकरण समाप्त कर उन्हें उनके मूल विद्यालय भेज दिया गया। इससे विद्यालय में अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। विद्यालय में अब केवल हिंदी, सामाजिक विज्ञान और संगीत विषय की तीन



शिक्षिकाएं ही कार्यरत हैं। छात्राओं ने कहा कि कक्षा 9 और 10 में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी अनिवार्य विषय हैं, जबकि कक्षा 11 और 12 की अधिकांश छात्राओं ने विज्ञान वर्ग चुना है। ऐसे में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के अभाव में उनकी पढ़ाई और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का भविष्य दांव पर लग गया है। ग्रामीणों और छात्राओं ने जिलाधिकारी से मांग की कि छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए दोनों शिक्षकों को पुनः मॉडल बालिका इंटर कॉलेज टांडा में संबद्ध किया जाए, ताकि बेटियों की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रह सके।

इस दौरान डीएम अस्मिता लाल ने छात्राओं और निवर्तमान ग्राम प्रधान को आवश्यकता अनुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधि, तान्या, अंजली, जैनब, मनीषा, बुशरा, वंशिका, स्वाति आदि छात्राएं मौजूद रही।

# नौकरी दिलाने के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पदार्फाश, छह आरोपी गिरफ्तार

### सेक्टर-20 पुलिस और साइबर टीम की संयुक्त कार्रवाई, मोबाइल, रसीद बुक और भर्ती फार्म बरामद

नोएडा। समाज जागरण संदीप गर्ग

युवाओं को नौकरी दिलाने का झांसा देकर रुपये ऐंठने वाले गिरोह का थाना सेक्टर-20 पुलिस और साइबर टीम नोएडा जोन ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए खुलासा किया है। पुलिस ने गिरोह के छह सदस्यों को गिरफ्तार किया है, जिनमें चार महिलाएं और दो पुरुष शामिल हैं।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों को अट्टा मार्केट, सेक्टर-27 स्थित एक बिल्डिंग से शिकायतकर्ता की सूचना पर गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान स्वेता सिंह उर्फ प्रिया, नीजू यादव, कीर्ति सिंह उर्फ मीरा, पूजा, रूपेश कुमार और आमीर राणा के रूप में हुई है।

पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से तीन मोबाइल फोन, 11 फीस बुक, चार रसीद बुक, 22 प्रचार-प्रसार पंपलेट और 20 रिक्रूट भरे हुए फार्म बरामद किए हैं।

पुलिस जांच में सामने आया है कि



आरोपी विभिन्न कंपनियों में नौकरी लगवाने का झांसा देकर युवाओं से पैसे की वसूली करते थे। इस संबंध में थाना सेक्टर-20 नोएडा में मुकदमा संख्या-308/2026 के तहत धारा 318(4) बीएनएस और 66डी आईटी एक्ट में मामला दर्ज किया गया है।

गिरफ्तार आरोपियों में स्वेता सिंह उर्फ प्रिया निवासी उन्नाव, नीजू यादव निवासी सेक्टर-22 नोएडा, कीर्ति सिंह उर्फ मीरा निवासी न्यू अशोक नगर दिल्ली, पूजा निवासी अशोक नगर दिल्ली, रूपेश कुमार निवासी चौड़ा गांव सेक्टर-22 नोएडा और आमीर राणा निवासी पिलखुवा, हापुड़ शामिल हैं।

पुलिस ने बताया कि मामले में आगे की जांच की जा रही है और आरोपियों से पूछताछ के आधार पर गिरोह से जुड़े अन्य लोगों की जानकारी जुटाई जा रही है।

# जारचा पुलिस ने दो वाहन चोरों को किया गिरफ्तार, चोरी की बाइक और अवैध चाकू बरामद

### पटाड़ी गांव में हुई मोटरसाइकिल चोरी का पुलिस ने किया खुलासा

संदीप गर्ग

नोएडा। समाज जागरण ब्यूरोः थाना जारचा पुलिस ने चेकिंग के दौरान दो शातिर वाहन चोरों को गिरफ्तार कर चोरी की मोटरसाइकिल और एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपियों ने ग्राम पटाड़ी में 22 जुलाई 2026 को मोटरसाइकिल चोरी की घटना को अंजाम दिया था। पुलिस ने बताया कि चेकिंग अभियान के दौरान ग्राम दादूपुर नहर की पटरी से दो संदिग्धों को पकड़ा गया। पूछताछ में उनकी पहचान वेद प्रकाश पुत्र संजय निवासी जैतपुर, थाना सूरजपुर, गौतमबुद्धनगर (उम्र



20 वर्ष) और धीरज पुत्र किशन निवासी परसोली, थाना नौहझील, जिला मथुरा, हाल निवासी डेल्टा-1, ग्रेटर नोएडा (उम्र 18 वर्ष) के रूप में हुई।

पुलिस के मुताबिक, आरोपियों के कब्जे से चोरी की एक स्प्लेंडर प्लस मोटरसाइकिल (बिना नंबर प्लेट) बरामद हुई, जो थाना जारचा में दर्ज मुकदमा संख्या-129/2026 धारा 303(2) बीएनएस से संबंधित है। इसके अलावा एक अवैध चाकू भी बरामद किया गया। इस मामले में थाना जारचा पर आरोपियों के खिलाफ धारा 303(2)/317(5) बीएनएस एवं 4/25 आयुध अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जा रही है। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपियों से अन्य घटनाओं के संबंध में भी पूछताछ की जा रही है।

## बंद मकानों में चोरी करने वाले दो शातिर चोर गिरफ्तार, 33.50 लाख के आभूषण बरामद

आगरा, संवाददाता। अपराध के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर कार्रवाई करते हुए आगरा पुलिस ने बंद मकानों का ताला तोड़कर चोरी करने वाले दो शातिर अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से लगभग ड्ढ33.50 लाख मूल्य के पीली एवं सफेद धातु के आभूषण तथा चोरी में प्रयुक्त एक दोपहिया वाहन भी बरामद किया है। पुलिस के अनुसार आरोपी बंद पड़े मकानों की रेकी कर उन्हें निशाना बनाते थे। ताला तोड़कर कीमती जेवरात और अन्य सामान चोरी कर फरार हो जाते थे।

# ब्रजघाट की तैयारियों में अव्यवस्था पर भड़के मेरठ मंडलायुक्त, नगर पालिका ईओ को लगाई फटकार

हापुड़, संवाददाता। कांवड़ यात्रा को लेकर प्रशासनिक तैयारियों का जायजा लेने मंगलवार को मेरठ मंडल के मंडलायुक्त भानु चंद्र गोस्वामी एवं डीआईजी ने तीर्थनगरी ब्रजघाट का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान घाटों पर साफ-सफाई, प्रकाश व्यवस्था और अन्य मूलभूत सुविधाओं में कमियां मिलने पर मंडलायुक्त ने नाराजगी जताते हुए संबंधित अधिकारियों को तत्काल व्यवस्थाएं दुरुस्त करने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक भी मौजूद रहे। घाटों पर गंदगी और अपर्याप्त प्रकाश व्यवस्था देखकर मंडलायुक्त ने नगर पालिका परिषद की अधिशासी अधिकारी (ईओ) पवित्रा त्रिपाठी को कड़ी फटकार लगाई। उन्होंने कहा, "तैयारी क्या कर रखी है आपने? यहां क्या घूमने आए हैं हम लोग? बहुत अव्यवस्थित है, लगकर काम कीजिए।"

मंडलायुक्त ने स्पष्ट निर्देश दिए कि कांवड़ यात्रा शुरू होने से पहले सभी घाटों पर साफ-सफाई, पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था, पेयजल, शौचालय तथा श्रद्धालुओं की सुविधा से जुड़ी सभी व्यवस्थाएं हर हाल में पूरी कर ली जाएं। उन्होंने कहा कि किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और अधिकारियों को पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करना होगा। निरीक्षण के दौरान पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियों को सुरक्षा व्यवस्था, यातायात प्रबंधन तथा भीड़ नियंत्रण की तैयारियों की भी समीक्षा करने के निर्देश दिए गए।

# बंद मकानों की रेकी कर चोरी करने वाला और गांजा तस्कर गिरफ्तार

### बीटा-2 पुलिस ने दबोचा शातिर आरोपी, चोरी के लाखों के आभूषण, गांजा और वारदात में प्रयुक्त बाइक बरामद

संदीप गर्ग

ग्रेटर नोएडा। समाज जागरण ब्यूरोः थाना बीटा-2 पुलिस ने बंद पड़े मकानों की रेकी कर चोरी करने वाले और अवैध गांजे की बिक्री करने वाले एक शातिर अपराधी को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से चोरी के सोने-चांदी के आभूषण, अवैध गांजा, फर्जी नंबर प्लेट लगी मोटरसाइकिल सहित चोरी में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए हैं।

पुलिस के अनुसार, थाना बीटा-2 पुलिस टीम ने 28 जुलाई 2026 को सिटी पार्क नवादा के पास से आरोपी साहिल पुत्र रज्जाक निवासी मुस्ताक नगर, थाना बन्नादेवी, जिला अलीगढ़ को गिरफ्तार किया।

पुलिस जांच में सामने आया कि आरोपी मोटरसाइकिल से घूमकर बंद पड़े मकानों की रेकी करता था और मौका पाकर ताले तोड़कर चोरी की घटनाओं को अंजाम देता था। इसके अलावा वह सोसायटियों और कॉलोनियों में घूमकर अवैध गांजे की बिक्री भी करता था। पकड़े जाने से बचने के लिए वह मोटरसाइकिल पर अलग-अलग नंबर प्लेट लगाकर



चलता था। पुलिस के मुताबिक, आरोपी ने 6 जून 2026 को अल्फा-1 बी ब्लॉक और 11 जुलाई 2026 को सिल्वर ऑक्स सोसायटी स्थित बंद मकानों में चोरी की घटनाओं को अंजाम दिया था। इस संबंध में थाना बीटा-2 में मुकदमा संख्या-258/2026 धारा 305(ए)/317(2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज है।

#### चोरी के आभूषण और गांजा बरामद

पुलिस ने आरोपी के पास से तीन सोने की चेन, दो सोने के मंगलसूत्र, एक सोने का ब्रेसलेट, दो सोने के पेंडेंट, पांच सोने की अंगूठियां, एक जोड़ी सोने के टॉप्स और दो जोड़ी चांदी की पायल बरामद की हैं।

इसके अलावा वारदात में इस्तेमाल एक मोटरसाइकिल, फर्जी नंबर प्लेट, एक प्लास, करीब दो दर्जन तालों की चाबियां, एक अन्य नंबर प्लेट और 1 किलो 100 ग्राम अवैध गांजा भी बरामद किया गया है।

#### पहले भी दर्ज हैं कई मुकदमे

पुलिस के अनुसार, गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ थाना बीटा-2, सूरजपुर, नॉलेज पार्क और मुरादाबाद के कांठ थाने में चोरी, बरामदगी, एनडीपीएस एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं।

पुलिस आरोपी से पूछताछ कर अन्य घटनाओं और उसके साथियों के बारे में जानकारी जुटा रही है।

## विद्यालयों में चला स्वच्छता जागरूकता अभियान, बच्चों ने लिया स्वच्छ वाराणसी का संकल्प

वाराणसी, संवाददाता। "सफाई अपनाओ, बीमारी भगाओ" अभियान के तहत वाराणसी नगर निगम की आईईसी (IEC) टीम एवं बेसिक्स म्युनिसिपल वेस्ट वेंचर्स द्वारा विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान विद्यार्थियों को स्वच्छता, कचरा पृथक्करण और संक्रामक बीमारियों से बचाव के प्रति जागरूक किया गया।

इन्द्रपुर, कोनिया और सिगरा वार्ड के विद्यालयों में आयोजित कार्यक्रमों में छात्रों को स्रोत स्तर पर गीले एवं सूखे कचरे के पृथक्करण, चार-डस्टबिन प्रणाली, सिंगल-यूज प्लास्टिक के दुष्प्रभाव तथा व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्वच्छता के महत्व की जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान विशेषज्ञों ने बताया कि स्वच्छ वातावरण बनाए रखने से डेंगू, मलेरिया, चिकनगुनिया, डायरिया और टायफाइड जैसी बीमारियों की रोकथाम में प्रभावी मदद मिलती है।

# विदेश में नौकरी दिलाने के नाम पर लाखों रु की ठगी मुकदमा दर्ज

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर नगीना। विदेश भेजने और नौकरी दिलाने के नाम पर एक लाख, 37 हजार रुपए की ठगी करने का मामला प्रकाश में आया है, पीड़ित अफजाल अहमद की शिकायत पर पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर तीन आरोपियों के वरुद्ध पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

स्थानीय मोहल्ला कलालान निवासी अफजाल अहमद पुत्र बुंदू खान ने पुलिस अधीक्षक बिजनौर को दिए शिकायती आरोप लगाया है कि मोहल्ला बंदूकचियांन धामपुर निवासी मौ० जावेद कुरैशी पुत्र जफर कुरैशी व जफर करैशी पुत्र नामालूम जो आपस में बाप बेटे है वे इमरान पुत्र बाबू निवासी मौहल्ला गोविन्द नगर नूरपुर तीनों विदेश भेजने का काम है, 15 सितंबर 2023 को तीनों एक राय हो कर कहा कि मैं तुम्हेरे बेटे अमजद कमाल को गेल नर्सिंग के काम में सउदी अरब भेज दूंगा उपरोक्त तीनों से पहले से ही जानकारी है, इसलिए उनकी बातों पर यकीन कर लिया और एक लाख तैतिस हजार रुपये ऑनलाईन कर दिये जिसका सबूत उसके पास है। पत्र मे यह भी कहा गया है कि पैसा अदा करने के बाद तीनों ने कोई ध्यान नहीं दिया और हर रोज कोई ना कोई बहाना बनाना शुरू कर दिया, और टाल मटोल करते हुए छः बार हवाई जहाज का टिकट भी दिया तथा दो एग्रीमेन्ट करवाये और दो बिजा भी दिये और बीमा भी करवाया और जिस दिन प्राथर्थी का बेटा विदेश जाने की तैयारी कर रहा था तभी उनका अचानक फोन आया और कहा कि आज विदेश जाना सम्भव नहीं है बाद में भेज दूंगा, जिसको सुन उश पर शक हुआ तब कागजात की जानकारी की तो तीनों आरपियों द्वारा दिये गये कागजात फर्जी निकले,उसके बाद जब भी उनसे मिला तो कोई ना कोई बाहाना बनाकर टालते चले आ रहे है अफजाल अहमद ने पुलिस अधीक्षक अभिषेक झा को दिए शिकायत पत्र में विदेश के नाम पर ठगी करने वाले जावेद कुरैशी जफर कुरेशी वह इमरान अहमद से रकम वापस दिलाने और उनके विरुद्ध सख्त कानून कावाई कर जेल भेजने की मांग की है पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस ने तीनों नामजद और उपयोग के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मुकदमा पंजीकृत कर अग्रिम कार्रवाई में जुट गई है।

# क्षेत्र से गुजरने वाले कांवडतियों को किसी प्रकार की असुविधा व परेशानी नहीं होने दी जायेगी

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर नगीना । आगामी 30 जुलाई से आरंभ होने वाली श्रावण मास की कांवड यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए पुलिस ने सभी आवश्यक तैयारियां पूर्ण कर कमर कस ली है थाना प्रभारी ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराया जायेगा तथा क्षेत्र से गुजरने वाले कांवडतियों को किसी प्रकार की असुविधा व परेशानी नहीं होने दी जायेगी।



मंगलवार को थाना कार्यालय में आयोजित प्रेस वार्ता में थाना प्रभारी विकास कुमार ने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए कांवडतियों की सुरक्षा व सुविधा सहित सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर पुलिस द्वारा व्यापक व्यवस्था की गई है ,कांवड़ यात्रा मार्गों रायपुर मार्ग स्थित पैट्रोल पंप रोड , बढ़ापुर मार्ग , हरेवली मार्ग , धामपुर मार्ग ,मौहल्ला विश्नोई सराय रोड सहित कांवडतियों के गुजरने वाले सभी कांवड़ यात्रा मार्गों पर शिव भक्त कांवडतियों की सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए जगह जगह पुलिस पिकेट तैनात रहेगी कांवड यात्रा मार्ग पर अतिक्रमण नहीं होने दिया जायेगा, कांवड़ यात्रा मार्ग पर मांस की दुकानें भी बंद रहेंगी , तथा किसी भी समस्या से निबटने के लिए पुलिस मुस्तैद रहेगी उन्होंने बताया कि ऐसी व्यवस्था की गई है कि कांवड़ यात्रा मार्गों पर शिवभक्त कांवडतियों को किसी भी तरह की असुविधा व परेशानी न हो और पुलिस उनकी मदद के लिए तुरंत पहुंच सके उन्होंने बताया कि कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने के लिए सी.ओ कार्यालय पर कंट्रोल रुम भी बनाया गया है कंट्रोल रूम के माध्यम से कांवड़ यात्रा पर नजर रखी जायेगी उन्होंने बताया कि सीसीटीवी कैमरों से भी कांवड यात्रा पर नजर रखकर कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराया जायेगा तथा कांवड़ यात्रा में किसी भी प्रकार का व्यवधान उत्पन्न करने वालों को किसी भी हालत में बख्शा नहीं जायेगा, अंत में उन्होंने मीडिया कर्मियों से कांवड़ यात्रा को सकुशल संपन्न कराने में सहयोग की अपेक्षा की।

# बारिश के चलते मकान की दीवार भरभरा कर गिरी, हादसा टला

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। बारिश के चलते मकान की दीवार भरभरा कर गिर गयी। जिसमें दीवार के नीचे घर में रखा सामान दब गया। गनिमत रही कि परिवार का कोई व्यक्ति दीवार के नीचे नहीं आया वरना बड़ा हादसा हो सकता था।



थाना क्षेत्र के गांव दयालवाला निवासी राकेश पुत्र घिस्सू सिंह के पक्के मकान की दीवार बारिश के चलते मंगलवार की सुबह भरभरा कर अंदर की ओर गिर गयी जिसमें घर में रखा कीमती सामान दीवार के नीचे दब गया। गनीगत रही कि जब मकान की दीवार गिरी तो परिवार के लोग बहार बरामदे में बैठे हुए थे । मकान के अंदर नहीं थे वरना बहुत बड़ा हादसा हो सकता था। ग्राम प्रधान लालसिंह ने बताया कि मकान की दीवार गिरने से इनका काफी नुकसान हुआ है। लेकिन गनीमत रही कि कोई बड़ा हादसा नही हुआ।

# निर्माण कार्यों में फ्लाई ऐश आधारित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के निर्देश

**समाज जागरण**
**ब्यूरो शमीम सिद्दीकी**

जनपद बिजनौर जिलाधिकारी जसजीत कौर की अध्यक्षता में कलक्ट्रेट सभागार में पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय, भारत सरकार की दिनांक 01 जनवरी 2024 की अधिसूचना के अनुपालन में जनपद बिजनौर में निर्माण कार्यों में फ्लाई ऐश आधारित उत्पादों के उपयोग को बढ़ावा देने के लिए समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

जिलाधिकारी ने समस्त कार्यदायी संस्थाओं, नगर निकायों, लोक निर्माण विभाग, जिला पंचायत राज विभाग, उत्तर प्रदेश राजकीय निर्माण निगम, नेडा तथा उत्तर प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड सहित संबंधित विभागों को निर्देशित किया कि शासन एवं भारत सरकार के प्रावधानों का शत-प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित करते हुए सभी पात्र निर्माण कार्यों में फ्लाई ऐश आधारित उत्पादों का उपयोग प्राथमिकता के आधार पर कराया जाए।

उन्होंने बताया कि अधिसूचना के अनुसार कोयला अथवा लिग्नाइट आधारित तापीय विद्युत संयंत्रों के 300 किलोमीटर के दायरे में आने वाली सभी सरकारी, अर्द्धसरकारी एवं निजी निर्माण परियोजनाओं में फ्लाई ऐश आधारित उत्पादों जैसे फ्लाई ऐश ईंट, टाइल्स, ब्लॉक, सिंटर्ड ऐश समुच्चय तथा अन्य स्वीकृत उत्पादों का उपयोग किया जाना अनिवार्य है। साथ ही संबंधित विभागों एवं स्थानीय निकायों को अपने भवन उपविधियों एवं अन्य प्रासंगिक नियमों में आवश्यक प्रावधान सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जनपद की फ्लाई ऐश आधारित उत्पाद निर्माण इकाइयों–मैसर्स मनन इंटरप्राइजेज, भागूवाला (नजीबाबाद), मैसर्स गंगा कंक्रीट (दारानगर गंज, बिजनौर) तथा मैसर्स ग्रीन ब्रिक्स (नंगल जट, बिजनौर)–से समन्वय स्थापित करते हुए निर्माण कार्यों में फ्लाई ऐश से निर्मित ईंटों एवं अन्य उत्पादों का अधिकतम उपयोग सुनिश्चित करने पर बल दिया गया।

बैठक में संबंधित विभागों के अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

# केमिस्ट एसोसिएशन ने मनाया प्रकृति संरक्षण दिवस, लिया प्रकृति को सुरक्षित-सुंदर-संपन्न बनाने का संकल्प

## प्रकृति संरक्षण ही मानवता की सच्ची सेवा" - अजय कुमार शर्मा

**समाज जागरण**

संभल। तिरंगा मार्केट में केमिस्ट एसोसिएशन द्वारा प्रकृति संरक्षण दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। कार्यक्रम में एसोसिएशन के सदस्यों ने प्रकृति को सुरक्षित, सुंदर और संपन्न बनाने का सामूहिक संकल्प लिया।



कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मोहम्मद शाहनवाज आलम ने कहा कि हमें अपने मेडिकल स्टोर से निकलने वाली एक्सपायर दवाइयों को नदी-नालों में नहीं फेंकना चाहिए। उन्होंने पॉलिथीन के उपयोग को प्रकृति के विरुद्ध आचरण बताया और इसके बहिष्कार पर जोर दिया। केमिस्ट एसोसिएशन के महामंत्री अजय कुमार शर्मा ने प्रकृति संरक्षण को मानवता की सच्ची सेवा बताया। मोहम्मद नसीम ने वृक्षारोपण को प्रकृति संरक्षण की सबसे बड़ी आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि हमें अपने घर के बड़ों की स्मृति में कम से कम एक वृक्ष अवश्य लगाना चाहिए।

इस अवसर पर केमिस्ट एसोसिएशन के सभी सदस्यों ने जल को प्रदूषित होने से बचाने और पर्यावरण की सुरक्षा प्रदान करने का सामूहिक संकल्प लिया। मोहम्मद हसनैन, बॉबी चौधरी, नवनीत, आदित्य शर्मा, गौरव कुमार, रोहित कुमार, गौतम, लोकेश कुमार, विशाल कुमार, नोमान प्रधान आदि सदस्यों ने हाथों में तिरंगा लेकर राष्ट्रीय ध्वज के नाम पर शपथ ली। शपथ में जल प्रदूषण, वायु प्रदूषण और मृदा प्रदूषण न करने, वृक्षारोपण करने तथा पॉलिथीन का उपयोग न करने का संकल्प शामिल था।

कार्यक्रम की अध्यक्षता केशव देव ने की तथा संचालन दुर्वेश सैनी ने किया।

# डॉ. भीमराव अंबेडकर प्रतिमा की पीछे की दीवार गिरी

**समाज जागरण मुस्कान खान**

जनपद बिजनौर मंडावर। क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पंचायत कुंवरपुर चतरभोज (कोहरपुर) में डॉ. भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के चारों ओर बनी दीवार का पिछला हिस्सा भरभराकर गिर गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को हुई तेज बारिश के कारण प्रतिमा के




पीछे बनी बाउंड्री दीवार ढह गई। गनीमत रही कि उस समय वहां कोई व्यक्ति मौजूद नहीं था, जिससे किसी बड़े हादसे या जान-माल की क्षति टल गई।

ग्राम प्रधान ससुर जसपाल सिंह ने बताया कि सोमवार को ग्राम समाज कल्याण विभाग के अधिकारी प्रतिमा स्थल का सर्वेक्षण करने आए थे। और अगले ही दिन मंगलवार को दीवार गिर गई।

इस घटना से स्थानीय ग्रामीणों में आक्रोश है। उन्होंने दीवार के पुनर्निर्माण के साथ-साथ पूरे परिसर को मजबूती से बनाने की मांग की है।

# सीबीएसई पूरक परीक्षा 2026 शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न

**समाज जागरण**

संभल। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) की पूरक परीक्षा-2026 जनपद संभल में पूर्णतः शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुई। सीबीएसई सिटी कोऑर्डिनेटर मनीष पंवार ने जानकारी देते हुए बताया कि जनपद में परीक्षा के लिए दो परीक्षा केंद्र बनाए गए थे–बाल विद्या मंदिर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, संभल तथा आर.आर.के. स्कूल, चन्दौसी।



उन्होंने बताया कि दोनों परीक्षा केंद्रों पर कुल 644 परीक्षार्थी पंजीकृत थे, जिनमें से 23 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। परीक्षा का संचालन सीबीएसई द्वारा निर्धारित सभी दिशा-निदेशों एवं मानकों के अनुरूप किया गया।

मनीष पंवार ने बताया कि परीक्षा की निष्पक्षता एवं पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सीबीएसई मुख्यालय, नई दिल्ली द्वारा दोनों केंद्रों पर एक-एक पर्यवेक्षक (Observer) नियुक्त किया गया था। इसके अतिरिक्त, निकटवर्ती विद्यालयों के प्रधानाचार्यों को भी पर्यवेक्षक के रूप में तैनात किया गया, जिन्होंने परीक्षा व्यवस्था का सतत निरीक्षण किया।

उन्होंने बताया कि दोनों परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण वातावरण में संपन्न हुई तथा अनुचित साधनों (Unfair Means) का कोई भी मामला सामने नहीं आया। सभी व्यवस्थाएँ सीबीएसई के दिशा-निदेशों के अनुरूप प्रभावी ढंग से संचालित की गईं।

मनीष पंवार ने परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन में सहयोग प्रदान करने के लिए पुलिस विभाग की सराहना करते हुए कहा कि सुरक्षा व्यवस्था, यातायात नियंत्रण तथा परीक्षार्थियों एवं अभिभावकों की भीड़ के प्रभावी प्रबंधन में पुलिस प्रशासन का सहयोग अत्यंत सराहनीय रहा। उन्होंने दोनों परीक्षा केंद्रों के केंद्राधीक्षकों, पर्यवेक्षकों, शिक्षकों, कर्मचारियों एवं सभी संबंधित अधिकारियों के समन्वित प्रयासों की भी प्रशंसा की, जिनके सहयोग से परीक्षा पूरी पारदर्शिता, अनुशासन और सफलता के साथ संपन्न हो सकी।

# पीसीपीएनडीटी एक्ट के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु अल्ट्रासाउंड सेंटरों की नियमित जांच सुनिश्चित की जाए : जिलाधिकारी

**समाज जागरण**

बहजोई। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में पीसीपीएनडीटी एक्ट, 1994 के अंतर्गत गठित जिला स्तरीय सलाहकार समिति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई ने पीसीपीएनडीटी एक्ट, 1994 के प्रावधानों, जिला स्तरीय सलाहकार समिति के गठन, सदस्यों के कार्यकाल एवं समिति की भूमिका के संबंध में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिला स्तरीय सलाहकार समिति में तीन चिकित्सा विशेषज्ञ, तीन प्रतिष्ठित समाजसेवी, एक विधि विशेषज्ञ तथा जिला सूचना एवं जनसंपर्क विभाग का एक अधिकारी सदस्य के रूप में शामिल रहता है।

बैठक के दौरान समिति की भूमिका, नियमित बैठकों, अल्ट्रासाउंड केंद्रों के पंजीकरण, पंजीकरण शुल्क एवं अधिनियम के प्रभावी अनुपालन पर विस्तार से चर्चा की गई। अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने अवगत कराया कि जनपद में वर्तमान में 60 पंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटर संचालित हैं। अधिनियम के उल्लंघन के मामलों में अब तक 19 कार्रवाई की गई हैं, जिनमें 12 केंद्रों के पंजीकरण निरस्त किए जा चुके हैं।

जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि जनपद की तीनों तहसीलों में संचालित सभी पंजीकृत एवं अपंजीकृत अल्ट्रासाउंड सेंटरों का सघन निरीक्षण एवं जांच अभियान चलाया जाए। उन्होंने निर्देश दिए कि जांच की विस्तृत आख्या तैयार कर आगामी बैठक में प्रस्तुत की जाए, ताकि पीसीपीएनडीटी एक्ट का प्रभावी अनुपालन सुनिश्चित किया जा सके तथा लिंग चयन जैसी अवैध गतिविधियों पर पूर्णतः अंकुश लगाया जा सके।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई, समाजसेवी ममता राजपूत, संगीता भार्गव तथा संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की समीक्षा बैठक सम्पन्न

## स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार एवं योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन के दिए निर्देश

**समाज जागरण**

बहजोई/संभल। कलक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी अंकित खण्डेलवाल की अध्यक्षता में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत जिला स्वास्थ्य समिति (शासी निकाय) की द्वितीय समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में विभिन्न एजेंडा बिंदुओं पर विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिए कि आगामी बैठकों में पूर्व बैठक की कार्यवाही भी अनिवार्य रूप से प्रस्तुत की जाए, ताकि लिए गए निर्णयों की प्रगति की प्रभावी समीक्षा की जा सके।

बैठक के दौरान गैर-संचारी रोग (एनसीडी) स्क्रीनिंग तथा आवश्यक दवाओं की उपलब्धता की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। पोषण पुनर्वास केन्द्र (एनआरसी), चन्दौसी में भर्ती सैम (SAM) एवं मैम (MAM) बच्चों की विकास खण्डवार प्रगति की समीक्षा की गई तथा उनके उपचार एवं पुनर्वास को और प्रभावी बनाने के निर्देश दिए गए।

होम बेस्ड न्यूबॉर्न केयर (एचबीएनसी) की प्रगति की समीक्षा करते हुए आशा कार्यकताओं के नियमित प्रशिक्षण पर विशेष बल दिया गया। इसके साथ ही विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई (एसएनसीयू), न्यू बॉर्न स्टेबिलाइजेशन यूनिट (एनबीएसयू), जन्म एवं मृत्यु पंजीकरण, एचपीवी टीकाकरण के अनुमानित लक्ष्य एवं उपलब्धि, लंबित टीकाकरण सत्रों की पूर्ति तथा जहाँ सत्र आयोजित नहीं हुए हैं वहाँ समुचित कार्ययोजना तैयार करने के संबंध में भी समीक्षा की गई।

बैठक में यू-विन (U-WIN) डाटा, राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक (एनक्यूएएस), आभा आईडी (ABHA ID) तथा राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम (आरबीएसके) की प्रगति की भी समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए। मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने स्वास्थ्य विभाग एवं आईसीडीएस विभाग को आपसी समन्वय के साथ 4D बिंदुओं पर प्रभावी ढंग से कार्य करने के निर्देश दिए। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री आयुष्मान भारत स्वास्थ्य अवसंरचना मिशन (PM-ABHIM) के अंतर्गत निमार्णाधीन क्रिटिकल केयर यूनिट, यूडीएसपी पोर्टल तथा आयुष्मान कार्ड निर्माण की प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. पंकज बिश्नोई सहित जनपद के समस्त संबंधित चिकित्सा अधीक्षक/एमओआईसी एवं संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विद्यालय की पूर्व छात्र परिषद इकाई के साथ हुई बैठक

**समाज जागरण**

चन्दौसी। नगर में स्थित विद्यालय राजेश कुमार सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज चंदौसी में प्रांतीय पूर्णकालिक अधिकारी पूर्व छात्र परिषद मेरठ प्रांत राजीव फोगाट का वंदना सत्र में आगमन हुआ। भाई साहब ने विद्यालय में उपस्थित सभी भैया-बहनों को पूर्व छात्र परिषद की महत्वता को समझाते हुए शीर्ष स्तर पर कार्य कर रहे पूर्व छात्रों की उपलब्धि को भी भैया बहनों के समक्ष रखा। तदुपरांत विद्यालय की पूर्व छात्र परिषद इकाई के साथ बैठक हुई। जिसमें पोर्टल पर पंजीकरण से संबंधित एवं अन्य विषयों को रखते हुए पूर्व छात्रों का मार्गदर्शन किया।




*इस अवसर पर जिला संयोजक हृदेश यादव (एडवोकेट) इकाई संयोजक प्रशांत भारद्वाज विद्यालय के प्रधानाचार्य भोपाल शास्त्री एवं पूर्व छात्र प्रभारी आचार्य शरद शर्मा उपस्थित रहे। अंत में प्रधानाचार्य जी ने सभी का आभार व्यक्त किया।

# गुरु पूर्णिमा पर बुधवार को संत रविदास जन्मस्थली पहुंचेंगे सीएम योगी, मत्था टेककर लेंगे आशीर्वाद

**समाज जागरण**

वाराणसी,28 जुलाई । संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज के 650वें जयंती वर्ष के अवसर पर भाजपा द्वारा राष्ट्रव्यापी 'श्री गुरु रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान' शुरू किया जाएगा। अभियान का भव्य शुभारंभ 29 जुलाई, बुधवार को गुरु पूर्णिमा के अवसर पर संत रविदास जी की जन्मस्थली, सीर गोवर्धनपुर वाराणसी से होगा। 29 जुलाई को दोपहर लगभग तीन बजे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरु रविदास जी की जन्मस्थली पहुंचकर मत्था टेकेंगे तथा आशीर्वाद प्राप्त करेंगे। इस अभियान के तहत संत रविदास जी की पावन जन्मभूमि की मिट्टी 131 कलशों में भरकर उत्तर प्रदेश सहित देश के विभिन्न राज्यों, संगठनात्मक जिलों, मंडलों, गांवों एवं बस्तियों तक रवाना की जाएगी। इस अवसर पर समरसता संकल्प सभा भी आयोजित होगी, जिसमें 25 हजार लोगों के शामिल होने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस आयोजन के तहत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला 20 फरवरी 2027 माघी पूर्णिमा को संत रविदास जयंती तक चलेगी। इस अवसर पर राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री एवं वाराणसी के प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष पंकज चौधरी, प्रदेश महामंत्री संगठन धर्मपाल सिंह, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य एवं ब्रजेश पाठक, राजस्थान के उपमुख्यमंत्री प्रेम चंद्र बैरवा, पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह, तथा समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण सहित अनेक वरिष्ठ जनप्रतिनिधियों एवं गणमान्य व्यक्तियों की गरिमामयी उपस्थिति प्रस्तावित है। इसके साथ ही डेरा सच्चखंड बल्लां के प्रमुख की विशेष उपस्थिति रहेगी। इस कार्यक्रम में देशभर से आए अनेक प्रमुख संत शामिल होंगे। संत-महात्माओं एवं प्रबुद्धजनों की उपस्थिति में पावन मिट्टी से भरे कलशों का पूजन कर उन्हें विभिन्न राज्यों के प्रतिनिधियों को सौंपा जाएगा। संत रविदास जी की पावन जन्मभूमि की मिट्टी 131 कलशों में भरकर उत्तर प्रदेश के 98 संगठनात्मक जिलों तथा देश के 27 राज्यों एवं छह जोनों के लिए रवाना की जाएगी। इन कलशों का पूजन कर संत रविदास के सामाजिक समरसता, समानता एवं मानवता के संदेश को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

अभियान के तहत 'गुरु रविदास महाराज समरसता दीप अभियान' भी चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत श्री रविदास घाट एवं पार्क में 11,000 दीप तथा श्री रविदास स्मारक स्थल पर भी दीप प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। 29 जुलाई को देशभर के संत श्री गुरु रविदास महाराज के मंदिरों के साथ ही भाजपा के सभी मंडल स्तर पर भी दीपोत्सव कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

# भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने प्रशासन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पर किया धरना प्रदर्शन

**समाज जागरण**

सम्भल/बहजोई। भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने प्रशासन पर वादा खिलाफी का आरोप लगाते हुए जिला अधिकारी कार्यालय पर अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन शुरू करा दिया प्रदेश अध्यक्ष पश्चिमी उत्तर प्रदेश विजेन्द्र सिंह यादव ने बताए कि इक्कीस जुलाई के धरना प्रदर्शन में अपरजिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह अपर पुलिस अधीक्षक मनोज कुमार रावत से वार्ता के दौरान सत्ताईस जुलाई जिलाधिकारी की अध्यक्षता में किसानों की समस्याओं से संबंधित अधिकारियों से वार्ता कराने का निर्णय हुआ था सत्ताईस जुलाई की अठाईस जुलाई हो गई सभी भाकियू पदाधिकारी तय समय जिला मुख्यालय पहुंच गए पर अपर जिलाधिकारी सत्यप्रिय सिंह अन्य अधिकारियों ने किसानों की अनदेखी की जिससे नाराज भाकियू कार्यकर्ता पदाधिकारी जिला अधिकारी के कार्यालय धरने पर बैठ गए जिलाधिकारी अंकित कुमार खंडेवाल किसानों की अनदेखी कर निकल गए जिससे किसानों में आक्रोश फैल गया और नारेवाजी करने लगे अधिकारियों



के खिलाफ नारेवाजी की और उन्तीस जुलाई को महापंचायत बुलाने की घोषणा की और रोड जाम और रेल लाइन रोको आंदोलन की घोषणा की इसके बाद प्रशासन खलबली मच गई और तमाम भारी बर्षा के बाद भी किसानो की संख्या बढ़ने लगी जिससे प्रशासनिक अधिकारियों खलबली मच भाकियू कार्यकताओं पदाधिकारियों को मनाने लगे गए और जिलाधिकारी अंकित कुमार खंडेवाल भी वापस किसानों से वार्ता करने को आ गए वामुश्किल भाकियू कार्यकताओं पदाधिकारियों ने जिला अधिकारी से वार्ता को तैयार हुए सभागार में जिलाधिकारी जी की अध्यक्षता संबंधित अधिकारियों से वार्ता शुरू हुई वार्ता सकारात्मक हुई कई मांगें पर सहमति बनी प्रमुख मुद्दा डीएपी यूरिया खाद का लेकर सहमति बनी छोटे किसानों आधार कार्ड से दो कट्टे खाद किसानों को मिलेगी

जिनकी फार्मा रजिस्ट्री नहीं हुई है उन किसानों को खसरा खतौनी से जितनी जमीन है उसके हिसाब से खाद मिलेगी हेपिटाइटिस सी गुन्नौर सीएचसी जुनवाई पर भी उपलब्ध रहेगी यारा वीरा फर्टिलाइजर पर यारा वीरा फर्टिलाइजर की केंद्र खोलने पर खोलने को वहां के अधिकारियों से वार्ता कर केंद्र खोला जाएगा धनारी हिरौनी कैला देवी पवांसा बिजली घरों की क्षमता वृद्धि की जाएगी चकबंदी की समस्याओं को लेकर सोमवार को वार्ता कर समाधान कराया जाएगा वार्ता से किसान संतुष्ट हो गए जिलाधिकारी अंकित कुमार खंडेवाल जी ने किसानों को आश्वस्त किया किसानों खुले है कभी भी वर्किंग डे में आकर किसान भाई अपनी समस्याओं को लेकर आ सकते हैं किसानों के मान सम्मान से कोई समझौता नहीं होगा इस अवसर पर मानपाल सिंह यादव जिलाध्यक्ष संभल उदयवीर सिंह यादव रामवीर जी यादव मुकेश यादव अमर सिंह राजपूत चंद्रपाल सिंह डॉ पुरेन्द्र सिंह राजपाल सिंह यादव नीरज प्रधान महेश यादव राजेश मौर्य अंकित ठाकुर मोहित ठाकुर शिवनारायण सिंह यादव मुनेंद्र सिंह यादव संजीव यादव महावीर सिंह यादव प्रताप सिंह यादव मोहित ठाकुर मोहम्मद जैद भूदेव सिंह अंशुल यादव जबर सिंह यादव, कल्याण सिंह यादव प्रधान आदि रहे

अपने व्यापार का करें प्रचार प्रसार
दैनिक समाज जागरण मे खबर और विज्ञापन देने के लिए संपर्क करें।
न्यूज पोर्टल पर चलवाये मात्र 200 रुपये रोज मे।

# बारिश के बाद जलभराव पर नोएडा प्राधिकरण का बड़ा एक्शन

## सीईओ ने संभाली कमान, शहरभर में अधिकारियों का निरीक्षण; लापरवाही पर जेई और सुपरवाइजर की सेवा समाप्त, दो प्रबंधकों को प्रतिकूल प्रविष्टि

संदीप गर्ग

नोएडा। समाज जागरण ब्यूरोः मंगलवार को हुई तेज बारिश के बाद नोएडा में जलभराव की स्थिति को लेकर नोएडा प्राधिकरण ने सख्त रुख अपनाया है। शहर में जलनिकासी व्यवस्था को बेहतर बनाने और बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में त्वरित राहत पहुंचाने के लिए प्राधिकरण के वरिष्ठ अधिकारी पूरे दिन फील्ड में सक्रिय रहे। वहीं, ग्राम बरौला में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या और कार्यों में लापरवाही मिलने पर मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) श्री कृष्णा करुणेश ने जिम्मेदार अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की है।

सीईओ के निर्देश पर नोएडा प्राधिकरण की विभिन्न टीमों ने शहर के जलभराव संभावित क्षेत्रों का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने मौके पर पहुंचकर जलनिकासी व्यवस्था, सड़कों की स्थिति और नागरिक सुविधाओं का जायजा लिया। इस दौरान संबंधित विभागों द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

निरीक्षण में श्री एसपी सिंह, श्री आरपी सिंह, श्री एके अरोड़ा सहित सिविल और जल विभाग के वरिष्ठ अधिकारी शामिल रहे। अधिकारियों ने मौके पर मौजूद टीमों को निर्देश दिए कि जलनिकासी कार्यों में तेजी



लाई जाए, प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएं और नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए तत्काल प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।

अधिकारियों ने संवेदनशील क्षेत्रों में लगातार निगरानी बनाए रखने और आवश्यकता पड़ने पर तत्काल कदम उठाने के निर्देश दिए। प्राधिकरण की टीमें जलभराव वाले स्थानों पर सक्रिय रहीं और पानी निकासी की व्यवस्था को सुचारु करने में जुटी रहीं।

### फील्ड में डटे रहे अधिकारी और कर्मचारी

बारिश के दौरान नोएडा प्राधिकरण के अधिकारी और कर्मचारी लगातार फील्ड में नजर आए। संबंधित वर्क सर्किल की टीमों ने अपने-अपने क्षेत्रों में जलभराव की स्थिति पर नजर रखी। जहां भी पानी जमा हुआ, वहां जलनिकासी के लिए आवश्यक कदम उठाए गए।

प्राधिकरण ने जलनिकासी व्यवस्था, ड्रेनेज सिस्टम, नालियों और अन्य संवेदनशील स्थानों पर विशेष ध्यान दिया। अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि बारिश के दौरान नागरिकों को किसी प्रकार की परेशानी न हो और शिकायत मिलने पर तत्काल कार्रवाई की जाए।

### बरौला जलभराव मामले में बड़ी कार्रवाई

ग्राम बरौला में लंबे समय से चली आ रही जलभराव की समस्या और मंगलवार को हुई बारिश के बाद उत्पन्न स्थिति को




गंभीरता से लेते हुए सीईओ श्री कृष्णा करुणेश ने कड़ा रुख अपनाया।

जलनिकासी व्यवस्था में लापरवाही और कार्यों में शिथिलता पाए जाने पर जूनियर इंजीनियर (जेई) पार्थ राठौड़ और सुपरवाइजर मांगेराम की सेवाएं तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दी गई हैं।

वहीं, जलभराव की स्थिति पर प्रभावी नियंत्रण नहीं रख पाने के कारण सिविल विभाग के प्रबंधक करण सिंह त्यागी और जल/सीवर विभाग के प्रबंधक रमेन्द्र को प्रतिकूल प्रविष्टि (Adverse Entry) दी गई है।

### सभी वर्क सर्किल को सख्त चेतावनी

सीईओ श्री कृष्णा करुणेश ने स्पष्ट किया कि जनसमस्याओं के समाधान में किसी भी



स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने प्राधिकरण के सभी वर्क सर्किल के अधिकारियों और कर्मचारियों को चेतावनी देते हुए कहा कि जलभराव जैसी मूलभूत समस्याओं का समय पर समाधान सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने कहा कि यदि भविष्य में किसी क्षेत्र में जलभराव या अन्य नागरिक समस्याओं के समाधान में लापरवाही सामने आई तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ इससे भी कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

### जलभराव का स्थायी समाधान प्राथमिकता

नोएडा प्राधिकरण प्रशासन का कहना है कि केवल अस्थायी राहत नहीं, बल्कि जलभराव की समस्या का स्थायी समाधान सुनिश्चित किया जाएगा। इसके लिए जलनिकासी व्यवस्था को मजबूत करने, संवेदनशील क्षेत्रों की लगातार निगरानी करने और विकास कार्यों की गुणवत्ता बनाए रखने पर विशेष जोर दिया जा रहा है।

प्राधिकरण का मुख्य उद्देश्य बारिश के दौरान शहरवासियों को राहत देना और बेहतर नागरिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। (समाज जागरण, नोएडा)

## बाराबंकी-लखनऊ संयुक्त कार्रवाई: 1.065 किलोग्राम हेरोइन के साथ दो तस्कर गिरफ्तार

लखनऊ/बाराबंकी, संवाददाता। मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान



के तहत एएनटीएफ थाना बाराबंकी एवं लखनऊ पुलिस के संयुक्त ऑपरेशन में दो मादक पदार्थ तस्करों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उनके कब्जे से 1.065 किलोग्राम अवैध हेरोइन, दो मोबाइल फोन तथा एक चारपहिया वाहन बरामद किया है।

पुलिस जांच में सामने आया कि दोनों आरोपी आपस में रुपये मिलाकर बाराबंकी के हैदरगढ़ निवासी एक व्यक्ति से कम कीमत पर अवैध हेरोइन खरीदते थे। इसके बाद वे ग्राहकों को अधिक दाम पर बेचकर अवैध लाभ कमाते थे।

संयुक्त टीम ने सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। बरामद हेरोइन, मोबाइल फोन और वाहन को कब्जे में लेकर आरोपियों के विरुद्ध संबंधित धाराओं में मामला दर्ज किया गया है।

पुलिस अब यह पता लगाने में जुटी है कि तस्करी के इस नेटवर्क में और कौन-कौन लोग शामिल हैं तथा अवैध हेरोइन की आपूर्ति कहां से की जा रही थी। अधिकारियों ने कहा कि प्रदेश में मादक पदार्थों की तस्करी के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और ऐसे अपराधों में संलिप्त किसी भी व्यक्ति को बख्शा नहीं जाएगा।

# विद्युत चोरी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई, 9 स्थानों पर बिजली कनेक्शन काटे गए

## चोरी पकड़े जाने पर 6 मामलों में एफआईआर की तैयारी, 3 बड़े बकायेदारों के कनेक्शन किए गए विच्छेदित

संदीप गर्ग

नोएडा। समाज जागरण ब्यूरोः गौतमबुद्धनगर में विद्युत चोरी और राजस्व हानि रोकने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत विद्युत विभाग की प्रवर्तन टीमों ने बड़ी कार्रवाई की है। मुख्य अभियंता (विद्युत), नोएडा क्षेत्र के निर्देश पर चलाए गए अभियान में कुल 9 स्थानों पर कार्रवाई करते हुए विद्युत चोरी पकड़ी गई और बकायेदारों के कनेक्शन काटे गए।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (यूपीपीसीएल) की ओर से हाई लॉस क्षेत्रों में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत प्रवर्तन दलों ने विभिन्न क्षेत्रों में चेकिंग अभियान चलाया।


### महादेव एंक्लेव में चार जगह पकड़ी गई बिजली चोरी

प्रवर्तन दल द्वितीय ने 33/11 केवी उपकेंद्र बिषनौली




से जुड़े महादेव एंक्लेव, अच्छेजा क्षेत्र में चेकिंग की। इस दौरान चार परिसरों में विद्युत चोरी पकड़ी गई।

इनमें अरविंद कुमार के परिसर में 1664 वाट,




विशाल के यहां 2429 वाट, युनेंद्र शर्मा के यहां 2553 वाट और सपना के परिसर में 2074 वाट की विद्युत चोरी पाई गई। सभी मामलों में भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 की धारा-135 के तहत एंटी पावर थेफ्ट थाना सेक्टर-63, नोएडा में एफआईआर दर्ज कराने की कार्रवाई की जा रही है।

### ग्राम कलाकुरी में दो मामलों में कार्रवाई

अवर अभियंता रेड पुष्पराज के नेतृत्व में ग्राम कलाकुरी में अभियान चलाया गया। यहां वीरेंद्र और सुभाष के परिसरों में 2000-2000 वाट की विद्युत चोरी पकड़ी गई। दोनों मामलों में एंटी पावर थेफ्ट थाना बुलंदशहर में मुकदमा दर्ज कराया जा रहा है।

### लाखों के बकायेदारों के कनेक्शन काटे

प्रवर्तन दल प्रथम और अवर अभियंता रेड पवन कुमार की टीम ने 10 लाख रुपये से अधिक के बकायेदारों के परिसरों की जांच की। जांच में तीन स्थानों पर बिना भुगतान विद्युत आपूर्ति चलती मिली। इनमें पवन कुमार (राधिका होम्स, सावरी) पर 16.40 लाख रुपये, विपिन यादव (चिपियाना खुर्द, तिगड़ी) पर 13.05 लाख रुपये और अंकित यादव (ओल्ड हैबतपुर) पर 11.92 लाख रुपये का विद्युत बिल बकाया पाया गया।

तीनों परिसरों का विद्युत विच्छेदन कर दिया गया है। विभाग ने चेतावनी दी है कि बिना भुगतान दोबारा बिजली चलती पाए जाने पर भारतीय विद्युत अधिनियम-2003 की धारा-138 के तहत कार्रवाई की जाएगी।

विद्युत विभाग ने बताया कि बिजली चोरी रोकने और लाइन लॉस कम करने के लिए हाई लॉस क्षेत्रों में इस तरह के अभियान लगातार जारी रहेंगे। विभाग ने नागरिकों से अपील की है कि वैध कनेक्शन के माध्यम से ही बिजली का उपयोग करें और विद्युत व्यवस्था को बेहतर बनाने में सहयोग करें।

## टीजीटी भर्ती के 624 चयनित अभ्यर्थियों का जनपद आवंटन जारी

### 16 विषयों के अभ्यर्थी यूपी शिक्षा सेवा चयन आयोग की वेबसाइट पर देख सकेंगे आवंटन

संदीप गर्ग

लखनऊ। समाज जागरण ब्यूरोः उत्तर प्रदेश शिक्षा सेवा चयन आयोग ने प्रशिक्षित स्नातक शिक्षक (टीजीटी) भर्ती विज्ञापन संख्या-02/2022 के तहत चयनित 624 अभ्यर्थियों का जनपद आवंटन जारी कर दिया है। चयनित अभ्यर्थी आयोग की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर अपना आवंटन देख सकते हैं।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि जनपद आवंटन की प्रक्रिया नियमावली 1998 के नियम 12(10) के तहत पूरी की गई है। उन्होंने बताया कि भर्ती प्रक्रिया को पारदर्शी, निष्पक्ष और समयबद्ध तरीके से पूरा करने के लिए आयोग लगातार कार्य कर रहा है।

उन्होंने बताया कि टीजीटी भर्ती के अंतर्गत 16 विषयों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 9 और 10 मई 2026 को किया गया था। लिखित परीक्षा का परिणाम 2 जून को जारी किया गया, जिसके बाद सफल अभ्यर्थियों का साक्षात्कार 15 से 27 जून तक आयोजित किया गया। इसके बाद 7 जुलाई को नियमावली 1998 के नियम 12(8) के तहत अंतिम चयन परिणाम घोषित किया गया था।

जिन विषयों के चयनित अभ्यर्थियों का जनपद आवंटन जारी किया गया है, उनमें भौतिक विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास, शिक्षा शास्त्र, अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य, समाजशास्त्र, नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत, रसायन विज्ञान, भूगोल, हिंदी और कला शामिल हैं।

आयोग अध्यक्ष ने बताया कि चयनित अभ्यर्थी अपना जनपद आवंटन आयोग की वेबसाइट www.upessc.up.gov.in पर जाकर देख सकते हैं। (समाज जागरण, लखनऊ)

# गुरुकुल व्यवस्था अनुशासन और राष्ट्रधर्म की आधारशिला : प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री

## टीएमयू के राष्ट्रीय ऑनलाइन कॉन्क्लेव में भारतीय ज्ञान परम्परा और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर मंथन

मुरादाबाद। समाज जागरण ब्यूरोः तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी (टीएमयू) के भारतीय ज्ञान परम्परा (आईकेएस) केंद्र के तत्वावधान में आयोजित 15वें राष्ट्रीय ऑनलाइन कॉन्क्लेव में भारतीय शिक्षा परंपरा, गुरुकुल व्यवस्था और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के विभिन्न आयामों पर विशेषज्ञों ने अपने विचार साझा किए। कॉन्क्लेव की थीम "द्वापर युग : ज्ञान का संस्थानीकरण और राजकीय विद्यापीठों की परंपरा" रही।

TEERTHANKER MAHAVEER UNIVERSITY
Moradabad
Accredited with NAAC A Grade
12-B Status from UGC





मुख्य अतिथि उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार के कुलपति प्रो. दिनेश चन्द्र शास्त्री ने कहा कि द्वापर युग में गुरुकुल व्यवस्था केवल शिक्षा का माध्यम नहीं थी, बल्कि चरित्र निर्माण, नैतिकता, अनुशासन और राष्ट्रधर्म की आधारशिला थी। उन्होंने महर्षि वेदव्यास, गुरु द्रोणाचार्य, कृपाचार्य और महर्षि संदीपनी की शिक्षण परम्परा का उल्लेख करते हुए कहा कि उस समय योग्य विद्यार्थियों के लिए शिक्षा समान रूप से उपलब्ध थी। उन्होंने राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के माध्यम से भारतीय ज्ञान परम्परा के पुनर्स्थापन की आवश्यकता पर भी बल दिया।

सेवाशक्ति हेल्थकेयर, मुंबई की संस्थापक एवं मुख्य कार्यकारी अधिकारी डॉ. स्वाति राणे ने कहा कि वर्तमान शिक्षा व्यवस्था को केवल रोजगारोन्मुखी नहीं, बल्कि मूल्यपरक, बहुविषयक, अनुभवात्मक और चरित्र निर्माण आधारित बनाया जाना चाहिए। उन्होंने गुरु-शिष्य परम्परा, समग्र विकास, नैतिक नेतृत्व, अनुभवात्मक अधिगम और सामाजिक उत्तरदायित्व को आधुनिक विश्वविद्यालयों के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया।

टीएमयू के एसोसिएट डीन (अकादमिक) डॉ. अमित कंसल ने विश्वविद्यालय की शैक्षणिक उपलब्धियों और भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र की गतिविधियों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह केंद्र राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भारतीय ज्ञान प्रणाली के संरक्षण, संवर्धन और वैश्विक प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है।

कॉलेज ऑफ फिजियोथेरेपी की प्राचार्या प्रो. शिवानी एम. कौल ने धन्यवाद ज्ञापन देते हुए कहा कि यह कॉन्क्लेव भारतीय शिक्षा की गौरवशाली परम्परा, गुरु-शिष्य संबंध और नैतिक मूल्यों को समकालीन शिक्षा से जोड़ने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

भारतीय ज्ञान परम्परा केंद्र की समन्वयक डॉ. अलका अग्रवाल ने स्वागत भाषण में कहा कि द्वापर युग भारतीय शिक्षा के संस्थागत विकास का महत्वपूर्ण काल था और भारतीय ज्ञान प्रणाली के मूल सिद्धांत आज भी आधुनिक शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने की क्षमता रखते हैं।

कॉन्क्लेव में देश के विभिन्न राज्यों से शिक्षाविदों, शोधार्थियों, संकाय सदस्यों और विद्यार्थियों ने ऑनलाइन सहभागिता करते हुए भारतीय ज्ञान परम्परा, गुरुकुल शिक्षा, राजकीय शिक्षण संस्थानों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 पर सार्थक विचार-विमर्श किया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. माधव शर्मा ने किया तथा समापन राष्ट्रगान के साथ हुआ।

# विश्व हिंदू कल्याण परिषद् के मंडलीय कार्यालय का भव्य उद्घाटन

## राष्ट्रीय संयोजक करुणेश पांडेय बोले— संगठन विस्तार और समाज सेवा को मिलेगी नई गति

वाराणसी। समाज जागरण ब्यूरोः विश्व हिंदू कल्याण परिषद् के नवनिर्मित मंडलीय कार्यालय का भव्य उद्घाटन सोमवार को वैदिक मंत्रोच्चार और विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। परिषद् के राष्ट्रीय संयोजक करुणेश पांडेय ने फीता काटकर कार्यालय का उद्घाटन किया और इसे संगठन के विस्तार की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया।

उद्घाटन समारोह को संबोधित करते हुए करुणेश पांडेय ने कहा कि मंडलीय कार्यालय संगठन की गतिविधियों को नई गति और मजबूती प्रदान करेगा। उन्होंने बताया कि विश्व हिंदू कल्याण परिषद् वर्तमान में 9 देशों और भारत के 23 राज्यों में समाज सेवा, राष्ट्रहित, सांस्कृतिक जागरण तथा हिंदू समाज के संगठन के लिए निरंतर कार्य कर रही है। उन्होंने विश्वास जताया कि



नया कार्यालय संगठन के विस्तार का प्रमुख केंद्र बनेगा और समाज के विभिन्न वर्गों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि परिषद् का उद्देश्य हिंदू समाज को संगठित करना, सामाजिक समरसता को बढ़ावा देना तथा राष्ट्रहित के कार्यों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने युवाओं और समाज के सभी वर्गों से संगठन से जुड़कर राष्ट्र निर्माण और समाज सेवा में सक्रिय भागीदारी निभाने का आह्वान किया। कार्यक्रम में संगठन के पदाधिकारियों एवं कार्यकताओं ने राष्ट्रीय संयोजक करुणेश पांडेय का अंगवस्त्र और स्मृति-चिह्न भेंट कर स्वागत एवं सम्मान किया।


कार्यक्रम संयोजक एवं राष्ट्रीय सह सदस्यता प्रभारी संदीप जायसवाल ने अतिथियों का स्वागत करते हुए कार्यक्रम की रूपरेखा प्रस्तुत की और उपस्थित लोगों को राष्ट्रहित एवं समाज सेवा का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर वाराणसी जिला प्रभारी आशुतोष जायसवाल, महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष शुभ्रा मिश्रा, भदोही जिलाध्यक्ष प्रवीण राय, महराजगंज जिलाध्यक्ष रामनरेश जायसवाल, वाराणसी जिला उपाध्यक्ष परमानंद गुप्ता, सुदीप बनर्जी, आशीष अग्रहरि, सुखदेव राय, आलोक रंजन, जिला महामंत्री शैलेश सिंह, जिला प्रभारी रचना सिंह, प्रतिभा सिंह, चांदनी पुण्डीर, भदोही जिला उपाध्यक्ष वकीलचंद्र यादव सहित बड़ी संख्या में संगठन के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। (समाज जागरण, वाराणसी)

# महामृत्युंजय मंत्र की व्याख्या पर ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित

## वेदों की रक्षा का संकल्प लेने का आह्वान, पूरा मंत्र जपने पर दिया जोर

गाजियाबाद। समाज जागरण ब्यूरोः केंद्रीय आर्य युवक परिषद् के तत्वावधान में मंगलवार को यजुर्वेद के महामृत्युंजय मंत्र 'त्र्यंबक' की व्याख्या पर ऑनलाइन गोष्ठी आयोजित की गई। कोरोना काल से शुरू हुई यह परिषद् की 796वीं वेबीनार श्रृंखला रही।

मुख्य वक्ता वैदिक विद्वान आचार्य हरिओम शास्त्री ने यजुर्वेद के तृतीय अध्याय के 60वें मंत्र की विस्तृत व्याख्या करते हुए कहा कि महामृत्युंजय मंत्र में भक्त और नवविवाहिता युवती ईश्वर से जीवन को सुगंधित, पुष्ट एवं मंगलमय बनाने की प्रार्थना करते हैं। उन्होंने कहा कि जैसे पका हुआ फल अपनी डाली से सहज ही अलग हो जाता है, उसी प्रकार मनुष्य को मृत्यु और सांसारिक बंधनों से मुक्ति की कामना करनी चाहिए।



उन्होंने कहा कि वर्तमान में कई लोग इस मंत्र का केवल आधा भाग ही बोलते हैं, जबकि यह वेदों और महर्षि दयानंद सरस्वती के सिद्धांतों के अनुरूप नहीं है। उन्होंने सभी से संपूर्ण महामृत्युंजय मंत्र का उच्चारण और जप करने का आग्रह करते हुए वेदों की रक्षा एवं वैदिक परंपरा के संरक्षण का संकल्प लेने का आह्वान किया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि ओम प्रकाश यजुर्वेदी तथा अध्यक्ष कुसुम भंडारी ने भी वैदिक ज्ञान और भारतीय संस्कृति के संरक्षण पर अपने विचार व्यक्त किए।

परिषद् के अध्यक्ष अनिल आर्य ने कार्यक्रम का संचालन किया, जबकि प्रदेश अध्यक्ष प्रवीण आर्य ने सभी प्रतिभागियों का आभार व्यक्त किया।

वेबीनार के दौरान पिंकी आर्या, मृदुल अग्रवाल, कमला हंस, संतोष धर, रविन्द्र गुप्ता और नरेश बत्रा ने भजनों की मधुर प्रस्तुतियां देकर कार्यक्रम को भक्तिमय बना दिया। (समाज जागरण, गाजियाबाद)

## दिव्यांग कांवड़िया मोहित गुर्जर का संदेश: पुलिस-प्रशासन का सहयोग करें, सुरक्षित और अनुशासित बनाएं कांवड़ यात्रा

समाज जागरण

गौतमबुद्ध नगर। कांवड़ यात्रा के दौरान पुलिस-प्रशासन के प्रति सहयोग और जनजागरूकता का सकारात्मक संदेश समाज तक पहुंचाने के उद्देश्य से दिव्यांग कांवड़िया मोहित गुर्जर ने एक विशेष वीडियो संदेश जारी किया है।

अपने संदेश में उन्होंने सभी कांवड़ यात्रियों एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि यात्रा के दौरान पुलिस-प्रशासन का पूरा सहयोग करें, यातायात नियमों का पालन करें तथा अनुशासन, संयम और आपसी सौहार्द बनाए रखें। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से ही कांवड़ यात्रा सुरक्षित, शांतिपूर्ण और सफल बन सकती है।



इस जनजागरूकता अभियान में भोला मोहित गुर्जर, केडी हिंदू, तरुण तंवर, विशाल, मुकुल, जितेंद्र, कपिल, अंशु, गौरव, सौरव, सुमित, कन्हैया, सोनू एवं जोगिंदर ने भी अपना सहयोग दिया है। सभी ने श्रद्धालुओं से प्रशासन के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए सुरक्षित यात्रा करने की अपील की।

# जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र के लिए भटक रहे लोग, नगर निगम की नई व्यवस्था से बढ़ी परेशानी

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**




फिरोजाबाद। नगर निगम के जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र अनुभाग में पूरे स्टाफ के एक साथ स्थानांतरण के बाद प्रमाण पत्र बनवाने आए लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। नए कर्मचारियों के कार्यभार संभालने के बाद व्यवस्था पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट सकी है, जिससे रोजाना दर्जनों आवेदकों को निराश होकर लौटना पड़ रहा है।

लोगों का कहना है कि नए कर्मचारियों को अभी फाइलों और कार्यप्रणाली की पूरी जानकारी नहीं है। ऐसे में जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया प्रभावित हो गई है। सुबह से शाम तक नगर निगम के चक्कर लगाने के बावजूद अधिकांश लोगों को सिर्फ यही जवाब मिलता है कि नया स्टाफ होने के कारण कार्य में समय लगेगा।

जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र बच्चों के स्कूल प्रवेश, पासपोर्ट, सरकारी योजनाओं और अन्य महत्वपूर्ण कार्यों के लिए अनिवार्य दस्तावेज है। ऐसे में प्रमाण पत्र समय पर न मिलने से आम नागरिकों की मुश्किलें लगातार बढ़ रही हैं।

शहरवासियों ने सवाल उठाया है कि यदि प्रशासनिक कारणों से स्टाफ का स्थानांतरण किया गया है तो नई व्यवस्था लागू करने से पहले वैकल्पिक व्यवस्था क्यों नहीं की गई। साथ ही, यदि विभागीय स्तर पर किसी प्रकार की अनियमितता हुई थी तो संबंधित अधिकारियों की जवाबदेही भी तय की जानी चाहिए। नागरिकों ने नगर आयुक्त से जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र अनुभाग की व्यवस्था को जल्द सुचारु कराने, लंबित आवेदनों का समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने तथा आम जनता को अनावश्यक परेशानियों से राहत दिलाने की मांग की है।

# घर से नाराज होकर ट्रेन में बैठा 12 वर्षीय बालक, जीआरपी टूंडला ने परिजनों से मिलाया।

**समाज जागरण**




फिरोजाबाद। घर से नाराज होकर ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस की पेंट्रीकार में बैठकर निकल गए 12 वर्षीय बालक को जीआरपी टूंडला ने ऑपरेशन मुस्कान के तहत सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया। बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने जीआरपी टीम का आभार जताया।

मंगलवार को जीआरपी टूंडला को सूचना मिली कि ओखा-गोरखपुर एक्सप्रेस की पेंट्रीकार में एक नाबालिग बालक अकेला बैठा है, जो घर से नाराज होकर ट्रेन में सवार हो गया है। सूचना पर प्रभारी निरीक्षक विश्वनाथ मिश्र के नेतृत्व में पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर बालक को सुरक्षित उतारा और थाने ले आई।

पूछताछ में बालक ने अपना नाम-पता बताते हुए कहा कि वह घर से नाराज होकर चला आया था। पुलिस ने उसे भोजन सहित आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराईं और तत्काल परिजनों से संपर्क किया। सूचना मिलने पर उसके दोनों चाचा जीआरपी थाना पहुंचे। पहचान की पुष्टि और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया पूरी करने के बाद बालक को सकुशल उनके सुपुर्द कर दिया गया।

बच्चे के सुरक्षित मिलने पर परिजनों ने जीआरपी टूंडला पुलिस की तत्परता और संवेदनशील कार्यशैली की सराहना करते हुए पूरी टीम का आभार व्यक्त किया।

# एडवोकेट संदीप कुमार योगी के न्यू चेम्बर का फीता काटकर पूर्व संयुक्त मंत्री सुशील रावत ने किया उद्घाटन

**विवेक कुमार**
**समाज जागरण संवाददाता**



मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज तहसील परिसर में आज दिनांक 28/07/2026, सोमवार को वरिष्ठ एडवोकेट संदीप कुमार योगी के नए अधिवक्ता चेम्बर का विधिवत उद्घाटन हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत पूजा-पाठ के साथ हुई। इसके बाद बारएसोसिएशन के अधिवक्ता एडवोकेट सुशील रावत ने फीता काटकर चेम्बर का उद्घाटन किया।इस शुभ अवसर पर बार एसोसिएशन के पूर्व उपध्यक्ष एडवोकेट नरेन्द्र राजपूत, एडवोकेट राजनारायण वर्मा, सुजीत रावत ज्ञानी रावत एडवोकेट विवेक कुमार,सहित बड़ी संख्या में अधिवक्ता साथी एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे। सभी ने एडवोकेट संदीप कुमार योगी जी को नई शुरूआत के लिए बधाई एवं उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं।

# अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही पुलिस

**समाज जागरण संवाददाता**

मोहनलालगंज कोतवाली क्षेत्र के रायबरेली हाईवे स्थित कनकहा कट के पास मंगलवार दोपहर एक अज्ञात कार की टक्कर से बाइक सवार युवक गम्भीर रूप से घायल हो गया और पुलिस ने तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज पहुंचाया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।जानकारी के अनुसार मंगलवार दोपहर मोहनलालगंज पुलिस को सूचना मिली कि रायबरेली रोड पर कनकहा गाँव के पास हाईवे के कट के पास एक बाइक सवार सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गया है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायल की पहचान 26 वर्षीय रंगम पुत्र सरजू प्रसाद, निवासी माधवखेड़ा, थाना मोहनलालगंज के रूप में हुई। पुलिस द्वारा प्रारंभिक जांच में सामने आया कि रायबरेली हाईवे पर तेज रफ्तार अज्ञात कार ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी, जिससे रंगम गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़ा। पुलिस ने तत्काल उसे एंबुलेंस की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मोहनलालगंज भिजवाया, लेकिन डॉक्टरों ने परीक्षण के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। युवक की मौत की सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। अस्पताल और गांव में शोक की लहर दौड़ गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरने की कार्रवाई शुरू कर दी है और पोस्टमार्टम के लिए भेजने की प्रक्रिया पूरी की जा रही है।एसीपी मोहनलालगंज राजेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतक के परिजनों द्वारा दी गई तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही दुर्घटना करने वाली अज्ञात कार की तलाश के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाली जा रही है।

# योगी सरकार ने स्मार्ट मीटर पर फैला भ्रम किया दूर, यूपीपीसीएल ने दी पूरी जानकारी

**- स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं पर नहीं पड़ा नया आर्थिक बोझ**
**- सोशल मीडिया पर प्रसारित भ्रामक खबरों का यूपीपीसीएल ने किया खंडन**
**- प्रीपेड से पोस्टपेड व्यवस्था में लौटने के बाद नियमानुसार जमा हो रही सिक्योरिटी राशि**
**- यूपीपीसीएल स्मार्ट एप, एसएमएस एवं व्हाट्सएप पर मिल रही बिजली बिल की सुविधा**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 28 जुलाई। उत्तर प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में प्रदेश सरकार ने बिजली व्यवस्था को अधिक पारदर्शी, डिजिटल और उपभोक्ता हितैषी बनाने की दिशा में कई महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं। इसी बीच स्मार्ट मीटर को लेकर फैलाई जा रही भ्रामक जानकारियों पर उत्तर प्रदेश पावर कारपोरेशन लिमिटेड ने स्थिति स्पष्ट कर दी है। यूपीपीसीएल ने स्पष्ट किया कि पोस्टपेड व्यवस्था लागू होने के बाद पहले समायोजित या वापस की गई सिक्योरिटी राशि ही नियमानुसार दोबारा जमा कराई जा रही है। इसे नया शुल्क या स्मार्ट मीटर का अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताना पूरी तरह भ्रामक है।

यूपीपीसीएल की ओर से बताया गया कि हाल के दिनों में कुछ समाचार माध्यमों और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं पर नया आर्थिक बोझ डालने और उसने पुनः सिक्योरिटी धनराशि वसूलने संबंधी खबरें प्रसारित की जा रही है, जो कि तथ्यों के अनुरूप नहीं है और अधूरी जानकारी के आधार पर प्रस्तुत की गई है।

यूपीपीसीएल के अनुसार, प्रदेश में स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को पूर्व में प्रीपेड प्रणाली पर संचालित किया गया था। उस समय उपभोक्ताओं द्वारा पूर्व में जमा की गई सिक्योरिटी धनराशि को नियमानुसार उनके बकाया विद्युत देयकों के विरुद्ध समायोजित कर दिया गया था तथा जिन उपभोक्ताओं पर कोई बकाया नहीं था, उनकी जमा सिक्योरिटी राशि उनके प्रीपेड खाते में रिचार्ज के रूप में क्रेडिट कर दी गई थी। तत्पश्चात उपभोक्ताओं की सुविधा एवं जनभावनाओं को ध्यान में रखते हुए प्रदेश के सभी स्मार्ट मीटर उपभोक्ताओं को पुनः पोस्टपेड प्रणाली में परिवर्तित कर दिया गया। वर्तमान में सभी उपभोक्ताओं को प्रत्येक माह पूर्व की भांति नियमित मासिक विद्युत बिल उपलब्ध कराए जा रहे हैं। इस संबंध में आवश्यक आदेश पूर्व में ही निर्गत किए जा चुके हैं।

यूपीपीसीएल ने स्पष्ट किया कि पोस्टपेड व्यवस्था लागू होने के फलस्वरूप अब वही सिक्योरिटी धनराशि, जो पूर्व में उपभोक्ताओं को समायोजित अथवा वापस कर दी गई थी, नियमानुसार पुनः जमा कराई जा रही है। इसे किसी प्रकार का नया शुल्क अथवा स्मार्ट मीटर लगाए जाने के कारण उपभोक्ताओं पर डाला गया अतिरिक्त आर्थिक बोझ बताया जाना पूर्णतः भ्रामक एवं तथ्यों से परे है। उपभोक्ताओं पर किसी प्रकार का एकमुश्त वित्तीय भार न पड़े, इसे ध्यान में रखते हुए इस धनराशि को चार समान मासिक किस्तों में वसूल किए जाने का निर्णय लिया गया है। प्रथम किस्त जून-2026 की ऊर्जा खपत के बिल, जो जुलाई-2026 में जारी हुआ था, उसमें शामिल थी। बाकि तीन किस्तें आगामी तीन मासिक बिलों में स्वतः सम्मिलित होकर आएंगी। यह संपूर्ण प्रक्रिया बिलिंग प्रणाली द्वारा स्वतः संपादित की जाएगी। इसके लिए उपभोक्ताओं को किसी प्रकार की अतिरिक्त औपचारिकता पूर्ण करने की आवश्यकता नहीं होगी।

# जिला अस्पताल के ईएनटी सर्जरी आईसीयू में तीन घंटे गुल रही बिजली।

## केबिल खराब होने से ईएनटी आईसीयू में मरीज, तीमारदार और स्टाफ परेशान, पर्चा काउंटर का काम भी कुछ देर रहा प्रभावित।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। उमसभरी गर्मी के बीच मंगलवार को जिला अस्पताल की व्यवस्थाओं की पोल खुल गई। सर्जरी आईसीयू वार्ड में विद्युत केबिल खराब होने से तीन घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति ठप रही। इससे ईएनटी आईसीयू में भर्ती मरीजों, उनके तीमारदारों और स्टाफ को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। हालात ऐसे रहे कि तीमारदार हाथ के पंखे और फट्टे से मरीजों को हवा कर राहत देने को मजबूर हो गए। वहीं, बिजली बाधित होने से पर्चा काउंटर का काम भी कुछ देर प्रभावित रहा।

मंगलवार को जिला अस्पताल के ईएनटी सर्जरी आईसीयू वार्ड में विद्युत केबिल खराब होने से तीन घंटे से अधिक समय तक बिजली आपूर्ति बाधित रही। उमसभरी गर्मी के बीच बिजली गुल होने से आईसीयू में भर्ती मरीजों की परेशानी बढ़ गई। मरीजों के साथ मौजूद तीमारदार हाथ के पंखे और फट्टे से हवा कर उन्हें राहत देने का प्रयास करते रहे। वहीं, अस्पताल स्टाफ को भी बिना बिजली के कार्य करने में दिक्कतों का सामना करना पड़ा। जबकि कुछ मरीज और उनके तीमारदार बरामदे में आकर बैठ गए बिजली आपूर्ति बाधित होने का असर अस्पताल के पर्चा काउंटर पर भी देखने को मिला। कुछ समय तक पर्चा बनाने का कार्य प्रभावित रहा, जिससे मरीजों और तीमारदारों को इंतजार करना पड़ा। लाइन में खड़े लोग बार-बार बिजली आने की जानकारी लेते रहे। बाद में विद्युत कर्मचारियों ने केबिल की खराबी दूर कर बिजली आपूर्ति बहाल की, जिसके बाद अस्पताल की व्यवस्थाएं सामान्य हो सकीं।

सीएमएस डा. नवीन जैन ने बताया कि विद्युत केबिल खराब होने के कारण कुछ देर के लिए परेशानी आई थी, लेकिन कुछ देर बाद विद्युत आपूर्ति सुचारू रूप से चालू हो गई। अटल पार्क में बने भूल- भुलैया और अनाधिकृत दुकानदारों के कारण लोड अधिक है। इससे विद्युत केबिल में आएं दिन खराबी आती है। इसकी लाइन अलग होने से ही समस्या का समाधान हो सकेगा।

# मेडिकल कॉलेज की जमीन पर सियासत: सपा ने मुफ्त आवंटन का लगाया आरोप, जांच की मांग।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**



फिरोजाबाद। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय सचिव एवं सामाजिक कार्यकर्ता सतेन्द्र जैन 'सौली' ने सुहाग नगर जैन मंदिर फ्लाईओवर निर्माण कार्य से जुड़ा बड़ा आरोप लगाते हुए जिला चिकित्सालय मेडिकल कॉलेज की भूमि निर्माण कंपनी को बिना राजस्व वसूली के उपलब्ध कराए जाने की निष्पक्ष जांच की मांग की है।

सोमवार को पत्रकारों से बातचीत में सौली ने कहा कि सुहाग नगर जैन मंदिर फ्लाईओवर का निर्माण करीब 74 करोड़ रुपये की लागत से कराया जा रहा है। आरोप है कि निर्माण कंपनी को सामान रखने, मजदूरों के ठहरने और गोदाम बनाने के लिए मेडिकल कॉलेज की कई बीघा जमीन करीब डेढ़ वर्ष के लिए निशुल्क दे दी गई। उनका कहना है कि कंपनी ने वहां सबमर्सिबल पंप लगाने के साथ पक्का निर्माण भी करा लिया, जबकि इसके बदले मेडिकल कॉलेज को कोई राजस्व प्राप्त नहीं हुआ।

सौली ने आरोप लगाया कि इससे मेडिकल कॉलेज को लाखों रुपये के राजस्व का नुकसान हुआ है। उन्होंने पूरे प्रकरण की उच्चस्तरीय जांच कर जिम्मेदार अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

उन्होंने यह भी कहा कि "फिरोजाबाद में पहले दीवार बनाई जा रही है और बाद में टेंडर हो रहा है।" भाजपा पर निशाना साधते हुए उन्होंने सवाल उठाया कि इस कथित मनमानी और भ्रष्टाचार के लिए आखिर जिम्मेदार कौन है।

इस दौरान सपा जिला उपाध्यक्ष डॉ. मुजाहिद खान, के.सी. गौतम, सिराज सलीम बेग, हाशिम अली और जीशान बेग सहित अन्य कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# दहेज उत्पीड़न से विवाहिता की आत्महत्या मामले में पति व ससुर गिरफ्तार, जेल भेजे गए

**समाज जागरण संवाददाता**




मोहनलालगंज, लखनऊ। मोहनलालगंज थाना क्षेत्र के हुलासखेड़ा गांव में दहेज उत्पीड़न से परेशान होकर विवाहिता की आत्महत्या के मामले में पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए पति और ससुर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। जबकि नामजद सास की तलाश जारी है।पुलिस के अनुसार बिजनौर थाना क्षेत्र के परवर पश्चिम निवासी मनोज ने तहरीर देकर बताया था कि उन्होंने अपनी पुत्री सीमा का विवाह बीते सात मार्च 2026 को मोहनलालगंज के हुलासखेड़ा निवासी अमित कुमार से किया था। आरोप है कि शादी के बाद से ही पति अमित, ससुर रामचंद्र और सास कम दहेज मिलने की बात कहकर सीमा को प्रताड़ित करते थे तथा मायके से दो लाख लाने का दबाव बना रहे थे। करीब पन्द्रह दिन पहले सीमा रोते हुए मायके भी पहुंची थी और परिजनों को प्रताड़ना की जानकारी दी थी। बीते पच्चीस जुलाई को सीमा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। सूचना मिलने पर पहुंचे मायके पक्ष ने दहेज हत्या का आरोप लगाते हुए पुलिस को तहरीर दी। इस पर मोहनलालगंज पुलिस ने बीएनएस की धाराओं में तथा 3/4 दहेज प्रतिषेध अधिनियम में मुकदमा दर्ज किया गया।जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि शादी के बाद से दहेज को लेकर घर में लगातार विवाद होता था, जिससे सीमा मानसिक रूप से परेशान रहती थी। पुलिस का कहना है कि इसी प्रताड़ना से क्षुब्ध होकर उसने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वही पुलिस टीम ने मंगलवार को मेड़ईखेड़ा मोड़ के पास से आरोपी पति अमित कुमार और ससुर रामचंद्र को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों को न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया गया। मामले में नामजद सास की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।मोहनलालगंज के सहायक पुलिस आयुक्त राजेश कुमार सिंह ने बताया कि दहेज उत्पीड़न के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। तीसरी नामजद आरोपी सास की गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीम लगातार प्रयास कर रही है। उन्होंने कहा कि महिलाओं के विरुद्ध अपराध के मामलों में किसी भी दोषी को बख्शा नहीं जाएगा और मामले में विधिक कार्रवाई निष्पक्ष एवं प्रभावी ढंग से जारी रहेगी।

# आरव हत्याकांड में त्वरित विवेचना व प्रभावी पैरवी करने वाली पुलिस टीम सम्मानित

**समाज जागरण**

फिरोजाबाद, थाना शिकोहाबाद क्षेत्रान्तर्गत यादव कॉलोनी में 30 मई 2026 को 1.5 वर्षीय मासूम आरव की नृशंस हत्या की घटना में अभियोग पंजीकृत



कर अभियुक्त को पुलिस मुठभेड के दौरान गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया था

विवेचक प्रभारी निरीक्षक अनुज कुमार राणा के द्वारा शीघ्र साक्ष्य संकलन कर अभियुक्त के विरूद्ध मात्र 06 दिवस के अन्दर दिनांक 04 जून 2026 को आरोप पत्र न्यायालय दाखिल कराया गया था, जिस पर दिनांक 09जून 2026 को न्यायालय के द्वारा संज्ञान लिया गया। मॉनीटरिंग सेल द्वारा प्रभावी पैरवी करते हुए मात्र 07 दिवस के अन्दर 13 गवाहो की गवाही पूर्ण करायी गयी व दिनांक 09 जुलाई 2026 को मात्र 39 दिवस के अन्दर न्यायालय के द्वारा अभियुक्त विराज उर्फ जितेन्द्र को दोष सिद्ध किया गया। न्यायालय द्वारा दिनांक 10जुलाई.2026 को अभियुक्त को मृत्युदण्ड की सजा व 50,000- रुपये के अर्थदण्ड से दण्डित कराया गया था।

मामले की त्वरित जांच और प्रभावी पैरवी के लिए आज दिनांक 28 जुलाई को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आदित्य लांग्हे द्वारा प्रभारी निरीक्षक अनुज राणा थाना शिकोहाबाद, उ0नि0 राजीव गौतम, है0का0 दिलीप कुमार एवं कोर्ट पैरोकार का0 संदीप कुमार को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया है।

# भाजपा प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव का फिरोजाबाद में भव्य स्वागत।

**समाज जागरण -ब्रजमोहन सिंह**

फिरोजाबाद। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव के प्रथम फिरोजाबाद आगमन पर सोमवार को भाजपा महानगर इकाई की ओर से



शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में विभिन्न स्थानों पर उनका भव्य स्वागत किया गया। कार्यकर्ताओं ने पुष्पवर्षा, माल्यार्पण और अंगवस्त्र भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

स्वागत यात्रा की शुरूआत टूंडला टोल प्लाजा से हुई। इसके बाद जीविका फर्नीचर, राजाताल, नगला भाऊ चौराहा, गणेश नगर चौराहा, सुहाग नगर चौराहा, जैन मंदिर चौराहा, नगला बरी, जाटवपुरी, रसूलपुर थाना चौराहा, मोड़ा चौराहा, दवरई, मक्खनपुर, शिकोहाबाद और जसराना रोड सहित कई स्थानों पर भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों और कार्यकर्ताओं ने उनका स्वागत किया। इस दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी के समर्थन में नारे लगाए और कई स्थानों पर स्वागत द्वार भी बनाए गए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

भाजपा महानगर अध्यक्ष डॉ. सतीश दिवाकर ने कहा कि प्रदेश उपाध्यक्ष का पहला फिरोजाबाद दौरा संगठन के लिए महत्वपूर्ण है। उनके मार्गदर्शन से संगठन को मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं में नई ऊर्जा का संचार होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष राजेश यादव ने स्वागत के लिए सभी कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की ताकत है और सभी को जनसेवा व संगठनात्मक कार्यक्रमों में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष, मोर्चा पदाधिकारी, पार्षद, जनप्रतिनिधि और बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# गुरु पूजन कर शिष्यों को आशीर्वाद देंगे गोरक्षपीठाधीश्वर

**समाज जागरण**

गोरखपुर, 28 जुलाई। गुरु पूर्णिमा के पावन पर्व पर गोरक्षपीठाधीश्वर एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार को शिवावतार महायोगी गुरु गोरखनाथ का विशिष्ट पूजन कर नाथपंथ के गुरुजनों के प्रति श्रद्धा निवेदित करेंगे। इस पर्व पर नाथपंथ के आदिगुरु गोरखनाथ जी को रोट अर्पित करने की भी परंपरा है। आनुष्ठानिक कार्यक्रमों को पूर्ण करने के बाद गोरक्षपीठाधीश्वर साधु-संतों और अपने शिष्यों को आशीर्वाद प्रदान करेंगे। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर गोरखनाथ मंदिर में चल रही सप्तदिवसीय श्रीराम कथा की पूर्णाहुति भी होगी। गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूर्णिमा के दिन बुधवार को गोरखनाथ मंदिर में गुरु पूजन का विशिष्ट अनुष्ठान प्रातःकाल 5 बजे से ही प्रारंभ हो जाएगा। गोरक्षपीठाधीश्वर योगी आदित्यनाथ सुबह सबसे पहले गुरु गोरखनाथ जी की पूरे विधि विधान से पूजा करेंगे। पूजनोपरांत श्रीनाथ जी को रोट चढ़ाया जाएगा। गुरु गोरखनाथ जी के विशिष्ट पूजन के बाद गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित सभी देव विग्रहों, नाथपंथ के सभी योगियों, ब्रह्मलीन महंतजनों के समाधि स्थल पर भी विशेष पूजन का कार्यक्रम होगा। पूजा का समापन सामूहिक आरती से होगा। गुरु पूजन से लेकर आरती तक का अनुष्ठान सुबह 7 बजे तक चलेगा।

# योगी सरकार की उपलब्धि: 7 लाख से अधिक आवासीय रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने में यूपी दूसरे स्थान पर

**- प्रधानमंत्री सूर्य घर: मुफ्त बिजली योजना में उत्तर प्रदेश ने देश में बनाई विशिष्ट पहचान**
**- जुलाई 2026 तक 11,58,183 आवेदन, 7,03,661 से अधिक आवासीय रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित, 2371.14 मेगावाट क्षमता विकसित**

**समाज जागरण**

लखनऊ, 28 जुलाई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के दूरदर्शी नेतृत्व में उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना के अंतर्गत एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की है। राज्य ने इस महत्वाकांक्षी योजना को केवल एक सरकारी कार्यक्रम तक सीमित न रखकर जन आंदोलन का स्वरूप प्रदान किया है। यूपीनेडा, उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड, सभी डिस्कॉम, राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति, बैंकिंग संस्थानों, जनपदीय प्रशासन, विद्युत विभाग, सौर ऊर्जा उद्योग तथा अन्य हितधारकों के समन्वित प्रयासों से उत्तर प्रदेश आज देश के अग्रणी रूफटॉप सोलर राज्यों में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित कर चुका है। इसके साथ ही उत्तर प्रदेश गुजरात के बाद 7 लाख से अधिक आवासीय रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित करने वाला भारत का दूसरा राज्य बन गया है।

जुलाई 2026 तक राज्य में 11,58,183 से अधिक आवेदन प्राप्त हुए हैं, जबकि 7,03,661 से अधिक आवासीय रूफटॉप सोलर संयंत्र स्थापित किए जा चुके हैं। इन संयंत्रों के माध्यम से 2371.14 मेगावाट से अधिक स्वच्छ ऊर्जा क्षमता विकसित की जा चुकी है। केवल ढाई वर्षों में प्राप्त यह उपलब्धि उत्तर प्रदेश की दूरदर्शी नीतियों, प्रभावी क्रियान्वयन, डिजिटल पारदर्शिता, सुदृढ़ संस्थागत समन्वय तथा प्रदेशवासियों की बढ़ती सहभागिता का प्रमाण है। केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदान की जा रही आकर्षक सब्सिडी, सरल ऑनलाइन आवेदन प्रक्रिया, पारदर्शी पोर्टल आधारित मॉनिटरिंग तथा मजबूत कार्यान्वयन व्यवस्था ने योजना को अभूतपूर्व गति प्रदान की है। आज उत्तर प्रदेश देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे रूफटॉप सोलर बाजारों में अग्रणी स्थान प्राप्त कर चुका है तथा स्वच्छ ऊर्जा क्षेत्र में निवेश, नवाचार और हरित विकास का प्रमुख केंद्र बनकर उभर रहा है।

**रूफटॉप सोलर से उत्तर प्रदेश को बहुआयामी लाभ, लगभग 12,000 एकड़ भूमि की बचत**

दरअसल, 2371.14 मेगावाट क्षमता यदि पारंपरिक ग्राउंड-माउंटेड सोलर पार्कों के माध्यम से स्थापित की जाती, तो इसके लिए लगभग 12,000 एकड़ भूमि की आवश्यकता होती। रूफटॉप सोलर मॉडल के कारण यह विशाल भूमि कृषि, औद्योगिक विकास, आवास एवं अन्य सार्वजनिक उपयोगों के लिए सुरक्षित बनी हुई है। इससे भूमि अधिग्रहण की आवश्यकता न्यूनतम हुई है तथा पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिला है।

**प्रतिदिन 1.07 करोड़ यूनिट स्वच्छ एवं निःशुल्क बिजली उत्पादन**

प्रदेश में स्थापित रूफटॉप सोलर संयंत्रों से औसतन 4.5 यूनिट प्रति किलोवाट प्रतिदिन के आधार पर लगभग 1.07 करोड़ यूनिट (10.67 मिलियन यूनिट) स्वच्छ बिजली का प्रतिदिन उत्पादन हो रहा है। यह बिजली लाखों परिवारों की घरेलू ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करने के साथ-साथ राज्य की ऊर्जा आत्मनिर्भरता को भी सुदृढ़ बना रही है। यदि औसत बिजली दर 6.50 प्रति यूनिट मानी जाए, तो प्रतिदिन उत्पन्न होने वाली बिजली का आर्थिक मूल्य लगभग 6.94 करोड़ प्रतिदिन है। अर्थात प्रदेश के लाखों परिवार प्रतिदिन लगभग 7 करोड़ मूल्य की निःशुल्क एवं स्वच्छ बिजली का लाभ प्राप्त कर रहे हैं, जिससे उनके मासिक बिजली व्यय में उल्लेखनीय कमी आ रही है।

रूफटॉप सोलर संयंत्रों से प्रतिवर्ष लगभग 389 करोड़ यूनिट स्वच्छ विद्युत का उत्पादन होने का अनुमान है। इससे पारंपरिक विद्युत उत्पादन पर निर्भरता कम होती है तथा राज्य की ऊर्जा सुरक्षा और विद्युत प्रणाली की स्थिरता मजबूत होती है। रूफटॉप सोलर से उत्पन्न स्वच्छ ऊर्जा के कारण प्रतिवर्ष लगभग 32 लाख टन कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन से बचाव हो रहा है। यह उत्तर प्रदेश को जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने तथा भारत के नेट-जीरो लक्ष्यों की दिशा में महत्वपूर्ण योगदानकर्ता बनाता है।

# दो बांग्लादेशी नागरिक समेत तीन गिरफ्तार, फर्जी दस्तावेज बरामद

**वीरेंद्र चौहान,
समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

28 जुलाई। किशनगंज पुलिस ने नगर थाना क्षेत्र में कार्रवाई करते हुए दो कथित बांग्लादेशी नागरिकों सहित तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों के पास से आधार कार्ड, पैन कार्ड, वोटर आईडी सहित कई संदिग्ध फर्जी दस्तावेज, मोबाइल फोन, सिम कार्ड और अन्य सामान बरामद किए गए हैं। मामले में नगर थाना में प्राथमिकी दर्ज कर वैज्ञानिक एवं तकनीकी अनुसंधान जारी है।

प्रभारी पुलिस अधीक्षक हरिमोहन शुक्ला ने बताया कि 26 जुलाई को गुप्त सूचना मिली थी कि नगर थाना क्षेत्र में कुछ संदिग्ध विदेशी नागरिक देखे गए हैं। सूचना के सत्यापन के लिए अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी-1 खुसरू सिराज के नेतृत्व में नगर थाना पुलिस एवं जिला आसूचना इकाई (डीआईयू) की संयुक्त टीम गठित की गई।

प्रेमपुल के समीप वाहन जांच के दौरान एक मोटरसाइकिल सवार पुलिस को देखकर भागने लगा, जिसे घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में एक व्यक्ति की पहचान जाकीर हुसैन (24), निवासी महिनगांव, किशनगंज के रूप में हुई, जबकि दूसरे व्यक्ति ने अपना नाम हसन शेख उर्फ असनउल्ला मल (32) बताया। पुलिस के अनुसार उसने अपना स्थायी पता बांग्लादेश के शरियतपुर जिले का बताया तथा भारत में वैध रूप से रहने संबंधी कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। पुलिस का दावा है कि तलाशी के दौरान हसन शेख के पास से कई संदिग्ध फर्जी दस्तावेज बरामद हुए। पूछताछ में मिली जानकारी के आधार पर उसकी पत्नी तैयबा इस्लाम उर्फ तंजिला अख्तर (28) को भी महिनगांव स्थित एक घर से हिरासत में लिया गया। पुलिस के अनुसार वह भी बांग्लादेश की निवासी है और भारत में रहने संबंधी कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सकी।

इस संबंध में किशनगंज थाना कांड संख्या 839/26 दिनांक 27 जुलाई 2026 दर्ज किया गया है। पुलिस ने भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस), फॉरेनर्स एक्ट, आधार एक्ट तथा पासपोर्ट एक्ट की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार जिला आसूचना इकाई (डीआईयू) गिरफ्तार आरोपितों से बरामद दस्तावेजों, मोबाइल फोन एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्यों की तकनीकी जांच कर रही है। साथ ही मामले से जुड़े अन्य संभावित नेटवर्क और व्यक्तियों की तलाश में छापेमारी जारी है।

बरामद सामान में दो मोबाइल फोन, दो आधार कार्ड, दो पैन कार्ड, एक वोटर कार्ड, दो एटीएम कार्ड, एक मोटरसाइकिल, 170 भारतीय मुद्रा, बांग्लादेश का 5 टका का एक सिक्का, आठ सिम कार्ड, एक बैग, एक मोबाइल चार्जर तथा छह पासपोर्ट आकार के फोटो शामिल हैं।

# संत रविदास की शिक्षाएं सामाजिक समरसता और समानता की प्रेरणा : गोपाल मोहन सिंह

**वीरेंद्र चौहान, समाज
जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

28 जुलाई। भारतीय जनता पार्टी के धरमगंज माझिया स्थित जिला कार्यालय में मंगलवार को संत शिरोमणि श्री गुरु रविदास महाराज की 650वीं जयंती वर्ष के उपलक्ष्य में देशव्यापी "समरसता संकल्प अभियान" के तहत एक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह ने की।




कार्यक्रम का शुभारंभ संत गुरु रविदास महाराज के तैलचित्र पर दीप प्रज्ज्वलित कर एवं पुष्पांजलि अर्पित कर किया गया। इस अवसर पर जिला प्रभारी राजकुमार राय ने संत रविदास के जीवन और उनके सामाजिक योगदान पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जन्म वाराणसी के सीर गोवर्धनपुर में हुआ था। उन्होंने कहा कि संत रविदास ने समरस समाज, समानता और मानवता का संदेश देकर सामाजिक चेतना को नई दिशा दी। उनके विचार आज भी विकसित भारत के निर्माण में प्रेरणास्त्रोत हैं।

जिलाध्यक्ष गोपाल मोहन सिंह ने कहा कि संत रविदास ने अपना संपूर्ण जीवन जातिवाद, ऊंच-नीच और छुआछूत जैसी सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन के लिए समर्पित किया। उनके आदर्श समाज में समानता, भाईचारा और सामाजिक सौहार्द स्थापित करने की प्रेरणा देते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में "सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास" की भावना भी सामाजिक समरसता को मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। कार्यक्रम में जिला उपाध्यक्ष ज्योति कुमार सोनू, जिला महामंत्री पंकज कुमार साहा, मनीष सिन्हा एवं कौशल झा, नगर अध्यक्ष अरविंद मंडल, जिला मंत्री जयकिशन प्रसाद कुशवाहा, जिला प्रवक्ता राजेश गुप्ता, संजय पासवान, किसान मोर्चा जिलाध्यक्ष शिवनारायण

यादव, मंडल अध्यक्ष पांडव महतो, रंजीत मंडल तथा महिला मोर्चा की बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं सदस्य उपस्थित थे। इसकी जानकारी भाजपा के जिला सोशल मीडिया प्रभारी सुबोध माहेश्वरी ने दी।

# बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत छात्राओं को किया गया जागरूक

**वीरेंद्र चौहान, समाज
जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

28 जुलाई। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार के निर्देश पर महिला एवं बाल विकास निगम (WCDC), किशनगंज द्वारा ठाकुरगंज हाई स्कूल, ठाकुरगंज में बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ अभियान के तहत छात्राओं के लिए जागरूकता एवं संवाद कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को उनके अधिकारों, विभिन्न सरकारी योजनाओं, महिला सुरक्षा, शिक्षा, करियर निर्माण एवं आत्मनिर्भरता के प्रति जागरूक करना था। जिला कार्यक्रम पदा धिकारी, ICDS सह नोडल पदाधिकारी, WCDC, श्रीमती अंकिता सिंह ने कहा कि "बेटी केवल परिवार ही नहीं, बल्कि पूरे समाज और राष्ट्र की सबसे बड़ी




शक्ति है। जब एक बेटी शिक्षित और आत्मनिर्भर बनती है, तो वह अपने परिवार, समाज और देश के विकास में महत्वपूर्ण योगदान देती है। 'बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओ' अभियान का उद्देश्य प्रत्येक बेटी को सुरक्षित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, समान अवसर और आत्मविश्वास प्रदान करना है। हमारी कोशिश है कि जिले की हर बेटी अपने सपनों को साकार करे और जीवन के हर क्षेत्र में नई ऊंचाइयों तक पहुंचे।"

कार्यक्रम में जिला मिशन समन्वयक मो. शहबाज आलम, जेंडर स्पेशलिस्ट सुशील कुमार झा एवं केस वर्कर टुपा दास ने छात्राओं को बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान, बाल विवाह निषेध, दहेज प्रथा, घरेलू हिंसा, कार्यस्थल पर लैंगिक उत्पीड़न, मानव तस्करी, महिला सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन तथा सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। संवाद सत्र के दौरान छात्राओं ने शिक्षा, उच्च शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षाओं, करियर, आत्मनिर्भरता एवं व्यक्तिगत समस्याओं से जुड़े कई सवाल पूछे। विशेषज्ञों ने उनके प्रश्नों का सरल, प्रेरक एवं व्यावहारिक उत्तर देते हुए उन्हें आत्मविश्वास के साथ अपने लक्ष्य निर्धारित करने और शिक्षा के माध्यम से समाज में अपनी अलग पहचान बनाने के लिए प्रेरित किया। छात्राओं ने कार्यक्रम में खुलकर अपनी समस्याएं और अनुभव साझा किए, जिन पर विशेषज्ञों ने आवश्यक सुझाव एवं परामर्श दिए। विद्यालय परिवार ने भी छात्राओं को निरंतर शिक्षा प्राप्त करने, आत्मनिर्भर बनने और समाज में सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया।

कार्यक्रम की विद्यालय के प्रधानाध्यापक, शिक्षकों एवं छात्राओं ने सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी और प्रेरणादायक बताया तथा भविष्य में भी ऐसे जागरूकता कार्यक्रमों के नियमित आयोजन की आवश्यकता पर बल दिया।

# मंडल कारा का सुरक्षा ऑडिट, बंदी दरबार आयोजित; डीएम ने शुरू कराया 12 दिवसीय बकरी पालन प्रशिक्षण

**वीरेंद्र चौहान, समाज
जागरण ब्यूरो किशनगंज।**

28 जुलाई। जिला पदाधिकारी नवीन कुमार की अध्यक्षता में मंगलवार को मंडल कारा, किशनगंज में संयुक्त सिक्योरिटी ऑडिट (Security Audit) एवं बंदी दरबार का आयोजन किया गया। इस दौरान जिला पदाधिकारी ने जेल परिसर की सुरक्षा व्यवस्था का बिंदुवार निरीक्षण कर कारा परिसर को और अधिक सुरक्षित एवं प्रभावी बनाने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के बाद आयोजित बंदी दरबार में बंदियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन जिला पदाधिकारी को सौंपे। डीएम ने संबंधित विभागों को प्राप्त आवेदनों पर त्वरित कार्रवाई कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया तथा बंदियों को समस्याओं के जल्द निराकरण का आश्वासन दिया। इस अवसर पर आरसेटी (RSETI), किशनगंज के माध्यम से 28 जुलाई से 8 अगस्त 2026 तक आयोजित 12 दिवसीय बकरी पालन (Goat Rearing) प्रशिक्षण कार्यक्रम का जिला पदाधिकारी ने विधिवत




शुभारंभ किया। प्रशिक्षण का संचालन आरसेटी के निदेशक सुबोध कुमार राय के नेतृत्व में किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी ने बंदियों एवं कारा कर्मियों को संबोधित करते हुए कहा कि कौशल विकास एवं स्वरोजगार आधारित प्रशिक्षण कार्यक्रम बंदियों के पुनर्वास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। ऐसे प्रशिक्षण से कारा से रिहा होने के बाद बंदी आत्मनिर्भर बन सकेंगे और सम्मानजनक आजीविका अर्जित कर सकेंगे।

प्रशिक्षण के दौरान आरसेटी के अकमल यजदानी एवं सुभाष कुमार मंडल ने प्रतिभागियों को बकरी पालन से संबंधित वैज्ञानिक एवं व्यावहारिक जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम में अनुमंडल पदाधिकारी, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी,
कार्यपालक अभियंता (भवन प्रमंडल), कार्यपालक अभियंता (विद्युत आपूर्ति प्रमंडल), काराधीक्षक धर्मेंद्र कुमार, उपाधीक्षक अभिषेक कुमार सिंह, सहायक अधीक्षक प्रदीप कुमार सिंह, कारा चिकित्सक डॉ. अभिषेक रंजन, डॉ. जेबा निशात, कारा बंदी कल्याण पदाधिकारी पवन कुमार साह, सहायक अधीक्षक पूजा कुमारी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे।

# सावन में शिवभक्तों की सेवा के लिए तैयार ओम कांवरिया सेवा संघ, 29 जुलाई से देवघर कांवरिया पथ पर लगेगा सेवा शिविर

**दैनिक समाज जागरण
चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)
पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

28.07.2026 जमशेदपुर सावन माह में बाबा बैद्यनाथ धाम जाने वाले शिवभक्तों की सेवा के उद्देश्य से ओम कांवरिया सेवा संघ द्वारा देवघर कांवरिया पथ स्थित सुइयां पहाड़ के घुटिया में 29 जुलाई से 27 अगस्त तक निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर के संचालन की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। सोमवार को शिविर की व्यवस्था संभालने के लिए 32 स्वयंसेवकों की टीम जमशेदपुर से रवाना हुई। इसके अलावा विभिन्न शहरों से भी दर्जनभर स्वयंसेवक शिविर में पहुंचकर सेवा कार्य में सहयोग करेंगे। बिरसानगर में




आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए संस्था के अध्यक्ष पप्पू सिंह ने बताया कि ओम कांवरिया सेवा संघ पिछले 16 वर्षों से लगातार सावन के पावन अवसर पर शिवभक्तों की सेवा करता आ रहा है। उन्होंने कहा कि संस्था का उद्देश्य कांवरियों को यात्रा के दौरान बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और उनकी सेवा के माध्यम से धार्मिक आस्था को सम्मान देना है। उन्होंने बताया कि इस वर्ष भी शिविर में श्रद्धालुओं की सुविधा का विशेष ध्यान रखा गया है। शिवभक्तों के लिए स्नान, भोजन, नाश्ता, शौचालय, रात्रि विश्राम तथा गर्म पानी की समुचित व्यवस्था की जाएगी। इसके साथ ही मोबाइल चार्जिंग की सुविधा भी उपलब्ध रहेगी, ताकि यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। पप्पू सिंह ने बताया कि शिविर में प्रतिदिन सुबह एवं शाम पूजा और आरती का आयोजन होगा। श्रद्धालुओं को सुबह और शाम नाश्ता तथा पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। भोजन में पूरी, सब्जी, हलवा, साबूदाना, खीर तथा मौसमी फलों का वितरण किया जाएगा। सेवा शिविर में आने वाले श्रद्धालुओं की थकान दूर करने के लिए आधुनिक मशीनों से फुट, हेड और बॉडी मसाज की सुविधा भी निःशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी, जिससे लंबी पैदल यात्रा के दौरान उन्हें राहत मिल सके। उन्होंने बताया कि सेवा शिविर का विधिवत उद्घाटन 29 जुलाई की शाम पूजा-अर्चना एवं आरती के साथ किया जाएगा। उद्घाटन के बाद श्रद्धालुओं की सेवा का कार्य लगातार 27 अगस्त तक जारी रहेगा। संस्था के सभी स्वयंसेवक पूरी श्रद्धा और समर्पण के साथ शिवभक्तों की सेवा में जुटेंगे। संवाददाता सम्मेलन में संस्था के संरक्षक धनंजय कुमार सिंह, राजेन्द्र प्रसाद सिंह, सतेन्द्र सिंह तथा एम.वी. राव भी उपस्थित रहे। सभी पदाधिकारियों ने शिवभक्तों से अधिक से अधिक संख्या में शिविर का लाभ उठाने की अपील करते हुए कहा कि सेवा ही संगठन का मुख्य उद्देश्य है और इसी भावना के साथ प्रत्येक वर्ष यह सेवा शिविर आयोजित किया जाता है।

# सरायकेला पुलिस की बड़ी सफलता ब्राउन शुगर के खिलाफ अब तक की सबसे बड़ी रिकवरी, 7.59 लाख नकद व 20 पुड़िया ब्राउन शुगर बरामद

**अभय कुमार मिश्रा,
दैनिक समाज जागरण,
ब्यूरो चीफ, कोल्हान झारखंड**

सरायकेला खरसावां (झारखंड) 28 जुलाई 2026 :सरायकेला-खरसावां जिले में नशीले पदार्थों की तस्करी और आपराधिक गतिविधियों के खिलाफ पुलिस को अब तक की सबसे बड़ी सफलता हाथ लगी है। जिला पुलिस अधीक्षक (SP) मनोज स्वगार्यारी के निर्देश पर गठित विशेष टीम ने आदित्यपुर थाना क्षेत्र में छापेमारी कर ब्राउन शुगर के अवैध कारोबार से जुड़े भारी कैश को जब्त किया है। एसपी मनोज स्वगार्यारी के अनुसार, ब्राउन शुगर बिक्री के पैसों की रिकवरी के मामले में सरायकेला जिला पुलिस की यह अब तक की सबसे बड़ी कार्रवाई है। छत पर हो रहा था पैसों का हिसाब, पुलिस को देख कूदे आरोपी एसपी ने प्रेसवार्ता में बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि मुस्लिम बस्ती स्थित कुख्यात आरोपी जावेद अंसारी उर्फ लालटू के घर पर ब्राउन शुगर की बिक्री से आए पैसों का हिसाब-किताब किया जा रहा है। सूचना के आधार पर तड़के विशेष पुलिस टीम ने रेड की। पुलिस को देखते ही आरोपी छत के रास्ते छज्जे और पाइप के सहारे कूदकर भागने लगे। भागने के दौरान आरोपियों ने पैसों से भरे छोटे-छोटे झोले आसपास फेंक दिए।



**एक आरोपी गिरफ्तार,**

**7.59 लाख नकद बरामद**

पुलिस ने मुस्तैदी दिखाते हुए घेराबंदी कर एक आरोपी को धर दबोचा, जिसकी पहचान आजाद अंसारी (पिता- मियाजान अंसारी, निवासी- गरीब नवाज कॉलोनी, जुगसलाई) के रूप में हुई। आरोपी के पास से 20 पुड़िया ब्राउन शुगर और 7,59,650 रुपये नकद बरामद किए गए। मुख्य आरोपी लालटू समेत 6 फरार, पुलिस टीम को मिलेगा इनाम पूछताछ में पता चला कि मुख्य आरोपी जावेद अंसारी उर्फ लालटू, इमरान, राशिदा खातून, विपुल कर्मकार, रोहित कर्मकार उर्फ सिपुल और प्रकाश पटेल मौके से फरार होने में कामयाब रहे।

एसपी मनोज स्वगार्यारी ने बताया कि फरार आरोपियों की तलाश में लगातार छापेमारी की जा रही है।

साथ ही, रातभर अभियान चलाकर इस बड़ी सफलता को हासिल करने वाली पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की गई है।

# पटमदा के ओड़िया मौजा में पत्थर खदान का ग्रामीणों ने किया जोरदार विरोध, उपायुक्त कार्यालय पर प्रदर्शन कर खनन रोकने की मांग

**दैनिक समाज जागरण
चांद कुमार लायेक (ब्यूरो चीफ)
पूर्वी सिंहभूम जमशेदपुर**

28.07.2026 जमशेदपुरः पूर्वी सिंहभूम जिले के पटमदा प्रखंड अंतर्गत ओड़िया पंचायत के ग्रामीणों ने ओड़िया मौजा में संचालित एवं प्रस्तावित पत्थर खदान के खिलाफ मंगलवार को उपायुक्त कार्यालय के समक्ष जोरदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में ग्रामीण पारंपरिक हथियारों के साथ जिला मुख्यालय पहुंचे और प्रशासन को ज्ञापन सौंपते हुए तत्काल खनन कार्य पर रोक लगाने तथा पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने की मांग की। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने कहा कि यदि उनकी मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं हुई तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा।



ग्रामीणों का आरोप है कि ओड़िया मौजा के लायाडीह, चिरूडीह और ओड़िया टोला क्षेत्र में खाता संख्या 624 के प्लॉट संख्या 4546 की लगभग 10 एकड़ तथा प्लॉट संख्या 988 की 8 एकड़ भूमि के विरुद्ध पिछले करीब 20 वर्षों से निर्धारित सीमा से कई गुना अधिक क्षेत्र में अवैध पत्थर खनन किया जा रहा है। उनका कहना है कि नियमों की अनदेखी कर किए जा रहे खनन से पर्यावरण को गंभीर क्षति पहुंच रही है और ग्रामीणों का जीवन भी प्रभावित हो रहा है।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि खदान के आसपास विद्यालय, आवासीय मकान और धार्मिक आस्था का केंद्र गौराम थान स्थित है। इसके अलावा लायाडीह गांव के बीच से 11 हजार वोल्ट की उच्च क्षमता वाली विद्युत लाइन गुजरती है। ऐसे में खनन के दौरान होने वाली ब्लास्टिंग से किसी भी समय बड़ा हादसा हो सकता है। ग्रामीणों का आरोप है कि ग्रामसभा की सहमति लिए बिना ही खदान संचालन की प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है, जो ग्रामीणों के अधिकारों का उल्लंघन है। ग्रामीणों ने कहा कि लगातार होने वाली ब्लास्टिंग, उड़ती धूल और बढ़ते प्रदूषण के कारण बच्चों, महिलाओं और बुजुर्गों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। कई लोगों को सांस संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। वहीं कृषि भूमि की उर्वरता घट रही है और पेयजल स्त्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। उनका कहना है कि यदि समय रहते इस पर रोक नहीं लगी तो आने वाले दिनों में पर्यावरणीय संतुलन और ग्रामीणों की आजीविका दोनों पर गंभीर संकट उत्पन्न हो सकता है। प्रदर्शन के दौरान ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की कि जनहित और पर्यावरण संरक्षण

को प्राथमिकता देते हुए प्रस्तावित पत्थर खदान की स्वीकृति पर तत्काल रोक लगाई जाए। साथ ही पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर अवैध खनन में संलिप्त लोगों के विरुद्ध सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। ग्रामीणों ने स्पष्ट चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों की अनदेखी की गई तो वे चरणबद्ध और व्यापक आंदोलन शुरू करने के लिए बाध्य होंगे, जिसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# पुलिस की बड़ी कार्रवाई,पॉक्सो के नामजद अभियुक्त गिरफ्तार, अपहृता बरामद

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

औरंगाबाद जिले के पौथू थाना पुलिस ने नाबालिग से जुड़े एक मामले में फरार नामजद अभियुक्त को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही पुलिस ने इस कांड की अपहता को भी बरामद कर लिया है।पुलिस के अनुसार पौथु थाना कांड संख्या 72/26 मे पॉक्सो एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया था।इस



कांड के नामजद अभियुक्त सुधांशु कुमार उर्फ कैलाश कुमार पिता दुखन भगत, निवासी ग्राम ईटार, थाना पौथु, जिला औरंगाबाद को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।गिरफ्तारी के साथ-साथ पुलिस ने इस कांड के अपहता को भी बरामद कर लिया है।गिरफ्तार अभियुक्त को मेडिकल जांच के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। वहीं बरामद अपहता को मेडिकल जांच और आवश्यक कानूनी प्रक्रिया के बाद परिजनों को सौंपा जाएगा।पौथु थानाध्यक्ष संजय कुमार ने बताया कि पॉक्सो और महिला अपराधों से जुड़े मामलों में पुलिस सख्ती से कार्रवाई कर रही है। फरार आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी जारी है।

# नबीनगर नगर पंचायत की सामान्य बोर्ड की बैठक संपन्न

**दैनिक समाज जागरण अनील कुमार
संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर ( बिहार) नगर पंचायत नबीनगर के सभागार में अध्यक्ष प्रियंका सिंह एवं कार्यपालक पदाधिकारी किशोर भारती की उपस्थिति में सामान्य बोर्ड की बैठक हुई।बैठक में पिछली बैठक की पुष्टि, विकास योजनाओं की समीक्षा, स्वतंत्रता दिवस 2026 की तैयारी, प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना और ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियमावली 2026 पर चर्चा हुई।वहीं नगरवासियों की समस्याओं के समाधान के लिए टोल-फ्री हेल्पलाइन नंबर 1800 3451637 का व्यापक प्रचार करने का निर्णय लिया गया। नागरिक जलजमाव, सफाई, कचरा, लाइट, नाली



व पेयजल की शिकायत इस नंबर पर दर्ज करा सकते हैं।बैठक में वार्ड पार्षदों ने अपने-अपने वार्ड की समस्याएं रखीं। बैठक में नगर के समग्र विकास और बेहतर सुविधाएं देने का संकल्प लिया गया।

# सोन नदी नहर में डूबा युवक ,स्नान के दौरान हादसा

**दैनिक समाज जागरण अनील
कुमार संवाददाता नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नवीनगर प्रखंड के नरारी कला खुर्द थाना क्षेत्र में सोन नदी में स्नान करने गए एक युवक के डूबने की खबर है।जानकारी के अनुसार युवक कंचनपुर गांव के समीप सोन नदी नहर में स्नान करने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया।डूबे युवक की पहचान 15 वर्षीय प्रिंस कुमार, निवासी कंचनपुर टोला मुगयाठी बीघा, पो. काशीपुर, थाना बारुण, जिला औरंगाबाद के रूप में हुई है।घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय लोग और नरारी कला खुर्द थाना पुलिस मौके पर पहुंची। युवक की तलाश के लिए गोताखोरों



की मदद ली जा रही । समाचार लिखे जाने तक युवक की बरामदगी नहीं हुई है।

# नबीनगर में आकाशीय बिजली गिरने से एक की मौत

**दैनिक समाज जागरण
अनील कुमार संवाददाता
नबीनगर (औरंगाबाद)**

नबीनगर (बिहार)नबीनगर थाना क्षेत्र में आकाशीय बिजली गिरने से एक कृषक मजदूर की मौत हो गई। घटना से गांव में शोक की लहर है।मृतक की पहचान नबीनगर थाना क्षेत्र के राजबरिया कला गांव निवासी विजेंद्र कुमार पिता गनौर राम के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार विजेंद्र कुमार मंगलवार को खेत में काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक मौसम खराब हुआ और बारिश के साथ आकाशीय बिजली गिरी।बिजली गिरने से विजेंद्र कुमार गंभीर रूप से झुलस गया। परिजनों और ग्रामीणों ने आनन-फानन में उसे रेफरल अस्पताल नबीनगर पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।घटना की सूचना मिलते ही नबीनगर थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। ग्रामीणों ने सरकार से मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा देने की मांग की है।

# बी डी ओ सेवापुरी ने सावन मास मेले की तैयारी को लेकर रामेश्वर मन्दिर परिक्षेत्र का किया अवलोकन

### पूर्व विधायक ने दिया सफाई कार्य पूरा करने का निर्देश

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।** काशी क्षेत्र के सुप्रसिद्ध एक मास तक चलने वाले सावन मास मेले को लेकर पूर्व विधायक रोहनिया सुरेन्द्र सिंह और खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने मंगलवार को पंचकोशी के तीसरे पड़ाव तीर्थस्थल रामेश्वर धाम मन्दिर में मत्था टेककर पूजन कर देवालयों, वरुणा घाट, नदी में जलकुंभी जमावड़ा सहित साफ -सफाई का अवलोकन किया।

रामेश्वर मन्दिर के पीठाधीश्वर आचार्य प0 अन्नू तिवारी व स्थानीय लोंगो से साफ -सफाई व्यवस्था सम्बन्धी वार्ता की। पूर्व विधायक ने मन्दिर परिसर ,धर्मशालाओ ,बारजे पर उगे पीपल के पौधे निकालने,आस -पास साफ-सफाई के लिए तुरंत सफाई कर्मी लगाकर मन्दिर ,घाट के आस-पास व धर्मशालाओं,बाजार की सफाई हेतु निर्देश दिया।वरुणा नदी से जलकुंभी हटाने,जगह-जगह टूटी सड़क को ठीक कराने ,असंख्यात मन्दिर के पास कटान रोकने, जर्जर पुल मरम्मत ,पर्यटन



विभाग द्वारा लगाए गए बन्द हाई मास्ट व सोलर लाइट को ठीक कराने,मन्दिर व बाजार में लगे बन्द सोलर को ठीक कराने, बिजली ,प्रकाश , पेयजल,स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर सम्बंधित अधिकारियों से मोबाइल द्वारा वार्ता की।

आचार्य प0 अन्नू तिवारी ने टीएफसी में कांवरियों को ठेकेदार द्वारा वसूली पर प्रतिबंध लगाने व निःशुल्क ठहराव की व्यवस्था के लिए पर्यटन विभाग को कड़े निर्देश देने की मांग उठाई।खंड विकास अधिकारी राजेश कुमार सिंह ने बताया बुधवार से लगभग 30 सफाई कर्मचारियों की तैनाती मंदिर परिक्षेत्र और कावरिया मार्ग पर किया गया।जिससे मंदिर परिसर स्वच्छ बना रहे और कावरियों स्वच्छ वातावरण में भगवान शिव जी की आराधना कर सके।सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एस0ओ0 जंसा सत्यजीत सिंह व चौकी प्रभारी रामेश्वर आदित्य सेन सिंह से वार्ता की।पूर्व विधायक के साथ आलोक पांडेय, मनोज मिश्रा ,अजय दुबे, राहुल सिंह ,त्रिभुवन मौर्य, वीरेश्वर सिंह 'बीरू', विकास दुबे,अर्जुन दुबे, धीरज मिश्रा, अमित सिंह, अभिषेक सिंह सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौके पर मौजूद रहे।

# अज्ञात वाहन से भिड़ा ट्रक चालक की मौत

**समाज जागरण रंजीत तिवारी रामेश्वर वाराणसी।**

जंसा थाना क्षेत्र के सजोई गांव के समीप रिंग रोड फेज-2 पर मंगलवार को सड़क हादसे में ट्रक चालक की मौके पर ही मौत हो गई। दुर्घटना के बाद ट्रक का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।तेज रफ्तार ट्रक किसी अज्ञात वाहन से पीछे से टकरा गया। टक्कर इतनी तेज थी कि चालक ट्रक के केबिन में ही फंस गया। घटना के समय ट्रक में कोई खलासी मौजूद नहीं था। हादसा देख राहगीरों ने तत्काल जंसा पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने काफी मशक्कत के बाद क्षतिग्रस्त केबिन को काटकर चालक के शव को बाहर निकाला।

इसके बाद शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया और आवश्यक विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई। घटना के बाद कुछ समय के लिए रिंग रोड पर यातायात प्रभावित रहा। पुलिस ने क्षतिग्रस्त वाहन को हटवाकर यातायात सामान्य कराया। जंसा थाना प्रभारी सत्यजीत सिंह ने बताया कि ट्रक के पंजीकरण नंबर के आधार पर मृतक चालक की पहचान कराने का प्रयास किया जा रहा है। प्रथम दृष्टया चालक को झपकी आने से हादसा होने की आशंका है, हालांकि दुर्घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में भी जुटी है।

# शिवरामपुर दलित बस्ती में पॉक्सो एक्ट 2012 पर एक दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

**समाज जागरण अनिल कुमार**

हरहुआ वाराणसी। संविधान में निहित अधिकारों का समाज हित मे एक सशक्त न्याय व्यवस्था है।उसके प्रति समाज को जागरूक होने की जरूरत है। आज जरूरत है कि सभी वर्ग जाने और लाभ लेकर समाज रचना का कार्य करें। जन कल्याण सोशल सोसायटी इस दिशा में एक नवीनतम प्रयोग शुरू किया है। आज ग्राम पंचायत शिवरामपुर, दलित बस्ती में "पॉक्सो एक्ट 2012" पर एक दिवसीय प्रशिक्षण आयोजित कर लोगो को जागरूक किया। इसमें 75 महिला-पुरुष शामिल हुए। संचालन अशोक कुमार ने किया। वक्ता महेन्द्र कुमार ने बच्चों को "गुड टच-बैड टच" के बारे में बताया। एडवोकेट सुधा प्रजापति ने कानून की जानकारी व 1098, 112 सहित कई हेल्प लाइन नम्बरो की जानकारी दी। डायरेक्टर सुरेन्द्र कुमार, कॉर्डिनेटर




अनिल कुमार, कार्यकर्ता मुन्ना, चंदा, सुमन उपस्थित रहे। धन्यवाद शिवानी ने किया। ग्रामीणों ने ऐसे कार्यक्रम हर गांव में आयोजित किये जाने की माँग की जरूरत पर बल दिया ।

सभी प्रतिभागियों ने कानून का पालन करने का संकल्प लिया।

## साहित्यकार चंद्रमा सिंह की 93वीं जयंती पर पुस्तक विमोचन परिचर्चा एवं काव्यपाठ 30 जुलाई को

**समाज जागरण अनिल कुमार हरहुआ वाराणसी।**
राजेश्वरी एजुकेशनल एंड चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा विगत वर्षों की तरह इस वर्ष भी 30 जुलाई को राजेश्वरी महिला पी0 जी0 कालेज हरहुआ वाराणसी के



सभागार में साहित्यकार शिक्षाविद चंद्रमा सिंह की 93वीं जयंती का आयोजन किया गया है। ट्रस्ट के चेयरमैन वरिष्ठ साहित्यकार डॉ0 राघवेन्द्र नारायण सिंह ने भेंटवार्ता में अवगत कराया कि इस अवसर पर चंद्रमा सिंह रचनावली भाग-दो का विमोचन, परिचर्चा, काव्यपाठ का आयोजन किया गया है। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रमुख इतिहासविद राघवशरण शर्मा करेंगे। मुख्य अतिथि प्रमुख शिक्षाविद प्रोफेसर रामानंद राय,बीएचयू होंगे। कार्यक्रम में मुख्य वक्ता प्रोफेसर इंदीवर व विशिष्ट कवियों और कवयित्रियों द्वारा काव्यपाठ का आयोजन किया गया है।

# जुए के अड्डे पर छापा छह जुआरी गिरफ्तार

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**
वाराणसी। कमिश्नरेट पुलिस के ऑपरेशन चक्रव्यूह अभियान के तहत कैंट थाना पुलिस ने सोमवार को देर रात अर्दली बाजार स्थित एमएम लॉन के पास संचालित जुए के अड्डे पर छापेमारी कर छह जुआरियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने मौके से फड़ पर लगी 5,400 रुपये की नगदी, आरोपितों की तलाशी से 2,200 रुपये तथा 52 पत्तों की एक खुली ताश की गड्डी बरामद की। प्रभारी निरीक्षक राज किशोर पांडेय के नेतृत्व में सोमवार रात करीब 8:40 बजे की गई कार्रवाई में गिरफ्तार आरोपितों की पहचान रोहित पटेल, दीपक पटेल, चंदन पटेल, पवन कुमार गौतम, राजीव कुमार पटेल और सूरज कुमार के रूप में हुई। सभी आरोपी कैंट



थाना क्षेत्र के टकटकपुर एवं आसपास के रहने वाले हैं।
पुलिस ने सभी आरोपितों के खिलाफ उत्तर प्रदेश जुआ अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज कर अग्रिम विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है। छापेमारी टीम में उपनिरीक्षक बलवंत कुमार, उपनिरीक्षक अभिषेक

सिंह, कांस्टेबल अतुल कुमार पांडेय, नागेंद्र कुमार, राजन कुमार राव और अमित तिवारी शामिल रहे।

# महाराष्ट्र में औषधीय और थोक दवा विनिर्माण को मजबूत करना

सरकार ने महाराष्ट्र सहित पूरे देश में औषधीय और थोक दवा विनिर्माण को मजबूत करने के लिए निम्नलिखित योजनाएं लागू की हैं: .फार्मास्युटिकल्स के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन (पीएलआई) योजना: इस योजना का उद्देश्य इस क्षेत्र में निवेश और उत्पादन बढ़ाकर भारत की विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाना और औषधीय क्षेत्र में ज्यादा मूल्य वाले उत्पादों की ओर विविधता लाने में योगदान देना है। इस योजना के अंतर्गत, योग्य उत्पाद श्रेणियों में स्वीकृत उत्पादों के निर्माण के लिए 55 कंपनियों/फार्मास्युटिकल संस्थाओं को चुना गया है। इसके अलावा, 14 स्वीकृत आवेदकों से जुड़ी 60 विनिर्माण इकाइयां महाराष्ट्र में हैं। मार्च 2026 तक, इस योजना में कुल ड्45,774 करोड़ का निवेश आया है। इस योजना ने मार्च 2026 तक 1,16,884 लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने में योगदान दिया है।
.भारत में महत्वपूर्ण 'की स्टार्टिंग मटीरियल्स' (केएसएम) / 'ड्रग इंटरमीडिएट्स' (डीआई) / 'एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स' (एपीआई) के घरेलू निर्माण को बढ़ावा देने के लिए पीएलआई योजना (जिसे बल्क ड्रग्स के लिए पीएलआई योजना के रूप में भी जाना जाता है): इस योजना का उद्देश्य उन महत्वपूर्ण एक्टिव फार्मास्युटिकल इंग्रीडिएंट्स (एपीआई, जिनका उपयोग महत्वपूर्ण दवाएं बनाने में किया जाता है) की आपूर्ति में रुकावट से बचना है, जिनके लिए कोई विकल्प नहीं है और किसी एक स्रोत पर अत्यधिक निर्भरता है। इस योजना के अंतर्गत 48 परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है, जिनमें से 3 परियोजनाएं महाराष्ट्र में हैं। मार्च 2026 तक, इस योजना में ₹5,070.45 करोड़ का निवेश आया है।

इस योजना ने मार्च 2026 तक 5,226 लोगों के लिए रोजगार उपलब्ध कराने में योगदान दिया है। .बल्क ड्रग पार्कों को बढ़ावा देने की योजना के तहत, आंध्र प्रदेश, गुजरात और हिमाचल प्रदेश में संबंधित राज्य कार्यान्वयन एजेंसियों के माध्यम से तीन पार्कों को मंजूरी दी गई है। इनकी कुल परियोजना लागत ₹6,300 करोड़ से अधिक है, जिसमें सामान्य बुनियादी ढांचा सुविधाओं के निर्माण के लिए प्रत्येक को ₹1,000 करोड़ की केंद्रीय सहायता दी गई है। इस योजना के मुख्य उद्देश्यों में सामान्य अवसंरचना सुविधाएं बनाना, बड़े पैमाने पर काम करने से होने वाले फायदे हासिल करना,
घरेलू बल्क ड्रग इंडस्ट्री की प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ाना और आयात पर निर्भरता कम करना शामिल है।

## बरसो मेघ

**समाज जागरण रंजीत तिवारी**
सावन मास प्रारंभ होने से पूर्व ही काशी में इन दिनों अच्छी बारिश हो



रही हैं,आसमान में चारों तरफ काले बादल दिखाई दे रहे है जिसको देख किसानों के मन में शायद यही विचार आता होगा और बरसो मेघ।

# मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति 30 जुलाई पर्यटन विभाग की कार्य योजनाओं के प्रस्तावों पर विचार विमर्ष हेतु आयुक्त सभागार में करेंगे बैठक

**समाज जागरण**
मीरजापुर / संयुक्त विकास आयुक्त विन्ध्याचल मण्डल रमेष चन्द्र ने सर्व सम्बन्धित विभागो को अवगत कराते हुए बताया है कि शासन से प्राप्त सूचना के अनुसार मंत्री पर्यटन एवं संस्कृति व धमार्थ कार्य विभाग जयवीर सिंह दिनांक 30 जुलाई 2026 को जनपद भ्रमण के दौरान आयुक्त कार्यालय सभागार में अपरान्ह 03 बजे पर्यटन विभाग की कार्य योजना, वित्तीय वर्ष 2026-27 के कार्य योजना के सम्बंध में विन्ध्याचल मण्डल के तीनों जनपदों पर्यटन एवं संस्कृति से सम्बन्धित अधिकारियों के साथ बैठक कर

विचार विमर्ष करेंगे। उक्त बैठक में अपर मुख्य सचिव पर्यटन, संस्कृति व धमार्थ कार्य विभाग एवं महा निदेषक पर्यटन के अलावा जनपद के जनप्रतिनिधिगण भी उपस्थित रहेंगे। उन्होंने बताया कि मंत्री द्वारा आयुक्त सभागार में नवीन कार्य योजना वर्ष 2026-27 एवं निर्माण कार्यो की समीक्षा की जाएगी।

संयुक्त विकास आयुक्त ने जनपद सोनभद्र, भदोही व मीरजापुर के जिलाधिकारी, मुख्य विकास अधिकारी, प्रभागीय वनाधिकारी वन प्रभाग/कैमूर/वन्य जीव प्रभाग, मुख्य अभियंता /अधीक्षण अभियंता विद्युत विन्ध्याचल मण्डल, मुख्य अभियंता/ अधीक्षण अभियंता/

अधिषासी अभियंता लोक निर्माण विभाग, परियोजना प्रबंधक उ0प्र0 राज्य पर्यटन निगम, उ0प्र0 राजकीय निर्माण विन्ध्याचल/सोनभद्र ईकाई, परियोजना प्रबंधक कंट्रक्सन एवं डिजाइन सर्विसेज यूनिट-38 सोनभद्र, यू0पी0 प्रोजेक्ट कार्पोरेषन लिमिटेड यूनिट-16 मीरजापुर व अधिषासी अभियंता यू0 पी0 सी0एल0डी0एफ0

प्रखण्ड वाराणसी सहित उप जिलाधिकारी, अतिरिक्त मजिस्ट्रेट/ सहायक प्रभारी पर्यटन अधिकारी मीरजापुर को निर्देषित करते हुए कहा कि उक्त बैठक में अपनी सम्पूर्ण सूचनाओं के साथ समय से प्रतिभाग करना सुनिष्चित करने की अपेक्षा की है।

# शकतेशगढ़ आश्रम में रही भक्तों की भारी भीड़ स्वामी अड़गड़ानंद महाराज का भक्तों ने दर्शन प्राप्त किया

**समाज जागरण**

राजगढ़ मीरजापुर / विकासखंड राजगढ़ क्षेत्र के शकतेशगढ़ मे स्थित गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर 29 जुलाई को मीरजापुर के प्रसिद्ध परमहंस आश्रम, शकतेशगढ़ में श्रद्धा और आस्था का विशाल संगम देखने को मिला। सुबह से ही हजारों की संख्या में श्रद्धालु आश्रम पहुंचे और परमहंस स्वामी अड़गड़ानंद महाराज जी के दर्शन कर उनका आशीर्वाद प्राप्त किया। आश्रम परिसर में पूरे दिन भक्ति, गुरु वंदना और आध्यात्मिक वातावरण बना रहा। दूर-दराज से आए श्रद्धालुओं ने गुरु के चरणों में नतमस्तक होकर सुख, शांति एवं समृद्धि की कामना की।इसी दौरान जौगढ़ के पूर्व ग्राम प्रधान राम उजागिर यादव भी हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी आश्रम में सेवा-भाव से जुड़े रहे। उन्होंने श्रद्धालुओं की सेवा एवं व्यवस्थाओं में सक्रिय सहयोग किया। पूर्व प्रधान राम ऊजागीर यादव ने कहा कि सेवा भाव से भक्तों की सेवा की जा रही है और लगातार एक हफ्ते से यही रहकर आश्रम में भी देखने का पूरा कर कराया जा रहा है। उनके इस सेवा कार्य की श्रद्धालुओं ने सराहना की। गुरु पूर्णिमा के दिन आश्रम के सभी लोगों को पास जारी किया गया है। कहीं किसी प्रकार की घटना ना हो पुलिस प्रशासन भी मौके पर मौजूद रहा और चारों तरफ पुलिस प्रशासन मुस्तैद रहा। इसके अलावा मिजार्पुर जिले के तमाम डॉक्टर उपस्थित रहे और दवाइयां भी वितरित किए। बाबा सिद्धनाथ की दरी पर गाड़ियों का ठहराव किया जा रहा है जाम की स्थिति को देखते हुए जौगढ़ पुल और टेढ़िया मोड़ पर पुलिस प्रशासन के



द्वारा बैरीकेटिंग की गई है। 29 जुलाई गुरु पूर्णिमा का पवन पर मनाया जा रहा है जहां पर छपे छपे पर पुलिस प्रशासन और जैमर की भी सुविधा उपलब्ध है। भक्तगढ़ प्रसाद भी ग्रहण कर रहे हैं और स्वामी अड़गड़ानंद महाराज जी का दर्शन

और आशीर्वाद प्राप्त कर रहे हैं। चारों तरफ उनके दर्शन से पूरा परिसर गुज रहा है। लाखों श्रद्धालुओं की यहां पर पहुंचने की प्रशासन उम्मीद लगा रहा है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर आश्रम में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ रही और पूरे दिन दर्शन-पूजन एवं आशीर्वाद का क्रम जारी रहा।

# बाघ संरक्षण में भारत सबसे आगे बाघों की सुरक्षा, पारिस्थितिकी तंत्र का संरक्षण

भारत ने विज्ञान आधारित नीतियों और मजबूत संस्थागत सहयोग के माध्यम से बाघ संरक्षण के क्षेत्र में विश्व भर में सबसे आगे अपनी पहचान बनाई है। अब देश विश्व के लगभग 70% जंगली बाघों का घर है। तकनीक-आधारित निगरानी, प्रभावी शासन और सामुदायिक भागीदारी ने संरक्षण को और मजबूत किया है। भारत बाघों और उनके प्राकृतिक आवासों के भविष्य को सुरक्षित करने के लिए वैश्विक सहयोग को भी बढ़ावा दे रहा है।

### फलते-फूलते बाघ, मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र

हर साल 29 जुलाई को मनाया जाने वाला 'अंतर्राष्ट्रीय बाघ दिवस' बाघ संरक्षण के वैश्विक महत्व को उजागर करता है। भारत के लिए, यह विज्ञान-आधारित संरक्षण और सतत विकास के प्रति सरकार की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दोहराता है। यह दिन भारत की उल्लेखनीय संरक्षण उपलब्धियों को भी प्रदर्शित करता है। आज, भारत में दुनिया की सबसे बड़ी जंगली बाघों की आबादी है, जो वैश्विक स्तर पर सभी जंगली बाघों का लगभग 70% है। यह सफलता दशकों के निरंतर नीतिगत समर्थन, वैज्ञानिक प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी को दशार्ती है, जिससे भारत बाघ संरक्षण में एक वैश्विक अग्रणी के रूप में स्थापित हुआ है। यह उपलब्धि बाघ के साथ भारत के गहरे सांस्कृतिक और पारिस्थितिक जुड़ाव पर आधारित है। सदियों से, पुराने सिक्कों, शाही मुहरों और मंदिरों की नक्काशी में बाघ को ताकत और प्रभुत्व के प्रतीक के रूप में दिखाया गया है। इस लंबे समय से चली आ रही विरासत को पहचानते हुए, सरकार ने 1972 में रॉयल बंगाल टाइगर को राष्ट्रीय पशु घोषित किया। आज भी, बाघ भारत की समृद्ध जैव-विविधता, पारिस्थितिक संपदा और विविध इलाकों में फैली साझा प्राकृतिक विरासत का प्रतिनिधित्व करता है। बाघ का सांस्कृतिक महत्व तो है ही, साथ ही यह पारिस्थितिकी तंत्र में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। शीर्ष शिकारी और 'अंब्रेला प्रजाति' (संरक्षण छत्र) होने के नाते, यह स्वस्थ वन पारिस्थितिकी तंत्र को बनाए रखने में सहायक होता है। बाघों के प्राकृतिक आवासों का संरक्षण वनों, नदियों और अनगिनत अन्य प्रजातियों की रक्षा करता है। ये वन जल नियंत्रण, मृदा संरक्षण करते हैं, परागण में सहयोग प्रदान करते हैं और स्थानीय जलवायु को संतुलित रखते हैं। ये आपदा जोखिम को भी कम करते हैं और पारिस्थितिकी तंत्र सेवाएं प्रदान करते हैं जो ग्रामीण आजीविका और
शहरी अर्थव्यवस्थाओं को आधार देती हैं। बाघों और उनके आवासों की रक्षा करके, सरकार जैव विविधता संरक्षण को मजबूत कर रही है, पारिस्थितिक सुरक्षा को बढ़ा रही है और सतत विकास के माध्यम से 'विकसित भारत' के संकल्प को आगे बढ़ा रही है।
क्या आप जानते हैं? अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस की शुरूआत नवंबर 2010 में आयोजित 'सेंट पीटर्सबर्ग टाइगर समिट' से हुई थी। भारत सहित 13 बाघ-रेंज वाले देशों के नेताओं ने 2022 तक दुनिया भर में जंगली बाघों की आबादी को दोगुना करने का महत्वाकांक्षी 'टी७२' लक्ष्य अपनाया था। आज, यह संरक्षण की प्रगति की समीक्षा करने, अंतरराष्ट्रीय सहयोग को मजबूत करने और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक वैश्विक मंच के रूप में कार्य करता है। 2010 में, विश्व स्तर पर केवल लगभग 3,200 जंगली बाघ होने का अनुमान था। 2022 तक, बेहतर संरक्षण और वैज्ञानिक निगरानी से यह अनुमान बढ़कर लगभग 4,500 हो गया, जिसमें 3,700 से 5,600 बाघों की संभावित सीमा शामिल है। हालिया वैश्विक अनुमानों के अनुसार, दुनिया भर में लगभग 5,711 जंगली बाघ हैं, जो 2010 के बाद से लगभग 78% की वृद्धि को दशार्ता है।

### बाघों की संख्या में वृद्धिः संकट से उबरने तक का सफर

भारत की बाघ संरक्षण की कोशिशें वन्यजीवों की संख्या बढ़ाने के मामले में दुनिया के लिए एक मिसाल बन गई हैं। 2006 के बाद से देश में वैज्ञानिक तरीके से गिनी गई बाघों की संख्या दोगुनी से भी ज्यादा हो गई है। 'अखिल भारतीय बाघ अनुमान (2022)' के अनुसार, भारत में बाघों की संख्या 3,682 है। 2022 के इस अखिल भारतीय बाघ अनुमान में 20 राज्यों को शामिल किया गया और 6.41 लाख किलोमीटर से अधिक का क्षेत्र पैदल तय करके सर्वेक्षण किया गया। यह दुनिया के सबसे बड़े और सबसे व्यापक वन्यजीव सर्वेक्षण में से एक है। बाघों की संख्या में यह शानदार बढ़ोतरी लगातार मिल रहे नीतिगत समर्थन, विज्ञान-आधारित संरक्षण और मजबूत संस्थागत कामकाज का नतीजा है। लंबे समय तक प्राकृतिक आवास की सुरक्षा, कड़ी निगरानी और तालमेल के साथ काम करने से पूरे भारत में बाघ संरक्षण को और मजबूती मिल रही है।

### बाघ संरक्षण के लिए मजबूत प्रशासनिक ढांचा

भारत की बाघ संरक्षण नीति में लंबे समय की सोच और राष्ट्रीय व राज्य स्तर पर लगातार संस्थागत सहयोग का मेल है। 'प्रोजेक्ट टाइगर', राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और बाघ संरक्षण योजनाएं मिलकर बाघों के प्राकृतिक आवास के लिए एक मजबूत और विज्ञान आधारित प्रशासनिक ढांचा तैयार करते हैं।

### प्रोजेक्ट टाइगर

प्रोजेक्ट टाइगर भारत सरकार की एक प्रमुख केंद्रीय प्रायोजित योजना है। इसे पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा लागू किया जाता है। इस योजना का मकसद बाघों की आबादी को उनके प्राकृतिक आवासों में सुरक्षित रखना है। यह संरक्षण के प्रयासों के लिए बाघ वाले राज्यों को वित्तीय और तकनीकी सहायता देता है। इस कार्यक्रम में आवास की सुरक्षा, वैज्ञानिक प्रबंधन और नियमित रूप से जमीनी स्तर पर निगरानी को शामिल किया गया है। इस तरीके ने समय के साथ संरक्षण के उपायों को मजबूत किया है।
राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) की रिपोर्ट (2023) के अनुसार, 'प्रोजेक्ट टाइगर' ने 18 बाघ-रेंज वाले राज्यों में 58 बाघ अभ्यारण्य का एक नेटवर्क स्थापित किया है। ये अभ्यारण्य लगभग 84,500 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को कवर करते हैं, जो भारत के भौगोलिक क्षेत्रफल का लगभग 2.56% है। आज, 'प्रोजेक्ट टाइगर' भारत के वन्यजीव संरक्षण प्रयासों की एक आधारशिला बना हुआ है और यह बाघों तथा उनके प्राकृतिक आवासों की सुरक्षा के प्रति सरकार की दीर्घकालिक प्रतिबद्धता को दशार्ता है। क्या आप जानते हैं? वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम , (डब्ल्यूपीए), 1972 की धारा 38 V (3) के तहत प्रत्येक राज्य सरकार के लिए प्रत्येक
बाघ अभ्यारण्य के लिए एक 'बाघ संरक्षण योजना' तैयार करना अनिवार्य है। ऐसी योजनाओं को बाघ अभ्यारण्य की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए और बाघों, उनके साथ शिकार करने वाले अन्य जानवरों तथा उनका शिकार बनने वाले जानवरों की आबादी को बनाए रखने के लिए उपयुक्त आवास सुविधाएं प्रदान करनी चाहिए।
राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) 'प्रोजेक्ट टाइगर' और उससे जुड़ी संरक्षण पहलों के कार्यान्वयन की निगरानी करता है। एनटीसीए बाघ-रेंज वाले राज्यों को वैज्ञानिक, तकनीकी और वित्तीय मार्गदर्शन प्रदान करता है। यह 'बाघ संरक्षण योजनाओं' को मंजूरी देता है और अभ्यारण्य प्रबंधन के लिए मानक संचालन
प्रक्रियाएं (एसओपी) जारी करता है। यह प्राधिकरण आवधिक आकलनों के माध्यम से बाघ अभ्यारण्य के प्रबंधन की निगरानी भी करता है। इसका विज्ञान आधारित दृष्टिकोण आवास संरक्षण में सुधार करता है, संरक्षण के परिणामों को बेहतर बनाता है और पूरे भारत में जंगली बाघों के लंबे समय तक बचे रहने में मदद करता है।
क्या आप जानते हैं? एनटीसीए की अध्यक्षता केंद्रीय पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्री करते हैं। इसमें संसद सदस्य, वरिष्ठ सरकारी अधिकारी और विशेषज्ञ भी शामिल होते हैं। यह प्राधिकरण बाघ संरक्षण का मार्गदर्शन करता है, बाघ अभ्यारण्य की देखरेख करता है और पूरे देश में 'प्रोजेक्ट टाइगर' का प्रभावी कार्यान्वयन सुनिश्चित करता है।

### टाइगर टास्क फोर्स

भारत सरकार ने संरक्षण नीतियों का पुनपरीक्षण करने और सुधारों की सिफारिश करने के लिए 'टाइगर टास्क फोर्स' का गठन किया था। टाइगर टास्क फोर्स ने भारत के बाघ संरक्षण ढांचे की समीक्षा की और महत्वपूर्ण नीतिगत सुधारों की सिफारिश की। इससे प्रशासनिक विशेषज्ञ, पारिस्थितिकीविद और सामुदायिक प्रतिनिधि एक मंच पर आये। टास्क फोर्स ने पारदर्शिता, सामुदायिक भागीदारी और 'प्रोजेक्ट टाइगर' के लिए मजबूत संस्थागत सहयोग पर जोर दिया। इसकी सिफारिशों ने एक अधिक सुदृढ़ संरक्षण ढांचे को आकार दिया। इनके परिणामस्वरूप 2006 में वन्यजीव (संरक्षण) अधिनियम में महत्वपूर्ण संशोधन किए गए। इन संशोधनों ने राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) और वन्यजीव अपराध नियंत्रण ब्यूरो (डब्ल्यूसीसीबी) को वैधानिक निकायों के रूप में स्थापित किया। भारत का बाघ संरक्षण ढांचा संस्थानों और सहकारी संघवाद पर आधारित एक मजबूत शासन मॉडल को दशार्ता है। यह एकीकृत दृष्टिकोण भारत की जैव विविधता को आगे बढ़ाते हुए बाघों के भविष्य को सुरक्षित करने में मदद कर रहा है।

क्या आप जानते हैं? भारत के बाघ अभ्यारण्य 'लैंडस्केप-आधारित संरक्षण दृष्टिकोण का पालन करते हैं। प्रत्येक अभ्यारण्य में एक 'कोर क्षेत्र' (जिसे क्रिटिकल टाइगर हैबिटेट या संकटग्रस्त बाघ आवास भी कहा जाता है) और एक 'बफर क्षेत्र' शामिल होता है। कोर क्षेत्रों को सर्वोच्च स्तर की सुरक्षा प्राप्त होती है। बफर क्षेत्र संरक्षण और सतत आजीविका के बीच संतुलन बनाए रखते हैं। इसके अलावा, वन्यजीव गलियारे बाघ अभ्यारण्य को आपस में जोड़ते हैं, जिससे बाघों की सुरक्षित आवाजाही संभव होती है और पूरे क्षेत्र में उनकी स्वस्थ आबादी बनी रहती है।

### भारत में बाघों की निगरानी और मूल्यांकन

भारत ने बाघों की आबादी की निगरानी और मूल्यांकन के लिए एक मजबूत, विज्ञान आधारित प्रणाली विकसित की है। यह दृष्टिकोण मैदानी सर्वेक्षणों, कैमरा ट्रैप, डिजिटल तकनीकों और वैज्ञानिक विश्लेषण को जोड़ता है। यह बाघों की आबादी, शिकार की प्रजातियों और आवास की गुणवत्ता पर विश्वसनीय डेटा उत्पन्न करता है।

यह जानकारी साक्ष्य-आधारित संरक्षण नियोजन और अनुकूलनीय प्रबंधन का मार्गदर्शन करती है। निरंतर निगरानी आवास संरक्षण को मजबूत करती है

# संभाग के 135 राइस मिलर्स का ₹50 करोड़ अटका, अब आर-पार की तैयारी!

## शहडोल, उमरिया और अनूपपुर के राइस मिलर्स पहली बार एक मंच पर एकजुट, भुगतान नहीं हुआ तो आंदोलन की चेतावनी

**समाज जागरण**

शहडोल। शहडोल संभाग के राइस मिल उद्योग से जुड़े कारोबारियों में लंबे समय से लंबित भुगतान को लेकर नाराजगी बढ़ती जा रही है। शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिले के करीब 135 राइस मिलर्स पहली बार एक मंच पर एकजुट हुए हैं। होटल विजयश्री में आयोजित संयुक्त बैठक में मिलर्स ने अपनी समस्याओं पर विस्तार से चर्चा करते हुए सरकार और संबंधित विभागों से लंबित राशि के शीघ्र भुगतान की मांग उठाई। बैठक में मिलर्स की ओर से बताया गया कि संभाग के राइस मिलर्स का विभिन्न मदों में करीब ₹50 करोड़ का भुगतान लंबे समय से अटका हुआ है। इतनी बड़ी राशि का भुगतान नहीं होने से राइस मिल संचालकों के सामने आर्थिक संकट की स्थिति बनती जा रही है। मिलर्स का कहना है कि उन्हें मिलों के संचालन के साथ बिजली बिल, कर्मचारियों का वेतन, परिवहन, मशीनों के रखरखाव और अन्य दैनिक खर्चों का भुगतान लगातार करना पड़ रहा है, जबकि उनकी बड़ी पूंजी लंबित भुगतान में फंसी हुई है। तीन जिलों के मिलर्स ने दिखाई एकजुटता

इस बैठक की सबसे अहम बात शहडोल, उमरिया और अनूपपुर जिले के राइस मिलर्स का एक साथ आना रहा। अब तक अलग-अलग स्तर पर अपनी समस्याएं उठाते रहे मिलर्स ने संयुक्त रूप से अपनी आवाज शासन तक पहुंचाने का निर्णय लिया है। बैठक में इस बात पर जोर दिया गया कि लंबित भुगतान का मामला केवल किसी एक मिलर या जिले का नहीं, बल्कि पूरे संभाग के राइस मिल उद्योग से जुड़ा विषय बन चुका है। मिलर्स का कहना है कि शासन की व्यवस्था के तहत वे अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करते हैं, लेकिन समय पर भुगतान नहीं मिलने के कारण उनकी आर्थिक व्यवस्था प्रभावित हो रही है। यदि यही स्थिति लंबे समय तक बनी रही तो कई मिलों के नियमित संचालन पर भी असर पड़ सकता है।

**₹50 करोड़ के भुगतान पर अब आर-पार की तैयारी**

बैठक में मिलर्स ने स्पष्ट संकेत दिए कि वे अब केवल आश्वासन के भरोसे लंबे समय तक इंतजार करने के पक्ष में नहीं हैं। पहले संबंधित अधिकारियों और शासन के समक्ष संयुक्त रूप से अपनी मांग रखी जाएगी और लंबित भुगतान के निराकरण के लिए ठोस पहल की मांग की जाएगी।

मिलर्स ने कहा कि यदि इसके बाद भी समाधान नहीं निकलता और भुगतान की दिशा में कोई ठोस कार्रवाई नहीं होती है, तो आंदोलन का रास्ता अपनाने पर विचार किया जाएगा। इसके लिए संभाग स्तर पर रणनीति तैयार कर आगे की रूपरेखा तय की जा सकती है।

आर्थिक संकट से जूझ रहा उद्योग

राइस मिलर्स के अनुसार करोड़ों रुपये की राशि लंबे समय तक अटकने का सीधा असर कारोबार की कार्यशील पूंजी पर पड़ता है। मिल संचालन के लिए नियमित रूप से बड़ी राशि की आवश्यकता होती है। ऐसे में भुगतान में लगातार देरी होने से मिल संचालकों को आर्थिक दबाव का सामना करना पड़ रहा है। बैठक में मिलर्स ने मांग की कि शासन इस मामले को गंभीरता से लेते हुए लंबित भुगतान की स्थिति की समीक्षा करे और करीब ₹50 करोड़ की राशि जारी करने के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करे।

सरकार के रुख पर टिकी निगाहें

तीनों जिलों के करीब 135 राइस मिलर्स की एकजुटता के बाद अब मामला संभाग स्तर पर बड़ा रूप लेता दिखाई दे रहा है। बैठक के माध्यम से मिलर्स ने अपनी नाराजगी और आगे की रणनीति के संकेत दे दिए हैं। अब निगाहें सरकार और संबंधित विभागों पर हैं। सवाल यह है कि क्या करीब ₹50 करोड़ के लंबित भुगतान का जल्द समाधान होगा या

राइस मिलर्स को अपनी मांग मनवाने के लिए आंदोलन की राह पकड़नी पड़ेगी? आने वाले दिनों में शासन का रुख ही यह तय करेगा कि मामला बातचीत से सुलझता है या संभाग के राइस मिलर्स अपनी चेतावनी को आंदोलन में बदलते हैं।

# धनपुरी में विद्यार्थियों को एसपी संजय अग्रवाल ने पढ़ाया नशा मुक्ति का पाठ

## बोले – आज लिया गया एक सही निर्णय, आने वाली पीढ़ियों का सुरक्षित भविष्य तय करता है

**समाज जागरण**

धनपुरी। युवाओं और विद्यार्थियों को नशे के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से धनपुरी में आयोजित जागरूकता कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक श्री संजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों से संवाद किया। उन्होंने विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने की सीख देते हुए नशामुक्त समाज के निर्माण में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया।

विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए पुलिस अधीक्षक श्री अग्रवाल ने कहा कि नशा व्यक्ति के स्वास्थ्य को नुकसान पहुंचाने के साथ उसके परिवार, शिक्षा, भविष्य और सामाजिक जीवन पर भी गंभीर प्रभाव डाल सकता है। विद्यार्थी जीवन भविष्य की नींव तैयार करने का समय होता है, इसलिए इस उम्र में लिया गया सही निर्णय पूरे जीवन की दिशा निर्धारित कर सकता है।

उन्होंने कहा, आज लिया गया एक सही निर्णय, आने वाली पीढ़ियों का सुरक्षित भविष्य तय करता है। युवाओं को किसी भी प्रकार के नशे और गलत संगत से दूरी बनानी चाहिए तथा अपनी ऊर्जा शिक्षा, खेल, रचनात्मक गतिविधियों और समाजहित के कार्यों में लगानी चाहिए। पुलिस अधीक्षक

ने विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे स्वयं नशे से दूर रहने के साथ अपने मित्रों, परिवार और आसपास के लोगों को भी इसके नुकसान के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि नशामुक्त भारत का सपना केवल शासन-प्रशासन या पुलिस के प्रयासों से पूरा नहीं हो सकता, बल्कि इसके लिए समाज के प्रत्येक वर्ग, विशेषकर युवाओं की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को नशे के कारण होने वाले सामाजिक एवं व्यक्तिगत नुकसान के बारे में जानकारी देते हुए सकारात्मक जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया।

अंत में पुलिस अधीक्षक श्री संजय अग्रवाल ने विद्यार्थियों से नशामुक्त भारत के निर्माण में सहभागी बनने का आह्वान करते हुए कहा कि आइए, हम सभी मिलकर ऐसा समाज बनाने का संकल्प लें, जहां युवा नशे की गिरफ्त में नहीं, बल्कि शिक्षा, संस्कार और अपने सपनों की उड़ान में आगे बढ़ें।

# जरूरतमंद बच्चों के चेहरों पर मुस्कान बिखेरने वाले आशीष मिश्रा बने प्रेरणा, 300 विद्यार्थियों को बांटी अध्ययन सामग्री और मिष्ठान

## भालूमाड़ा के पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल में गणेश ट्रांसपोर्ट की अनूठी पहल, बोले- आर्थिक अभाव किसी बच्चे की पढ़ाई में नहीं बनने देंगे बाधा

**समाज जागरण**

जमुना-कोतमा/भालूमाड़ा। शिक्षा के प्रति सामाजिक जिम्मेदारी निभाते हुए गणेश ट्रांसपोर्ट कंपनी के संचालक आशीष मिश्रा ने मंगलवार, 28 जुलाई 2026 को पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल भालूमाड़ा में एक प्रेरणादायी पहल करते हुए लगभग 300 विद्यार्थियों को कॉपी, पेन, टिफिन बॉक्स, पानी की बोतल एवं मिष्ठान वितरित किया। उपयोगी अध्ययन सामग्री पाकर बच्चों के चेहरे खुशी से खिल उठे और विद्यालय परिसर उत्साह से गूंज उठा। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस अवसर पर आशीष मिश्रा ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि सफलता का आधार आर्थिक स्थिति नहीं, बल्कि



मेहनत, लगन और आत्मविश्वास होता है। उन्होंने कहा कि किसी भी बच्चे को यह नहीं सोचना चाहिए कि वह गरीब है या अमीर, सरकारी स्कूल में पढ़ता है या निजी विद्यालय में। इन बातों से नहीं, बल्कि परिश्रम और सीखने की इच्छा से भविष्य का निर्माण होता है।

उन्होंने विद्यार्थियों से भावुक अपील करते हुए कहा कि यदि किसी भी छात्र की पढ़ाई आर्थिक अभाव के कारण प्रभावित हो रही हो या उसे पढ़ाई से जुड़ी किसी भी सामग्री की आवश्यकता हो, तो वह बिना किसी संकोच के सीधे उनसे संपर्क कर सकता है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि किसी भी बच्चे की शिक्षा केवल संसाधनों की कमी के कारण नहीं रुकने दी जाएगी और जरूरतमंद विद्यार्थियों की हरसंभव सहायता की जाएगी। कार्यक्रम के दौरान आशीष मिश्रा ने विद्यालय के समस्त शिक्षकों एवं स्टाफ का सम्मान करते हुए उन्हें उपहार स्वरूप दीवार घड़ियां भेंट कीं। वहीं विद्यालय परिवार ने भी पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका आत्मीय स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर आशीष मिश्रा के परिवार के सदस्य भी उपस्थित रहे।

भाजपा नेता उमेश मिश्रा एवं वरिष्ठ भाजपा नेता प्रेमचंद यादव ने विद्यार्थियों को अनुशासन, संस्कार और मन लगाकर पढ़ाई करने का संदेश देते हुए आशीष मिश्रा की इस सामाजिक पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को शिक्षा के क्षेत्र में आगे आकर जरूरतमंद बच्चों का सहयोग करना चाहिए। आशीष मिश्रा की इस संवेदनशील पहल की विद्यालय परिवार, विद्यार्थियों, अभिभावकों एवं क्षेत्रवासियों ने मुक्तकंठ से प्रशंसा की। लोगों ने इसे सामाजिक सरोकार और शिक्षा के प्रति समर्पण का प्रेरणादायी उदाहरण बताते हुए कहा कि यदि ऐसे प्रयास लगातार होते रहें तो अनेक प्रतिभाशाली बच्चों का भविष्य संवर सकता है। इस अवसर पर विद्यालय के प्राचार्य सतीश सिंह, पत्रकार संतोष चौरसिया, गुलाब रजक, राकेश मिश्रा उर्फ चरकू, डबलू मिश्रा, विद्यालय का समस्त स्टाफ तथा बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे

# दो दिन में बदला फैसला, अब पार्थ जायसवाल संभालेंगे शहडोल की कमान

## मिशा सिंह की नियुक्ति के बाद आया नया आदेश; जिला पंचायत CEO के रूप में शहडोल में पहले भी दे चुके हैं सेवाएं

**समाज जागरण**

शहडोल। जिले के प्रशासनिक गलियारों में बीते दो दिनों के दौरान तेजी से बदले घटनाक्रम ने सभी का ध्यान खींचा है। राज्य शासन की ओर से पहले मिशा सिंह को शहडोल कलेक्टर नियुक्त किए जाने का आदेश जारी किया गया था, लेकिन उनके कार्यभार ग्रहण नहीं करने के बाद शासन ने नया आदेश जारी करते हुए छतरपुर कलेक्टर

पार्थ जायसवाल को शहडोल की कमान सौंप दी। इस तरह महज दो दिनों के भीतर शहडोल कलेक्टर की नियुक्ति को लेकर दो अलग-अलग आदेश सामने आए। हालांकि, पार्थ जायसवाल के लिए शहडोल कोई नया जिला नहीं है। वे इससे पहले यहां जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी (CEO) के रूप में सेवाएं दे चुके हैं। अपने पूर्व कार्यकाल के दौरान वे प्रशासनिक



सक्रियता, अनुशासन और मैदानी स्तर पर योजनाओं की निगरानी को लेकर चर्चा में रहे थे। पुराने अनुभव के साथ नई और बड़ी जिम्मेदारी जिला पंचायत CEO के रूप में काम करते हुए पार्थ जायसवाल को शहडोल के ग्रामीण क्षेत्रों, प्रशासनिक व्यवस्था और विकास से जुड़े मुद्दों को करीब से समझने का अवसर मिला था। अब कलेक्टर के रूप में उनकी वापसी होने से उनके सामने जिम्मेदारियों का दायरा कहीं अधिक व्यापक होगा। शहर की यातायात व्यवस्था, अधूरे विकास कार्य, पेयजल आपूर्ति, स्वास्थ्य एवं शिक्षा व्यवस्था के साथ ग्रामीण क्षेत्रों में सरकारी योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन जैसे मुद्दे नए कलेक्टर की प्राथमिकताओं में शामिल हो सकते हैं। शहडोल की नब्ज से पहले से परिचित हैं जायसवाल आमतौर पर किसी जिले में पदस्थ होने वाले नए अधिकारी को

स्थानीय परिस्थितियों और प्रशासनिक ढांचे को समझने में समय लगता है, लेकिन पार्थ जायसवाल के मामले में स्थिति कुछ अलग है। शहडोल में पूर्व पदस्थापना के कारण वे जिले की भौगोलिक, ग्रामीण

और प्रशासनिक परिस्थितियों से पहले से परिचित रहे हैं। ऐसे में उम्मीद की जा रही है कि पुराना अनुभव उन्हें कलेक्टर के रूप में अपनी नई जिम्मेदारी संभालने में मदद करेगा और लंबित कार्यों तथा जनसमस्याओं के निराकरण में तेजी देखने को मिल सकती है।

दो दिनों में दो नियुक्ति आदेशों के बाद आखिरकार शहडोल की प्रशासनिक तस्वीर साफ हो गई है। अब निगाहें पार्थ जायसवाल की नई पारी पर हैं– पुराने अनुभव के साथ कलेक्टर की बड़ी जिम्मेदारी संभालते हुए वे शहडोल के विकास और प्रशासन को कितनी गति दे पाते हैं, यह आने वाला समय बताएगा।

# संत रविदास जी के विचारों को जन-जन तक पहुंचाएंगे भाजपा कार्यकर्ता: आशुतोष

## संत रविदास जी समरसता संकल्प अभियान की कार्यशाला संपन्न

**समाज जागरण**

उमरिया। भारतीय जनता पार्टी द्वारा संत शिरोमणि रविदास महाराज जी की 650वीं जयंती के उपलक्ष्य में 29 जुलाई से 20 फरवरी 2027 तक आयोजित होने वाले संत रविदास महाराज समरसता संकल्प अभियान को लेकर आज मंगलवार को जिला भाजपा कार्यालय भरौली में जिला स्तरीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। जिसमें आगामी कार्यक्रमों को लेकर चर्चा कर रूपरेखा तैयार की गई। जिले के प्रत्येक मंडलों में कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन के लिए मंडल स्तर पर टोली का गठन किया गया। जिसमें एक संयोजक और दो सहसंयोजक बनाए गए हैं। जिला स्तरीय कार्यशाला भाजपा जिलाध्यक्ष की अध्यक्षता में आयोजित की गई




जिसमें सर्वप्रथम संत शिरोमणि रविदास जी एवं भारत माता के छायाचित्रों के समक्ष दीप प्रज्वलित किया गया इसके पश्चात कार्यशाला प्रारंभ की गई। जिला स्तरीय कार्यशाला में संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती की उपलक्ष पर 29 जुलाई से 20 फरवरी 2027 तक चलने वाले कार्यक्रमों की विधिवत जानकारी और रूपरेखा के बारे में एससी मोर्चा के जिला अध्यक्ष और कार्यक्रम के सहसंयोजक दिलीप प्रजापति ने विस्तार से बताया। जिसमें गुरु गुरु पूर्णिमा, कलश पूजन कलश वंदन, संत शिरोमणि रथ यात्रा, संपर्क, विभिन्न प्रकार के संतों से संवाद और उनका अभिनंदन, नुक्कड़ सभाए, धार्मिक अनुष्ठान जैसे विभिन्न प्रकार के

कार्यक्रम आयोजित होंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में कहा कि "मन चंगा तो कठौती में गंगा" कहावत को चरितार्थ करने वाले संत शिरोमणि रविदास जी की जयंती कार्यक्रम को भारतीय जनता पार्टी भव्य और दिव्य तरीके से जिला स्तर से लेकर ग्राम और बूथ स्तर तक आयोजित करेगी। इसे लेकर मंडल स्तर की टोलियां बनाई जा चुकी हैं। इस दौरान निकलने वाली कलश रथ यात्रा हर गांव, हर पोलिंग बूथ तक पहुंचेगी। जिससे संत रविदास जी के विचार घर-घर तक पहुंचेंगे। भाजपा जिला अध्यक्ष श्री अग्रवाल ने सभी पार्टी पदाधिकारी एवं कार्यकताओं से आह्वान किया है कि वे इस शानदार आयोजन में अपनी शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करें।

कार्यशाला का संचालन भाजपा जिला उपाध्यक्ष अमित सिंह ने किया। कार्यशाला बैठक में पूर्व जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा, जिला उपाध्यक्ष धनुषधारी सिंह, सुमित गौतम, महामंत्री और कार्यक्रम के संयोजक राधेलाल कोल, हरीश विश्वकर्मा, वरिष्ठ नेता मौजीलाल चौधरी,जिला मंत्री पूजा बैगा,प्रेमलता बर्मन, प्रीति पयासी,शैलेन्द्र सिंह,राममिलन यादव ,महिला मोर्चा अध्यक्ष नम्रता यादव, मंडल अध्यक्ष नीतू सिंह शैलेन्द्र द्विवेदी,पुष्पेंद्र सिंह रघुवंशी, मैक्स साहू,पुष्पेंद्र सोनी,राममोल केवट, अशोक नायक, सुजीत सिंह भदौरिया,राकेश टार्जन,झाला नरेश, पार्षद सविता सोंधिया, रामप्रसाद विश्वकर्मा, आयुष पाठक,आशुतोष तिवारी,नितिन बसानी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**आज बुधवार को खलेसर घाट में होगा दीपोत्सव**

संत शिरोमणि रविदास जी महाराज की 650 वीं जयंती के उपलक्ष पर 29 जुलाई से प्रारंभ होने वाले कार्यक्रमों में नगर मंडल उमरिया के द्वारा जिला मुख्यालय की उमरार नदी खलेसर घाट में बुधवार की शाम 6 बजे दीपोत्सव का कार्यक्रम रखा गया है जिसमें जिला पदाधिकारी सहित नगर मंडल के भाजपा कार्यकर्ता और पदाधिकारी शामिल रहेंगे।

# अनुसूचित जाति प्रमाणपत्र की मांग को लेकर निषाद समाज ने सौंपा ज्ञापन

**समाज जागरण/ अनिल कुमार अग्रहरी**

डाला/सोनभद्र। मंगलवार को निषाद पार्टी के पदाधिकारियों और कार्य कताओं ने समाज कल्याण राज्य मंत्री संजीव सिंह गौड़ को उनके आवास पर ज्ञापन सौंपा। यह ज्ञापन मझवार, तुरैहा सहित निषाद समाज की विभिन्न जातियों को अनुसूचित जाति (एससी) का प्रमाणपत्र जारी करने की मांग को लेकर दिया गया। ज्ञापन के माध्यम से महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, केंद्रीय गृहमंत्री, मुख्यमंत्री और अन्य संबंधित अधिकारियों से इस संबंध में आवश्यक कार्रवाई की मांग की गई। इसमें बताया गया कि उत्तर प्रदेश लोक सेवा (अनुसूचित जातियों, अनुसूचित जनजातियों एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए आरक्षण) अधिनियम, 1994 में वर्ष 2016 और 2017 में संशोधन किए गए थे। इन संशोधनों के बाद निषाद, केवट, मल्लाह, कश्यप, कहार, धीमर, बिंद, बाथम, तुरहा, गोड़िया, मांझी, मछुआ सहित कई जातियों को पिछड़ा वर्ग की सूची से हटा दिया गया था। इसके बावजूद, तहसील और जिला स्तर पर इन समुदायों के लोगों को अभी भी अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) का प्रमाणपत्र जारी किया जा रहा है। ज्ञापन में इसे शासनादेश



के विपरीत बताया गया। ज्ञापन में 10 अगस्त 1950 की राष्ट्रपति अधिसूचना, वर्ष 1961 के जन गणना अभिलेख और 29 अगस्त 1977 के भारत सरकार के शासनादेश का उल्लेख किया गया। इसमें दावा किया गया कि मझवार, तुरैहा और उनसे संबंधित कई जातियां अनुसूचित जाति की श्रेणी में सूचीबद्ध हैं। यह भी बताया गया कि देश के कई राज्यों में इन समुदायों को अनुसूचित जाति या अनुसूचित जनजाति का दर्जा प्राप्त है। निषाद पार्टी के प्रतिनिधियों ने मांग की कि वर्ष 2016 और 2017 के शासनादेशों का प्रदेशभर में प्रभावी अनुपालन कराया जाए। उन्होंने संबंधित जातियों को अनुसूचित जाति के प्रमाणपत्र जारी करने और उन्हें अनुसूचित जाति के अंतर्गत मिलने वाले सभी संवैधानिक अधिकार तथा योजनाओं का लाभ देने की मांग की। साथ ही, उत्तराखंड की तर्ज पर आवश्यक विधायी कार्रवाई कर इन जातियों की स्पष्ट परिभाषा निर्धारित करने की भी मांग की गई।

ज्ञापन सौंपने के दौरान जिलाध्यक्ष अनिकेत निषाद, प्रदेश महासचिव दयाशंकर निषाद, जिला संयोजक शिवेंद्र निषाद, छोटेलाल साहनी, राम सुंदर, मुनिया देवी, पिंटू, प्रदीप, फूलचंद चौधरी, विनय, राकेश, लाल साहब, लालजी, विनोद चौधरी, राज नारायण सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2026 मनाया; राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीएचसीपी) के आठ वर्ष पूरे होने का जश्न मनाया

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने हेपेटाइटिस मुक्त भारत का आह्वान किया; उन्होंने सरकार, राज्यों और हितधारकों से 2030 तक वायरल हेपेटाइटिस को सार्वजनिक स्वास्थ्य के जोखिम को दूर करने के लिए सामूहिक कार्रवाई का आग्रह किया भारत उन चुनिंदा देशों में शामिल है जो हेपेटाइटिस सी का मुफ्त इलाज और हेपेटाइटिस बी का प्रबंधन प्रदान करते हैं; सेवाओं की पहुंच और वहनीयता को मजबूत किया गया है: श्रीमती पटेल हेपेटाइटिस बी की जन्म के समय खुराक की कवरेज 92 से अधिक हो गई है; राज्यों को गर्भवती महिलाओं की हेपेटाइटिस बी की शत-प्रतिशत जांच सुनिश्चित करनी चाहिए और हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी के बारे में जागरूकता को बढ़ाना चाहिए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव के अनुसार, एनवीएचसीपी के तहत 21 करोड़ से अधिक लाभार्थियों की जांच की गई, 6 लाख से अधिक रोगियों का इलाज किया गया, 1,153 उपचार केंद्र स्थापित किए गए और 7.64 करोड़ गर्भवती महिलाओं की जांच की गई

एनवीएचसीपी प्रजनन एवं बाल स्वास्थ्य (आरसीएच) कार्यक्रम और राष्ट्रीय एड्स नियंत्रण कार्यक्रम के साथ समन्वय का लाभ उठाता है कार्यक्रम में वायरल हेपेटाइटिस, संचरण के तरीकों और एनवीएचसीपी के तहत उपलब्ध सेवाओं पर सूचना, शिक्षा एवं संवाद सामग्री जारी की गई केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने आज वैश्विक थीम हेपेटाइटिस: आइए इसे खत्म करें के तहत विश्व हेपेटाइटिस दिवस 2026 मनाया, जो राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीएचसीपी) के आठ वर्ष पूरे होने का प्रतीक है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत 2018 में विश्व हेपेटाइटिस दिवस पर शुरू किया गया यह कार्यक्रम, सतत विकास लक्ष्य (एसडीजी) लक्ष्य 3.3 के अनुरूप, 2030 तक वायरल हेपेटाइटिस को सार्वजनिक स्वास्थ्य संबंधी जोखिमों को समाप्त करने के लिए भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। केंद्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण एवं रसायन तथा उर्वरक राज्य मंत्री श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने मुख्य भाषण दिया और हेपेटाइटिस मुक्त भारत के लिए भारत सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया तथा सरकार, राज्यों और सभी हितधारकों से इस लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए गहन प्रयास करने का आह्वान किया। मुख्य भाषण देते हुए श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने कहा, भारत राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के आठ वर्ष पूरे कर रहा है, जिसके दौरान रोकथाम, जांच, निदान, उपचार और अनुवर्ती कार्रवाई में उल्लेखनीय प्रगति हुई है। उन्होंने कहा, भारत उन चुनिंदा देशों में से है जो हेपेटाइटिस सी का निःशुल्क उपचार और हेपेटाइटिस बी का प्रबंधन प्रदान करते हैं, साथ ही सेवाओं की सुलभता और सामर्थ्य में सुधार के लिए निरंतर प्रयासरत हैं। उन्होंने यह भी बताया कि दवाओं की लागत एक डॉलर से भी कम हो गई है, जबकि गुणवत्तापूर्ण निदान को तेजी से सुलभ बनाया जा रहा है ताकि शीघ्र पहचान और समय पर उपचार को सुगम बनाया जा सके।

श्रीमती पटेल ने कहा कि कार्यक्रम का विस्तार चरणबद्ध तरीके से किया गया है। शुरूआत में, जिला स्वास्थ्य केंद्रों में सरल मामलों के लिए उपचार सेवाओं को मजबूत किया गया, जबकि चुनिंदा संस्थानों को जटिल मामलों के लिए रेफरल सेवाएं प्रदान करने हेतु सशक्त बनाया गया। इसके बाद, जांच और उपचार सेवाओं का विस्तार देश भर में फैले 18 लाख से अधिक आयुष्मान आरोग्य मंदिरों के नेटवर्क तक किया गया, जिससे प्राथमिक स्वास्थ्य देखभाल स्तर पर हेपेटाइटिस सेवाओं की पहुंच का विस्तार हुआ। निवारक उपायों पर प्रकाश डालते हुए, श्रीमती पटेल ने कहा कि "वर्ष 2011 में सार्वभौमिक टीकाकरण कार्यक्रम के तहत शुरू किए गए हेपेटाइटिस बी टीके ने 92 प्रतिशत से अधिक जन्म के समय खुराक कवरेज हासिल कर लिया है।" उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि "वर्तमान में लगभग 65 प्रतिशत गर्भवती महिलाओं की हेपेटाइटिस बी के लिए जांच की जा रही है, लेकिन राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को शत-प्रतिशत जांच की दिशा में काम करना चाहिए ताकि सभी पात्र नवजात शिशुओं को हेपेटाइटिस बी की जन्म के समय खुराक समय पर दी जा सके और हेपेटाइटिस बी पॉजिटिव माताओं के नवजात शिशुओं को 24 घंटों के भीतर हेपेटाइटिस बी इम्युनोग्लोबुलिन (एचबीआईजी) दिया जा सके।"

श्रीमती पटेल ने पेशा आधारित संक्रमण को रोकने के लिए स्वास्थ्यकर्मियों के टीकाकरण के महत्व पर भी बल दिया और संवेदनशील समूहों को दीर्घकालिक यकृत रोग और यकृत कैंसर से बचाने के लिए अत्यधिक जोखिम वाली आबादी के बीच लक्षित क्रियाकलापों का आह्वान किया। हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी को "मूक हत्यारा" बताते हुए, उन्होंने जन जागरूकता बढ़ाने की आवश्यकता पर बल दिया और राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से आग्रह किया कि वे समुदायों को शिक्षित करें कि सरकारी स्वास्थ्य केंद्रों में परीक्षण और उपचार सेवाएं उपलब्ध हैं। श्रीमती पटेल ने इस बात पर जोर देते हुए कहा कि स्वास्थ्य एक साझा लक्ष्य है, और भारत सरकार, राज्य सरकारों और सभी हितधारकों को 2030 तक वायरल हेपेटाइटिस को सार्वजनिक स्वास्थ्य जोखिमों को समाप्त करने के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नए सिरे से प्रतिबद्धता के साथ मिलकर काम करना जारी रखना चाहिए। देश के सामूहिक प्रयासों पर विश्वास व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा कि निरंतर और गहन प्रयासों से हेपेटाइटिस-मुक्त भारत के सपने को साकार करने में मदद मिलेगी। इस अवसर पर, श्रीमती पटेल ने सूचना, शिक्षा और संवाद (आईईसी) सामग्री भी जारी की, जिसमें हेपेटाइटिस बी और हेपेटाइटिस सी पर पोस्टर शामिल हैं, जो संक्रमण के तरीकों और राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम (एनवीएचसीपी) के तहत उपलब्ध सेवाओं को उजागर करते हैं, ताकि राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में इनका प्रसार किया जा सके।

सभा को संबोधित करते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव श्रीमती पुण्य सलीला श्रीवास्तव ने राष्ट्रीय वायरल हेपेटाइटिस नियंत्रण कार्यक्रम के तहत हासिल की गई महत्वपूर्ण प्रगति पर प्रकाश डाला।

# घरेलू विनिर्माण में मजबूत वृद्धि से भारत के खिलौना निर्यात में 89.1 प्रतिशत की भारी बढ़ोत्तरी

टॉय बिज इंटरनेशनल 2026 में 400 भारतीय ब्रांडों का प्रदर्शन, घरेलू बिक्री और निर्यात के अवसरों को बढ़ावा सरकारी पहलों से भारत के खिलौना उद्योग की गुणवत्ता, सुरक्षा और प्रतिस्पर्धात्मकता में वृद्धि टॉय एसोसिएशन ऑफ इंडिया द्वारा 17वीं टॉय बिज इंटरनेशनल बी2बी प्रदर्शनी का आयोजन 4 से 7 जुलाई, 2026 तक भारत मंडपम, नई दिल्ली में किया गया। प्रदर्शनी का उद्देश्य भारतीय खिलौनों को बढ़ावा देना, व्यावसायिक नेटवर्किंग को सुगम बनाना और घरेलू बिक्री और निर्यात में वृद्धि के अवसर सृजित करना था। इसमें 400 भारतीय खिलौना ब्रांडों, 40 देशों के 100 अंतरराष्ट्रीय खरीदारों और लगभग 30,000 व्यावसायिक आगंतुकों ने भाग लिया। प्रदर्शनी ने निमार्ताओं को थोक विक्रेताओं, खुदरा विक्रेताओं, वितरकों, संस्थागत खरीदारों और ई-कॉमर्स प्लेटफॉर्म से जोड़ने का मंच प्रदान किया। वर्तमान में, भारत सरकार की ओर से खिलौनों के लिए कोई समर्पित नीति नहीं है। 2018-19 में भारत में 371.7 मिलियन डॉलर मूल्य के खिलौने आयात किए गए। इनमें से अधिकांश खिलौने असुरक्षित, निम्न गुणवत्ता, नकली और सस्ते थे। इसके अलावा, 2019 में किए गए एक मिस्ट्री शॉपिंग सर्वे से पता चला कि घरेलू बाजार में केवल 33 प्रतिशत खिलौने ही बीआईएस मानकों के अनुसार स्वीकार्य गुणवत्ता के थे। देश में खिलौनों की गुणवत्ता और सुरक्षा में सुधार लाने और भारतीय खिलौना उद्योग के समग्र विकास को बढ़ावा देने के लिए भारत सरकार ने कई पहलें की हैं। प्रमुख पहलें निम्नलिखित हैं: खिलौनों के लिए एक व्यापक राष्ट्रीय कार्य योजना (एनएपीटी) का निर्माण, जिसमें 21 कार्य बिंदु शामिल हैं और जिसका समन्वय 14 मंत्रालयों और विभागों द्वारा किया जाएगा। इसका उद्देश्य भारतीय मूल्यों, संस्कृति और इतिहास पर आधारित खिलौनों के डिजाइन और विकास को बढ़ावा देना; सीखने के संसाधनों के रूप में खिलौनों के उपयोग को प्रोत्साहित करना; खिलौनों के डिजाइन और निर्माण के लिए है

# बेटियों की पढ़ाई पर मंडराया संकट, दो शिक्षकों के हटने से 115 छात्राओं का भविष्य अधर में

## निवर्तमान ग्राम प्रधान के साथ डीएम कार्यालय पहुंचीं छात्राएं, शिक्षकों की बहाली की मांग

**समाज जागरण**

बागपत। छपरौली क्षेत्र के ग्राम टांडा स्थित मॉडल बालिका इंटर कॉलेज में दो शिक्षकों का संबद्धीकरण समाप्त किए जाने के विरोध में मंगलवार को निवर्तमान ग्राम प्रधान और छात्राओं ने जिलाधिकारी कार्यालय पहुंचकर मांग पत्र सौंपा। जिले के ग्राम टांडा के निवर्तमान प्रधान नवाज़िश खान ने बताया कि वर्ष 2023 में लंबे प्रयासों के बाद टांडा में मॉडल बालिका इंटर कॉलेज का संचालन शुरू हुआ था। यह विद्यालय सीमावर्ती क्षेत्र की मुस्लिम एवं आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों के लिए शिक्षा का



महत्वपूर्ण केंद्र बन चुका है। वर्तमान में यहां लगभग 115 छात्राएं अध्ययनरत हैं। ग्रामीणों के अनुसार जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेश पर 23 जुलाई 2026 को सहायक अध्यापिका कु. ममतेश और सहायक अध्यापक राजेंद्र का संबद्धीकरण समाप्त कर उन्हें उनके मूल विद्यालय भेज दिया गया। इससे विद्यालय में अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान और जीव विज्ञान जैसे महत्वपूर्ण विषयों की पढ़ाई पूरी तरह प्रभावित हो गई है। विद्यालय में अब केवल हिंदी, सामाजिक विज्ञान और संगीत विषय की तीन शिक्षिकाएं ही कार्यरत हैं। छात्राओं ने कहा कि कक्षा 9 और 10 में गणित, विज्ञान और अंग्रेजी अनिवार्य विषय हैं, जबकि कक्षा 11 और 12 की अधिकांश छात्राओं ने विज्ञान वर्ग चुना है। ऐसे में विषय विशेषज्ञ शिक्षकों के अभाव में उनकी पढ़ाई और बोर्ड परीक्षाओं की तैयारी गंभीर रूप से प्रभावित हो रही है। ग्रामीणों ने कहा कि आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों की बेटियों का भविष्य दांव पर लग गया है। ग्रामीणों और छात्राओं ने जिलाधिकारी से मांग की कि छात्रहित को सर्वोपरि रखते हुए दोनों शिक्षकों को पुनः मॉडल बालिका इंटर कॉलेज टांडा में संबद्ध किया जाए, ताकि बेटियों की पढ़ाई निर्बाध रूप से जारी रह सके। इस दौरान डीएम अस्मिता लाल ने छात्राओं और निवर्तमान ग्राम प्रधान को आवश्यकता अनुसार कार्यवाही करने का आश्वासन दिया। इस दौरान विधि, तान्या, अंजली,
जैनब, मनीषा, बुशरा, वंशिका, स्वाति आदि छात्राएं मौजूद रही।

# महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल में डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम को दी गई श्रद्धांजलि

**समाज जागरण बागपत।**
महाराणा प्रताप पब्लिक स्कूल अग्रवाल मंडी टटीरी में भारत के पूर्व राष्ट्रपति, महान वैज्ञानिक एवं मिसाइल मैन डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम की पुण्यतिथि के अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ डॉ कलाम के चित्र पर पुष्प अर्पित एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके उपरांत विद्यालय के छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों ने दो मिनट का मौन रखकर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस अवसर पर वक्ताओं ने डॉ कलाम के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, सादगी, राष्ट्रसेवा और शिक्षा के प्रति समर्पण का अनुपम उदाहरण है। विद्यालय के प्रबंधक मनोज कुमार आर्य ने अपने संबोधन में कहा कि डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम का जीवन प्रत्येक भारतीय के लिए प्रेरणास्त्रोत है। उन्होंने युवाओं



को ज्ञान, अनुशासन एवं राष्ट्रभक्ति का संदेश दिया, जिसे अपनाकर हम एक सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में अपना योगदान दे सकते हैं। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक एवं स्टाफ सदस्य सविता शर्मा, रेखा रानी, मुनेश, अंजना कश्यप, मीना, राहुल कुमार, योगेंद्र शर्मा एवं सचिन कुमार विशेष रूप से उपस्थित रहे। वहीं विद्यार्थियों में साद, सबा, नितेश, आयुष, आयशा, लक्ष्मी, रीया, राशि, छवि, राधा, अमायरा, शमद, अधिक , राहुल, अमर, दीपांशु एवं कार्तिक सहित अनेक छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक सहभागिता करते हुए डॉ कलाम को श्रद्धांजलि अर्पित की। अंत में विद्यालय परिवार द्वारा सभी उपस्थित जनों का आभार व्यक्त किया गया तथा विद्यार्थियों से डॉ ए पी जे अब्दुल कलाम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया गया।

# आर्थिक आधार पर सामान्य वर्ग को मिले आरक्षण : ब्राह्मण समाज की बैठक में उठी मांग

## गुराना रोड पर हुई बैठक, युवाओं को नौकरी और शिक्षा में छूट देने की मांग

**समाज जागरण बड़ौत।**

गुराना रोड स्थित ब्राह्मण समाज की बैठक सोमवार को चौरासी चौधरी सुभाष चन्द भारद्वाज की अध्यक्षता में हुई। बैठक का संचालन श्याम बिहारी शर्मा ने किया। बैठक में वक्ताओं ने कहा कि सामान्य वर्ग के युवाओं को आर्थिक आधार पर आरक्षण मिलना चाहिए। चौरासी चौधरी सुभाष चन्द भारद्वाज ने कहा कि सामान्य वर्ग के छात्र नौकरी के लिए अधिक मेहनत करते हैं, लेकिन आरक्षण न मिलने के कारण उनका



नाम मेरिट लिस्ट में नहीं आ पाता। पिछड़े और अन्य वर्गों को नौकरी मिल जाती है।
थम्बा चौधरी ओमकार शर्मा ने कहा कि सामान्य वर्ग में भी कई युवा गरीबी में जीवन बिता रहे हैं। आर्थिक स्थिति के आधार पर उन्हें नौकरी में अवसर मिलना चाहिए। कुछ वक्ताओं ने मांग की कि सामान्य वर्ग को पिछड़े वर्ग से भी अधिक आरक्षण दिया जाए, क्योंकि आर्थिक तंगी के कारण वे मजदूरी कर अपना जीवन यापन कर रहे हैं। बैठक में यह भी प्रस्ताव रखा गया कि निर्धन सामान्य वर्ग के बच्चों को कक्षा 1 से 12 तक निजी स्कूलों में निशुल्क शिक्षा दी जाए। जिस तरह अन्य वर्गों के युवाओं को कंप्यूटर कोर्स और विश्वविद्यालयों में छूट मिलती है, उसी तरह सामान्य वर्ग के छात्रों को भी सुविधा मिलनी चाहिए।

बैठक में मास्टर सुरेंद्र, बीडीसी राममेहर, नीतीश भारद्वाज, केडी शर्मा, देव शर्मा, पंकज, अनिल, रिशि चौधरी, राजपाल शर्मा, सपा नेता जगदीश शर्मा, बिनौली ब्लॉक अध्यक्ष डॉ. सुनील, राजकुमार, मुकेश कौशिक, राकेश कुमार आदि मौजूद रहे।

# समीर व भारती का नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सर्व खाप ने किया सम्मान

**समाज जागरण बागपत।**

खेकड़ा नगर की पट्टी रामपुर निवासी भारती धामा पुत्री इंस्पेक्टर जयवीर धामा तथा समीर धामा पुत्र प्रदीप धामा द्वारा नीट परीक्षा उत्तीर्ण करने पर सर्व खाप चौधरी 360 पंडित नरेश शर्मा, ब्राह्मण समाज के अध्यक्ष पंडित जयकिशन शर्मा, देश खाप थाम्बा चौधरी पुनीत शर्मा ब्रह्म समाज के उपाध्यक्ष सुशील शर्मा अशोक कौशिक विप्र विद्युत परिषद के जिला अध्यक्ष पंडित अम्बे प्रसाद एडवोकेट हर्ष भारद्वाज एवं गणमान्य लोगों द्वारा उनका स्वागत एवं सम्मान किया। इस अवसर पर दोनों विद्यार्थियों की इस उल्लेखनीय उपलब्धि पर उपस्थित लोगों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएँ दी। परिजनों ने भी अपनी खुशी व्यक्त करते हुए



मिठाइयाँ वितरित कर जश्न मनाया। सम्मान समारोह में पंडित नरेश शर्मा (खाप चौधरी 360), पुनीत शर्मा (थाम्बा चौधरी), चौधरी शिवचरण, चौधरी ओमप्रकाश, चौधरी प्रेम सिंह धामा, चौधरी धनपाल सिंह, मास्टर लोकेंद्र धामा, मास्टर महावीर सिंह, मास्टर तेजवीर सिंह, सुनील कुमार, सत्येंद्र (ठेकेदार), ब्रह्मपाल सिंह, प्रवीण कुमार कुंडू, बृजपाल, जितेंद्र सिंह, उधम सिंह, पप्पन धामा प्रदीप धामा महक सिंह धामा तथा हर्ष शर्मा सहित अनेक गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# आचार्य श्री आर्जव सागर महाराज का मंगल प्रवेश 30 को

**समाज जागरण बागपत।**
परम पूज्य आचार्य श्री विद्यासागर जी महा मुनिराज के सुशिष्य, परम पूज्य आचार्य श्री आर्जव सागर महाराज ससंघ के मंगल चातुर्मास 2026 का परम सौभाग्य बड़ौत नगर को प्राप्त हुआ है। जयपुर से निरंतर 450 किलोमीटर का विहार करते हुए आचार्य श्री सरूरपुर तक पहुंच चुके हैं। वषायोग हेतु आचार्य संघ का बड़ौत नगर में मंगल प्रवेश 30 जुलाई 2026 को सुबह 7 बजे बड़ी धूमधाम के साथ होगा। आचार्य श्री की मंगल प्रवेश यात्रा सुबह 7 बजे श्री मुनिसुव्रतनाथ दिगंबर जैन मंदिर साधुवृति आश्रम दिल्ली रोड बड़ौत से प्रारंभ होकर नगर के मुख्य मार्गो से होती हुई श्री 1008




अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर मंडी पहुंचेगी। श्री अजितनाथ सभागार मंडी में आचार्य श्री का मंगल आशीष प्रवचन होगा। आचार्य संघ का चातुर्मास मंगल कलश स्थापना कार्यक्रम सोमवार 3 अगस्त 2026 को दोपहर सवा दो बजे श्री अजितनाथ सभागर में होगा। मीडिया प्रभारी वरदान जैन ने बताया कि आचार्य संघ के प्रवेश और चातुर्मास कलश स्थापना की तैयारियां पूर्ण कर ली गई है।प्रथम बार आचार्य संघ के बड़ौत में मंगल प्रवेश होने पर जैन समाज में विशेष उत्साह है। श्री अजितनाथ दिगंबर जैन मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मुकेश जैन द्वारा चातुर्मास हेतु संयोजक विकास जैन, अंकुर जैन, अनुज जैन, ऋषभ जैन और नितिन जैन को बनाया गया है।

# किसानों के प्रतिनिधिमंडल ने बागपत के सांसद से की मुलाकात

**समाज जागरण बागपत।**
दिल्ली-देहरादून ग्रीन फील्ड एक्सप्रेसवे के भूमि अधिग्रहण से प्रभावित किसानों का एक प्रतिनिधिमंडल आज नई दिल्ली स्थित राष्ट्रीय लोकदल के केंद्रीय कार्यालय पहुँचा।प्रतिनिधिमंडल ने बागपत के सांसद डॉ राजकुमार सांगवान




से मुलाकात कर उन्हें अपनी समस्याओं से अवगत कराया। किसानों ने भूमि अधिग्रहण में नियमानुसार उचित एवं न्यायसंगत मुआवजा दिलाने का अनुरोध किया। सांसद ने किसानों की बात गंभीरता से सुनी तथा उनके हितों की रक्षा हेतु हर संभव प्रयास का भरोसा दिलाया। किसानों के प्रतिनिधि मंडल के रूप में मुख्य रूप से मनोज आर्य एडवोकेट नीरज चौधरी पवन कुमार रन सिंह कुशेन्द्र टिकरी सोनू टिकरी आदि उपस्थित रहे।

# गन्ना किसानों के बकाया ब्याज पर हाईकोर्ट सख्त, गन्ना आयुक्त को तलब

## तीन अगस्त को सरकार और गन्ना आयुक्त से मांगा जवाब, बोले- जिम्मेदार कौन?

**समाज जागरण बड़ौत।**
गन्ना किसानों के बकाया भुगतान पर देरी से मिलने वाले ब्याज को लेकर दायर याचिका पर हाईकोर्ट ने सख्त रुख अपनाया है। न्यायालय ने राज्य सरकार और गन्ना आयुक्त से जवाब तलब किया है कि नियमों में ब्याज भुगतान का प्रावधान होने के बावजूद वर्षों से किसानों को उनका हक क्यों नहीं मिला।हाईकोर्ट ने मामले में गन्ना आयुक्त को व्यक्तिगत रूप से न्यायालय में उपस्थित होने के आदेश दिए हैं। कोर्ट ने तीन अगस्त की अगली सुनवाई पर पिछले आदेशों के अनुपालन में विलंबित गन्ना भुगतान पर किसानों को दिए गए



ब्याज का पूरा विवरण और आंकड़े प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए हैं। सुनवाई के दौरान चीनी मिलों की ओर से कहा गया कि यदि किसानों को हजारों करोड़ रुपये का ब्याज देना पड़ा तो कई मिलें बंद हो जाएंगी। इस पर हाईकोर्ट ने टिप्पणी की कि "यदि गन्ना किसानों की बदहाली हुई है, तो इसके लिए कोई न कोई जिम्मेदार अवश्य होगा। लुहारी निवासी किसान नेता संजीव दांगी ने हाईकोर्ट के फैसले का स्वागत करते हुए कहा कि यह गन्ना किसानों के हित में महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि सभी किसान इस फैसले से उम्मीद कर रहे हैं कि उन्हें समय पर बकाया और ब्याज मिलेगा। अब सभी की निगाहें तीन अगस्त को होने वाली अगली सुनवाई पर हैं, जहां सरकार और गन्ना विभाग को विस्तृत जवाब देना होगा।

# बिजली के जर्जर खंभों से पट्टी मेहर भट्टे वाली गली में बड़ा हादसे का खतरा

### खंभों की जड़ें गलीं, तारों का वजन ज्यादा, करंट भी उतर रहा

**समाज जागरण बड़ौत।**
नगर की पट्टी मेहर भट्टे वाली गली में बिजली के जर्जर खंभे लोगों के लिए खतरा बन गए हैं। गली में लगे चारों खंभों की जड़ें नीचे से गल चुकी हैं और उन पर तारों का वजन इतना अधिक है कि कभी भी खंभे टूटकर गिर सकते हैं। स्थानीय दुकानदारों ने बताया कि भारद्वाज डीजे साउंड की दुकान के पास लगा




खंभा काफी नीचे झुक गया है। इस खंभे में कई बार करंट उतर जाता है। तार खंभे से टच होने के कारण बरसात के मौसम में करंट की समस्या और बढ़ जाती है।दुकानदार पवन भारद्वाज, अशोक भारद्वाज, बिजेंदर कश्यप, ओमवीर कश्यप, वीरेंद्र सिंह, सतवीर, अशोक कश्यप, दीन मोहम्मद, अनीश और अनीश चौधरी ने कहा कि कावड़ यात्रा को देखते हुए विद्युत विभाग ने खंभों पर केवल पिन्नी चिपकाकर खानापूर्ति कर दी है। मोहल्लेवासियों ने विद्युत विभाग से मांग की है कि जर्जर खंभों को हटाकर नए खंभे लगवाए जाएं, ताकि कोई बड़ा हादसा होने से पहले समस्या का समाधान हो सके।

# भारत की पहली सीधी वाणिज्यिक कंटेनर मालगाड़ी नेपाल पहुंची, सीमा पार व्यापार और संपर्क के क्षेत्र में एक नए अध्याय की शुरुआत

### संशोधित भारत-नेपाल रेल पारगमन प्रोटोकॉल के तहत कोलकाता बंदरगाह से बिराटनगर तक 40 डिब्बों वाली मालगाड़ी का परिचालन शुरू
### सीधी रेल माल ढुलाई सेवा से पारगमन समय, लॉजिस्टिक लागत में कमी के साथ-साथ माल ढुलाई में आसानी हुई, जिससे भारत-नेपाल व्यापार संबंध मजबूत हुए हैं

भारतीय रेल ने कोलकाता बंदरगाह से नेपाल के बिराटनगर सीमा शुल्क यार्ड तक पहली सीधी वाणिज्यिक कंटेनर मालगाड़ी के सफल परिचालन के साथ भारत-नेपाल माल ढुलाई संपर्क को मजबूत करने में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। कैनोला की खेप ले जाने वाले 40 डिब्बों वाली इस ट्रेन ने संशोधित




भारत-नेपाल रेल पारगमन प्रोटोकॉल के तहत अपनी यात्रा पूरी की, जो रेल आधारित सीमा पार माल ढुलाई को लेकर एक नए अध्याय की शुरूआत है। इस सफल परिचालन से कोलकाता बंदरगाह से बिराटनगर तक कंटेनरीकृत माल की सीधे तौर पर रेलमार्ग द्वारा ढुलाई संभव हो गई है, जिसमें सीमा पर माल का स्थानांतरण नहीं करना पड़ेगा। इस नई व्यवस्था से पारगमन समय, रसद लागत में काफी कमी होने के साथ-साथ माल ढुलाई में आसानी होने की उम्मीद है, साथ ही दोनों पड़ोसी देशों के बीच सीमा पार व्यापार की दक्षता, विश्वसनीयता और प्रतिस्पर्धात्मकता में सुधार होगा। यह उपलब्धि संशोधित भारत-नेपाल रेल पारगमन प्रोटोकॉल के कार्यान्वयन के माध्यम से संभव हुई है, जो दोनों देशों के बीच माल की निर्बाध रेल परिवहन सुविधा प्रदान करता है। यह उपलब्धि जून 2023 में भारत के माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी और नेपाल के तत्कालीन प्रधानमंत्री द्वारा उद्घाटन किए गए जोगबानी (भारत) और बिराटनगर (नेपाल) के बीच ब्रॉड-गेज रेल लिंक पर आधारित है। नवंबर 2025 में संशोधित लेटर ऑफ एक्सचेंज (एलओई) पर हस्ताक्षर के बाद, बिराटनगर के लिए सीधी वाणिज्यिक रेल सेवा अब शुरू हो गई है, जिससे द्विपक्षीय व्यापार और आर्थिक सहयोग के नए अवसर खुल गए हैं। प्रत्यक्ष माल ढुलाई सेवा से आयात और निर्यात माल की आवाजाही को काफी बढ़ावा मिलने की उम्मीद है, क्योंकि यह परिवहन का एक तेज, अधिक किफायती और पर्यावरण के अनुकूल तरीका प्रदान करेगी। कई हैंडलिंग पॉइंट्स को कम करके और आपूर्ति श्रृंखला की दक्षता में सुधार करके, यह पहल निर्यातकों, आयातकों, लॉजिस्टिक संचालकों और सीमा पार व्यापार में लगे उद्योगों को लाभ पहुंचाएगी।
यह उपलब्धि भारतीय रेल के अंतरराष्ट्रीय रेल संपर्क को बढ़ाने, माल ढुलाई व्यवस्था को मजबूत करने और आधुनिक परिवहन इन्फ्रास्ट्रक्चर के माध्यम से कारोबारी सुगमता लाने के सरकारी दृष्टिकोण के समर्थन को लेकर निरंतर प्रतिबद्धता को भी दशार्ती है। रेल आधारित माल ढुलाई में वृद्धि से रसद लागत कम होगी, माल की विश्वसनीयता बढ़ेगी और परिवहन पर्यावरण के अनुकूल होगा, साथ ही पड़ोसी देशों के साथ मजबूत आर्थिक साझेदारी को बढ़ावा मिलेगा।
नेपाल के लिए पहली सीधी वाणिज्यिक कंटेनर मालगाड़ी का सफल परिचालन भारतीय रेल के एकीकृत, कुशल और भविष्य के लिए तैयार माल नेटवर्क के निर्माण के प्रयासों में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि है, जो क्षेत्रीय
व्यापार, आर्थिक विकास और निर्बाध अंतरराष्ट्रीय कनेक्टिविटी का समर्थन करता है।

# खगोलविदों ने सक्रिय रूप से बन रहे एक चमकीले नीले तारे की खोज की है

भारतीय खगोलविदों ने अपने अंतरराष्ट्रीय सहयोगियों के साथ मिलकर निर्माण की प्रक्रिया में एक दुर्लभ ब्लू स्ट्रैगलर
स्टार (बीएसएस) की खोज की रिपोर्ट दी है, जो इस बात का प्रत्यक्ष प्रमाण है कि ऐसे तारे कैसे बनते हैं। ब्लू स्ट्रैगलर स्टार्स (बीएसएस) एक विशेष वर्ग के तारे हैं जो समूहों में पाए जाते हैं और अपने समकक्षों की तुलना में अधिक गर्म, चमकीले और अधिक विशाल दिखाई देते हैं, और लंबे समय से खगोलविद उनकी उत्पत्ति और विकास को समझने का प्रयास करते रहे हैं।
व्यापक रूप से स्वीकृत व्याख्या यह है कि ये तारे किसी साथी तारे से या तारकीय विलय के माध्यम से द्रव्यमान प्राप्त करते हैं, जिससे वे प्रभावी रूप से पुनर्जीवित हो जाते हैं। फिर भी, ऐसी निर्माण प्रक्रियाओं के प्रत्यक्ष अवलोकन संबंधी प्रमाण अत्यंत दुर्लभ रहे हैं। इसकी जांच करने के लिए, विज्ञान और प्रौद्योगिकी विभाग (डीएसटी) के एक स्वायत्त संस्थान, भारतीय खगोल भौतिकी संस्थान (आईआईए) के खगोलविदों ने लगभग 9500 प्रकाश वर्ष दूर स्थित पुराने खुले तारा समूह कोलिंडर 261 में एक उल्लेखनीय द्विआधारी तारा प्रणाली टीआईसी 327546480 का अध्ययन किया। इस प्रणाली को आगे की जांच के लिए प्रयोग किया गया क्योंकि इसके गुणों से दो तारों के बीच निरंतर परस्पर क्रिया का संकेत मिलता था। इस अध्ययन में नासा के टीएसईएस अंतरिक्ष मिशन से प्राप्त उच्च-सटीकता वाले प्रकाश वक्रों को चिली में यूरोपीय दक्षिणी वेधशाला द्वारा संचालित वेरी लार्ज टेलीस्कोप का उपयोग करके प्राप्त किए गए रेडियल वेग मापों के साथ संयोजित किया गया। हमने पाया कि ब्लू स्ट्रैगल तारा अपने साथी तारे से सक्रिय रूप से पदार्थ ग्रहण कर रहा है, जिससे हमें एक बीएसएस के निर्माण की प्रक्रिया का दुर्लभ नजारा देखने को मिला है। हमारी खोज बीएसएस की उत्पत्ति की व्याख्या करने वाले प्रमुख सिद्धांतों में से एक के लिए प्रत्यक्ष अवलोकन संबंधी प्रमाण प्रस्तुत करती हैह, आईआईए की संकाय सदस्य और अध्ययन की सह-लेखिका अन्नपूर्णी सुब्रमण्यम ने बताया। उन्होंने पाया कि यह द्विआधारी प्रणाली अर्ध-पृथक है, जिसका अर्थ है कि दो तारों में से एक इतना विस्तारित हो गया है कि वह अपनी गुरुत्वाकर्षण सीमा (रोश लोब) से बाहर निकल गया है, जिसके कारण कम द्रव्यमान वाला साथी तारा इरर को पदार्थ स्थानांतरित कर रहा है। कम द्रव्यमान वाले साथी तारे से इरर में यह निरंतर द्रव्यमान स्थानांतरण इस बात की पुष्टि करता है कि कायाकल्प प्रक्रिया अभी भी जारी है, जिससे यह प्रणाली अब तक पहचाने गए एक उभरते हुए ब्लू स्ट्रैगलर के सबसे स्पष्ट उदाहरणों में से एक बन जाती है।
शोधकताओं ने इस प्रणाली से तीव्र एक्स-रे उत्सर्जन का भी पता लगाया। इस प्रकार की एक्स-रे गतिविधि तब अपेक्षित होती है जब साथी पिंड से स्थानांतरित पदार्थ बीएसएस द्वारा एकत्रित किया जा रहा होता है, जो इस बात का स्वतंत्र प्रमाण प्रदान करता है कि द्रव्यमान स्थानांतरण वर्तमान में जारी है।

"विस्तृत विश्लेषण से पता चला है कि बीएसएस का द्रव्यमान सूर्य के द्रव्यमान का लगभग 1.67 गुना है और यह लगभग 0.32 सौर द्रव्यमान वाले एक साथी से पदार्थ को एकत्रित कर रहा है।"

# कोयले के आयात में गिरावट

वित्त वर्ष 2025-26 में तापीय ऊर्जा संयंत्रों द्वारा आयातित कुल कोयले की मात्रा 45.4 मिलियन टन (एमटी) थी, जबकि वित्त वर्ष 2024-25 में यह 62.5 मिलियन टन (एमटी) थी, जिसमें लगभग 27.4 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके अतिरिक्त, आयातित कोयला आधारित संयंत्रों द्वारा आयातित कोयले की मात्रा अप्रैल 2026 में 2.88 मिलियन टन (एमटी) थी, जबकि अप्रैल 2025 में यह 3.97 मिलियन टन (एमटी) थी, जिसमें लगभग 27.45 प्रतिशत की गिरावट आई। विद्युत क्षेत्र के लिए कोयले के आयात पर निर्भरता कम करने के लिए सरकार द्वारा उठाए गए प्रमुख उपाय निम्नलिखित हैंः जिन मामलों में वार्षिक अनुबंधित मात्रा (एसीक्यू) मानक आवश्यकता के 90 प्रतिशत (गैर-तटीय विद्युत संयंत्र) या 70 प्रतिशत (तटीय विद्युत संयंत्र) तक कम हो गई थी, उनमें एसीक्यू को मानक आवश्यकता के 100 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है। एसीक्यू में वृद्धि से घरेलू कोयले की आपूर्ति बढ़ेगी, जिससे आयात पर निर्भरता कम होगी। सरकार ने वर्ष 2022 में विद्युत क्षेत्र के सभी मौजूदा लिंकेज धारकों की पूर्ण विद्युत खरीद समझौते (पीपीए) की आवश्यकता को पूरा करने के लिए कोयला कंपनियों द्वारा ट्रिगर स्तर और एसीक्यू स्तर की परवाह किए बिना कोयला उपलब्ध कराने

# सिंचाई विभाग के डाक बंगले का ताला तोड़कर डेढ़ दर्जन कुर्सियां चोरी, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण कांधला।**

कस्बे स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगले में चोरों ने ताला तोड़कर लगभग डेढ़ दर्जन कुर्सियां और अन्य सामान चोरी कर लिया। घटना की जानकारी मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और निरीक्षण कर चोरों की तलाश शुरू कर दी।कस्बे की बड़ी नहर पटरी स्थित सिंचाई विभाग के डाक बंगले में विभागीय कार्यालय संचालित हैं, जहां कई कर्मचारी कार्यरत हैं। मंगलवार सुबह कर्मचारी सुधीर कुमार कार्यालय पहुंचे तो



मुख्य दरवाजे का ताला टूटा मिला। अंदर जाकर देखा तो करीब डेढ़ दर्जन कुर्सियां गायब थीं और कार्यालय का सामान बिखरा पड़ा था।घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण करने के साथ ही आसपास के

लोगों से पूछताछ की और चोरों की तलाश शुरू कर दी। पुलिस क्षेत्र में लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है।थाना प्रभारी निरीक्षक बच्चू सिंह ने बताया कि मामले में तहरीर प्राप्त हो गई है। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और जल्द ही चोरी की घटना का खुलासा कर दिया जाएगा।

# कांवड़ यात्रा से पहले गंगेरू मार्ग की बदहाली, गहरे गड्ढे बने शिवभक्तों के लिए मुसीबत

**समाज जागरण कांधला।(फुरकान जंग)**

कांवड़ यात्रा शुरू होने में अब कुछ ही दिन शेष हैं, लेकिन कस्बे का गंगेरू मार्ग आज भी बदहाल स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह बने गहरे गड्ढे राहगीरों के साथ-साथ कांवड़ यात्रा पर निकलने वाले शिवभक्तों के लिए भी बड़ी परेशानी का कारण बने हुए हैं।प्रदेश सरकार की ओर से सभी सड़कों को गड्ढामुक्त करने के निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर जिला प्रशासन भी कांवड़ यात्रा से पहले



प्रमुख मार्गों की मरम्मत और गड्ढामुक्त करने का अभियान चला रहा है। इसके बावजूद कांधला का गंगेरू मार्ग वर्षों से अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है।लोगों का कहना है कि सड़क पर बने गहरे गड्ढों के कारण आए दिन दोपहिया वाहन चालक और राहगीर हादसों का शिकार हो रहे हैं। कई बार नगर पालिका से सड़क की मरम्मत की मांग की गई, लेकिन पालिका इसे लोक निर्माण विभाग के अधीन बताकर जिम्मेदारी से पल्ला झाड़ लेती है। वहीं पीडब्ल्यूडी की ओर से भी अब तक सड़क की मरम्मत के लिए कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है।30 जुलाई से प्रारंभ होने वाली कांवड़ यात्रा के दौरान इसी मार्ग से बागपत, हरियाणा तथा आसपास के क्षेत्रों के हजारों शिवभक्त हरिद्वार से पवित्र गंगाजल लेकर अपने गंतव्य की ओर गुजरते हैं। ऐसे में सड़क की जर्जर स्थिति पैदल चलने वाले कांवड़ियों के लिए गंभीर समस्या बन सकती है।

नगर एवं क्षेत्र के लोगों ने जिला प्रशासन से कांवड़ यात्रा से पहले गंगेरू मार्ग की तत्काल मरम्मत कर सड़क को गड्ढामुक्त कराने की मांग की है।

# ऑपरेशन सवेरा के तहत आदर्शमंडी पुलिस की कार्रवाई, 125 ग्राम चरस के साथ तस्कर गिरफ्तार

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

जनपद में नशे के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन सवेरा अभियान के तहत थाना आदर्शमंडी पुलिस ने एक मादक पदार्थ तस्कर को गिरफ्तार कर उसके कब्जे से 125 ग्राम अवैध चरस बरामद की है। बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।पुलिस के अनुसार, सहारनपुर परिक्षेत्र के पुलिस उपमहानिरीक्षक के निर्देशन में मादक पदार्थों की तस्करी और अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान संचालित किया जा रहा है। इसी क्रम में पुलिस

अधीक्षक शामली एन.पी. सिंह के निर्देशन, अपर पुलिस अधीक्षक सुमित शुक्ला के नेतृत्व तथा क्षेत्राधिकारी नगर के पर्यवेक्षण में मंगलवार को थाना आदर्शमंडी पुलिस ने कमल हसन पुत्र अजमुद्दीन निवासी मोहल्ला प्रतापनगर, कस्बा बनत को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से 125 ग्राम अवैध चरस बरामद हुई। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जेल भेज दिया है।

# जन्मदिन पर शिक्षिका ने कराया तिथि भोज, 318 बच्चों को मिली खीर व स्टेशनरी

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

पीएम पोषण योजना के तहत विकासखंड थानाभवन के प्राथमिक विद्यालय बन्तीखेड़ा में मंगलवार को सहायक अध्यापिका सुचित्रा के जन्मदिन के अवसर पर तिथि भोज कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के 318 छात्र-छात्राओं को विशेष भोजन के रूप में खीर वितरित की गई।कार्यक्रम में पहुंचे जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संतोष कुमार ने सभी विद्यार्थियों को नोटबुक एवं अन्य स्टेशनरी सामग्री वितरित की। साथ ही विद्यालय में निःशुल्क स्टूडेंट स्टेशनरी बैंक का लोकार्पण भी किया। इसके तहत माह में 80 प्रतिशत से अधिक उपस्थिति दर्ज कराने वाले विद्यार्थियों को प्रतिमाह निशुल्क नोटबुक, पेंसिल, रबर, पेन, कटर सहित अन्य आवश्यक शैक्षणिक सामग्री उपलब्ध कराई जाएगी।जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने कहा कि तिथि भोज जैसे कार्यक्रम बच्चों को विद्यालय से जोड़ने और शिक्षा के प्रति उनकी रुचि बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने उपस्थित जन प्रतिनिधियों, अभिभावकों एवं गणमान्य लोगों से अपने जन्मदिन तथा अन्य विशेष अवसरों पर विद्यालयों में बच्चों के लिए अपने स्तर पर तिथि भोज आयोजित करने का आह्वान किया।इस अवसर पर खंड शिक्षा अधिकारी राहुल धामा, जिला समन्वयक (एमडीएम) जितेंद्र कुमार, जिला

समन्वयक ( एमआईएस) रोहताश, शिव करण, विद्यालय स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति (एसएमसी) के सदस्य तथा क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# मन्ना माजरा पुलिस चौकी का लोकार्पण, क्षेत्रवासियों को मिलेगी पुलिस सेवा

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

थाना कोतवाली क्षेत्र के मन्ना माजरा में नवनिर्मित पुलिस चौकी का मंगलवार को पुलिस अधीक्षक एन.पी. सिंह ने फीता काटकर लोकार्पण किया। इसके बाद उन्होंने चौकी भवन का निरीक्षण कर पुलिस अधिकारियों को अपराध नियंत्रण, जनसुनवाई, त्वरित पुलिस रिस्पॉन्स और कानून-व्यवस्था को प्रभावी बनाए रखने के निर्देश दिए।एसपी ने



कहा कि नई चौकी शुरू होने से क्षेत्रवासियों को पुलिस सेवाएं अधिक सुलभ और तेज गति से मिलेंगी तथा शिकायतों का शीघ्र निस्तारण होगा। उन्होंने नियमित गश्त, संदिग्धों की चेकिंग और महिला व बाल सुरक्षा पर विशेष ध्यान देने के निर्देश भी दिए।इस अवसर पर एएसपी सुमित शुक्ला, सीओ सिटी जितेंद्र सिंह, 27वीं वाहिनी पीएसी सीतापुर के उपसेना नायक डॉ. संजय कुमार, प्रभारी निरीक्षक कोतवाली शामली सहित पुलिस अधिकारी, कर्मचारी एवं क्षेत्र के गणमान्य नागरिक मौजूद रहे।

# लूटकांड कें दो आरोपी गिरफ्तार, कब्जे से हजारों की नगदी बरामद

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

बाबरी थाना क्षेत्र के हिरणवाड़ा-कैड़ी मार्ग पर हुई लूट की घटना में पुलिस ने कार्रवाई आगे बढ़ाते हुए एक और वांछित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। साथ ही घटना में शामिल एक बाल अपचारी को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया है। आरोपियों के कब्जे से लूटी गई 6 हजार रुपए हजार की नगदी भी बरामद की गई है।पुलिस के अनुसार 25 जुलाई को कैड़ी निवासी जुनैब पुत्र इस्लाम ने बाबरी थाने में तहरीर देकर बताया था कि हिरणवाड़ा से कैड़ी जाते समय बुलेट मोटरसाइकिल पर सवार



अज्ञात बदमाशों ने उसका मोबाइल फोन और नकदी लूट ली थी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू की थी।घटना के खुलासे के दौरान 26 जुलाई को पुलिस ने दो आरोपियों समीर और सयान उर्फ मोटा को गिरफ्तार कर लिया था। शेष आरोपियों की तलाश जारी थी। इसी क्रम में मंगलवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चलाए जा रहे संदिग्ध व्यक्ति एवं वाहन चेकिंग अभियान के दौरान बाबरी पुलिस ने वांछित आरोपी हसीन पुत्र महमूद निवासी ग्राम जोगियाखेड़ा, थाना फुगाना, जनपद मुजफ्फरनगर को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने घटना में शामिल एक बाल अपचारी को भी अभिरक्षा में लिया है।पुलिस ने गिरफ्तार आरोपी के कब्जे से लूटी गई 6 हजार रुपये की नगदी बरामद की है। मामले में आवश्यक वैधानिक कार्रवाई करते हुए आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया है।

# डीएम ने ईवीएम-वीवीपैट स्ट्रांग रूम का किया मासिक निरीक्षण , सुरक्षा व्यवस्था परखी

**समाज जागरण शामली।(फुरकान जंग)**

जिला निर्वाचन अधिकारी एवं जिलाधिकारी आलोक यादव ने मंगलवार को ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित भंडारण को लेकर स्ट्रांग रूम (वेयरहाउस) का मासिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा व्यवस्था, रखरखाव और अन्य व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया तथा संबंधित



अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की।जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि ईवीएम एवं वीवीपैट मशीनों के सुरक्षित भंडारण और सुरक्षा संबंधी सभी मानकों का पूरी गंभीरता से पालन सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान वेयरहाउस की व्यवस्थाओं का भी अवलोकन किया गया।इस अवसर पर सदर उप जिलाधिकारी सचिन राजपूत, तहसीलदार शामली राहुल कुमार, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी प्रमोद कुमार सहित अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

# बस में बैठे पूर्व प्रधान की जेब से 30 हजार रुपये उड़ाए, सीसीटीवी में कैद हुई वारदात

**समाज जागरण शामली।**

शहर में दिनदहाड़े जेबकतरों का आतंक थमने का नाम नहीं ले रहा है। सदर कोतवाली क्षेत्र के दिल्ली बस स्टैंड स्थित अजंता टॉकीज के पास बस में बैठे एक पूर्व प्रधान की जेब से तीन युवकों ने 30 हजार रुपये पार कर दिए। पूरी वारदात पास में लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई, जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। पुलिस मामले में तहरीर के आधार पर कार्रवाई में जुट गई है।कांधला थाना क्षेत्र के गांव मीमला निवासी पूर्व प्रधान सतपाल बैंक से 30 हजार रुपये निकालने के बाद बस से अपने गांव लौट रहे थे। आरोप है कि अजंता टॉकीज के पास बस में बैठने के दौरान तीन युवकों ने योजनाबद्ध तरीके से उनकी जेब से नकदी निकाल ली और मौके से फरार हो गए। कुछ ही देर बाद जेब से रुपये गायब होने का एहसास होने पर सतपाल ने आरोपियों का पीछा किया, लेकिन पैर में चोट होने के कारण वह उन्हें पकड़ नहीं सके और तीनों युवक भीड़ का फायदा उठाकर फरार हो गए।पीड़ित के बेटे ने बताया कि उनके पिता बैंक से रुपये निकालकर घर लौट रहे थे। बस में चढ़ते ही बदमाशों ने जेब से नकदी निकाल ली। घटना के बाद पीड़ित ने सदर कोतवाली पहुंचकर पुलिस को तहरीर दी और कार्रवाई की मांग की। उधर, घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद होने के बाद पुलिस फुटेज के आधार पर आरोपियों की पहचान करने में जुट गई है। बताया जा रहा है कि तहरीर मिलने के बाद मुकदमा दर्ज करने की प्रक्रिया चल रही है।

# सरकारी हैंडपंप पर पानी भरने को लेकर विवाद, महिला ने छेड़छाड़ व मारपीट का लगाया आरोप

**समाज जागरण झिंझाना।(फुरकान जंग)**

थाना क्षेत्र के गांव गुजरपुर में सरकारी हैंडपंप से पानी भरने के दौरान हुए विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। एक महिला ने गांव के तीन लोगों पर छेड़छाड़, अभद्रता और मारपीट का आरोप लगाया है। बीच-बचाव करने पहुंचे उसके पति के साथ भी मारपीट की गई, जिसमें वह गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने मामले में दो लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में चालानी कार्रवाई की है।महिला ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार शाम करीब सात बजे वह घर के पास स्थित सरकारी हैंडपंप से पानी भरने गई थी। आरोप है कि वहां मौजूद हसरत, हसीन और माजिद ने उसके साथ अभद्र व्यवहार करते हुए छेड़छाड़ की। विरोध करने पर तीनों ने उसके साथ मारपीट

की, जिससे उसके कपड़े भी फट गए।शोर-शराबा सुनकर उसका पति मौके पर पहुंचा और बीच-बचाव का प्रयास किया। आरोप है कि आरोपितों ने उस पर भी हमला कर दिया। पीड़ित के अनुसार मारपीट में उसके हाथ की हड्डी दो स्थानों से टूट गई, जबकि धारदार हथियार के वार

से भी उसे गंभीर चोटें आई हैं। घायल का चिकित्सीय परीक्षण कराया गया है।सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी जुटाई। उप निरीक्षक योगेंद्र सिंह ने बताया कि प्रारंभिक जांच

के आधार पर दो लोगों के खिलाफ शांतिभंग की आशंका में चालानी कार्रवाई की गई है। मामले की जांच जारी है और जांच के आधार पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी।

# वैश्विक व्यापार विकास

हस्तशिल्प सहित भारत का वस्त्र और परिधान निर्यात वर्ष 2025-26 में 3,25,339 करोड़ रुपये रहा, जो वर्ष 2024-25 के 3,19,573.2 करोड़ रुपये की तुलना में 1.8 प्रतिशत की वृद्धि दर्ज करता है। इस दौरान 100 से अधिक देशों में निर्यात वृद्धि दर्ज की गई। सरकार ने वस्त्र और परिधान क्षेत्र की वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता और निर्यात तैयारियों को मजबूत करने के लिए कई योजनाओं को लागू की हैं और विभिन्न पहलें शुरू की हैं। इनमें मुख्य रूप से पीएम मेगा एकीकृत वस्त्र क्षेत्र एवं परिधान पार्क योजना, वस्त्र क्षेत्र के लिए उत्पादन से जुडी प्रोत्साहन योजना, राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन, समर्थ-वस्त्र क्षेत्र में क्षमता निर्माण हेतु समर्थ (एसएएमए आरटीएच) योजना, तथा निर्यात संवर्धन मिशन के तहत बाजार पहुंच सहायता और ब्याज सब्सिडी सहित विभिन्न घटकों का शुभारंभ शामिल है। इसके अलावा, वस्त्र और परिधान निर्यात को समर्थन देने तथा उभरती वैश्विक चुनौतियों से निपटने के लिए हाल ही में कई उपाय किए गए हैं। इनमें निर्यातित उत्पादों पर शुल्कों और करों की छूट योजना का 30 सितंबर 2026 तक विस्तार; सीमा शुल्क टैरिफ शीर्षक 5201 के अंतर्गत आने वाले कपास के आयात पर 1 जून से 31 अक्टूबर 2026 तक सीमा शुल्क से अस्थायी छूट; मानव निर्मित फाइबर (एमएमएफ) मूल्य श्रृंखला में प्रमुख इनपुट (जैसे शुद्ध टेरेफ्थैलिक एसिड और मोनो-एथिलीन ग्लाइकॉल) पर सीमा शुल्क से अस्थायी छूट, एमएमएफ मूल्य श्रृंखला में उल्टे शुल्क ढांचे (इलवर्टेड ड्यूटी स्ट्रक्चर) को सही करने के लिए जीएसटी दरों का युक्तिकरण; तथा पश्चिम एशिया में उभरती भू-राजनीतिक स्थिति और खाड़ी तथा आसपास के क्षेत्रों में समुद्री रसद पर इसके निरंतर प्रभाव से उत्पन्न व्यवधानों से प्रभावित निर्यातकों की सहायता के लिए निर्यात सुविधा हेतु सुदृढता और रसद हस्तक्षेप( आरईएलआईईएफ) पहल की शुरूआत शामिल है। राज्य और केंद्रीय कर एवं शुल्क छूट योजना (आरओएससीटीएल), जो मार्च 2019 से लागू है, गारमेंट्स और तैयार उत्पादों के निर्यात पर लगे राज्य व केंद्रीय करों और शुल्कों में छूट प्रदान करती है, ताकि इन क्षेत्रों की प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ाना है। इन क्षेत्रों में निर्यातकों के लिए नीतिगत पूर्वानुमान और स्थिरता सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इस योजना को 30 सितंबर 2026 तक छह महीने के लिए बढ़ा दिया गया है। सरकार ने 40 प्राथमिकता वाले देशों को शामिल करते हुए एक केन्द्रित निर्यात-संवर्धन और

बाजार- विविधीकरण रणनीति भी अपनाई है। भारत-यूनाइटेड किंगडम व्यापक आर्थिक और व्यापार समझौते (सीईटीए) सहित सोलह मुक्त व्यापार समझौते (एफटीए) पहले से ही लागू हैं। इसके अलावा, यूरोपीय संघ के साथ एफटीए वार्ता सफलतापूर्वक संपन्न हो चुकी है, जबकि भारत ने न्यूजीलैंड के साथ एक एफटीए पर हस्ताक्षर किए हैं। ये समझौते भारतीय वस्त्र और परिधान क्षेत्र को अपने निर्यात को बढ़ाने और बाजार में विविधता लाने का अवसर प्रदान करते हैं। वस्त्र क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता और निर्यात तैयारियों को और अधिक बढ़ाने के लिए वस्त्र मंत्रालय ने छह वस्त्र निर्यात सुविधा केंद्र (टीईएफसी) स्थापित किए हैं और राष्ट्रीय फैशन प्रौद्योगिकी संस्थान के माध्यम से भारत के वस्त्र, हस्तशिल्प, संस्कृति और डिजाइन इकोसिस्टम को अंतरराष्ट्रीय डिजाइन/फैशन संस्थानों के सामने प्रदर्शित करने के लिए भारत इमर्सिव एक्सपीरियंस प्रोग्राम शुरू किया है। वस्त्र मंत्रालय ने जून 2026 में वस्त्र शिखर सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन किया, जिसमें राज्य सरकारों/केंद्र शासित प्रदेशों, उद्योग और शिक्षा जगत के प्रतिनिधियों को वस्त्र क्षेत्र के विकास पर सहयोगात्मक संवाद को बढ़ावा देने और जिलों की क्षमता को उजागर करने के लिए एक साथ लाया गया। वर्ष 2025-26 में 500 से अधिक जिलों से वस्त्र और हस्तशिल्प उत्पादों का निर्यात किया गया। बेहतर नियोजन और कार्यान्वयन सहायता प्रदान करने के लिए 100 चैंपियन और 100 आकांक्षी वस्त्र जिलों के साथ जिला-केंद्रित दृष्टिकोण अपनाया गया है। भारत टेक्स का तीसरा संस्करण, जो एक वैश्विक मेगा वस्त्र कार्यक्रम है, 14 से 17 जुलाई, 2026 तक आयोजित किया गया था। इसका उद्देश्य भारत की संपूर्ण वस्त्र मूल्य श्रृंखला को प्रदर्शित करना, वैश्विक व्यापार साझेदारी को बढ़ावा देना और भारत को वस्त्र और परिधान के लिए

# कांवड़ यात्रा से पहले एसपी ने कैराना में पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा

**समाज जागरण कैराना।(फुरकान जंग)**

आगामी कांवड़ यात्रा-2026 को सकुशल, सुरक्षित और शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक शामली नरेंद्र प्रताप सिंह ने सोमवार देर शाम कैराना कस्बे में पुलिस बल के साथ पैदल गश्त कर सुरक्षा व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया।पैदल गश्त के दौरान एसपी ने मुख्य बाजारों, प्रमुख मार्गों, कांवड़ यात्रा रूट, संवेदनशील स्थलों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों का जायजा लिया। उन्होंने ड्यूटी पर तैनात पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों को पूरी सतर्कता, मुस्तैदी और अनुशासन के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन करने के निर्देश दिए।इस दौरान एसपी ने व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों और स्थानीय लोगों से संवाद कर कानून-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग की अपील की। उन्होंने कहा कि किसी



भी संदिग्ध व्यक्ति या गतिविधि की सूचना तत्काल पुलिस को दें तथा अफवाहों पर ध्यान न दें।एसपी ने कांवड़ यात्रा के दौरान श्रद्धालुओं की सुरक्षा, सुगम आवागमन और यातायात व्यवस्था को निर्बाध बनाए रखने के लिए भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। गश्त के दौरान कोतवाली प्रभारी निरीक्षक सतीश कुमार, अपराध निरीक्षक योगेंद्र सिंह, एसएसआई अखिल

चौधरी, किलागेट चौकी प्रभारी एसआई राजकुमार बघेल, इमामगेट चौकी प्रभारी एसआई जितेंद्र त्यागी सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

# तकनीकी वस्त्रों पर विशेष पाठ्यक्रम

वस्त्र मंत्रालय द्वारा राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) के अंतर्गत भारत में तकनीकी वस्त्र शिक्षा के लिए शैक्षणिक संस्थानों को सक्षम बनाने हेतु सामान्य दिशानिदेर्श: निजी एवं सार्वजनिक संस्थानों के लिए लागू किए जा रहे हैं। इन दिशानिदेर्शों का उद्देश्य देशभर के अधिकाधिक शैक्षणिक संस्थानों को तकनीकी वस्त्रों के विभिन्न अनुप्रयोग क्षेत्रों से संबंधित पाठ्यक्रमों एवं विषय-पत्रों के संचालन के लिए प्रोत्साहित करना और सक्षम बनाना है। इन दिशानिदेर्शों के अंतर्गत स्नातक (यूजी) एवं स्नातकोत्तर (पीजी) स्तर पर तकनीकी वस्त्रों से संबंधित कुल 59 पाठ्यक्रम प्रारंभ किए गए हैं। इसके अतिरिक्त, देशभर के विभिन्न तकनीकी विश्वविद्यालयों एवं शैक्षणिक संस्थानों से प्राप्त 47 प्रस्तावों को स्वीकृति प्रदान की गई है, जिनके माध्यम से प्रयोगशाला उपकरणों के उन्नयन तथा संकाय सदस्यों के प्रशिक्षण सहित शैक्षणिक अवसंरचना को सुदृढ़ किया जाएगा। इन पहलों के लिए कुल 216.60 करोड़ रुपये का अनुदान स्वीकृत किया गया है। यह योजना नबरंगपुर निर्वाचन क्षेत्र सहित पूरे देश में तकनीकी वस्त्र क्षेत्र के पात्र शिक्षण संस्थानों के लिए खुली है। हालांकि, उपर्युक्त दिशानिदेर्शों के तहत नवरंगपुर निर्वाचन क्षेत्र से कोई प्रस्ताव प्राप्त नहीं हुआ है। राष्ट्रीय तकनीकी वस्त्र मिशन (एनटीटीएम) के अंतर्गत, मंत्रालय द्वारा औद्योगिक मानव संसाधन के कौशल उन्नयन के उद्देश्य से तकनीकी वस्त्रों में उम्मीदवारों के कौशल विकास एवं प्रशिक्षण हेतु सामान्य दिशानिर्देश को स्वीकृति प्रदान की गई है।

# खेत पर सिंचाई करने गया किसान, ट्यूबवेल से इलेक्ट्रिक स्कूटी चोरी

**समाज जागरण कैराना।**

खेत पर सिंचाई करने गए किसान की ट्यूबवेल पर खड़ी इलेक्ट्रिक स्कूटी अज्ञात चोर चोरी कर ले गया। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।गांव अलीपुर निवासी किसान संजीव ने शामली कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि वह अपनी

इलेक्ट्रिक स्कूटी से कैराना-शामली मार्ग स्थित महावीर फार्म हाउस के सामने अपने खेत पर पानी लगाने गया था। उसने स्कूटी ट्यूबवेल के पास खड़ी कर दी और सिंचाई के काम में लग गया। कुछ देर बाद लौटने पर स्कूटी मौके से गायब मिली।काफी तलाश के बावजूद स्कूटी का कोई सुराग नहीं लगा। इसके बाद पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर वाहन बरामद कराने की मांग की। कोतवाली प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र गौतम ने बताया कि अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है और स्कूटी की तलाश के लिए पुलिस टीम जुटी हुई है।

# कांवड़ मार्ग पर सफाई के बाद फॉगिंग, शिवभक्तों की सुविधा के लिए तैयारियां तेज

**कैराना।(फुरकान जंग)**

श्रावण माह और कांवड़ यात्रा को लेकर कैराना में तैयारियां तेज कर दी गई हैं। मंगलवार को विकास खंड प्रशासन ने नेशनल हाईवे-709एडी पर यमुना ब्रिज तक कांवड़ मार्ग की विशेष साफ-सफाई कराने के बाद फॉगिंग कराई।इससे पहले मार्ग के किनारे उगी झाड़ियां और घास हटाकर सफाई अभियान चलाया गया तथा आवश्यक स्थानों पर मिट्टी डालकर रास्ते को दुरुस्त किया गया। वहीं, नगरपालिका भी मुख्य कांवड़ मार्ग पर नियमित सफाई करा रही है। एडीओ राहुल कुमार सिंह ने बताया कि शिवभक्तों की सुविधा और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए यात्रा मार्ग पर आवश्यक व्यवस्थाएं लगातार बेहतर की जा रही हैं।



# पटना के मसौढ़ी में एमडीएम की थाली में निकला कीड़ा, बच्चों ने फेंका खाना

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**





पटना/ बिहार के सरकारी विद्यालयों में मिलने वाले मध्याह्न भोजन (एमडीएम) की गुणवत्ता एक बार फिर गंभीर सवालों के घेरे में आ गई है। मसौढ़ी प्रखंड के अंतर्गत आने वाले प्राथमिक विद्यालय, तारेगना मुसहरी में मंगलवार को परोसे गए भोजन की थाली में कीड़ा मिलने से जोरदार हड़कंप मच गया। इस गंभीर लापरवाही से नाराज बच्चों ने खाना खाने से साफ इनकार कर दिया और अपनी-अपनी थालियां फेंक दीं। प्राप्त जानकारी के अनुसार, मंगलवार को जब स्कूल में बच्चों के बीच मध्याह्न भोजन का वितरण किया जा रहा था, तभी एक छात्र की थाली में परोसे गए चावल के बीच में एक सफेद रंग का कीड़ा दिखाई दिया। यह बात जंगल में आग की तरह फैल गई, जिसके बाद अन्य बच्चों ने भी डर और गुस्से के कारण भोजन करने से मना कर दिया और पूरा खाना फेंक दिया। इस घटना के बाद विद्यालय परिसर में अफरा-तफरी का माहौल बन गया।विद्यालय की प्रधानाध्यापिका अस्मिता कुमारी ने इस घटना पर गहरी नाराजगी जताते हुए इसे बच्चों के स्वास्थ्य के साथ सीधा खिलवाड़ करार दिया है। उन्होंने बताया कि विद्यालय में कुल 40 बच्चे नामांकित हैं, लेकिन भोजन की घटिया गुणवत्ता के कारण बच्चों की उपस्थिति लगातार प्रभावित हो रही है। उन्होंने इस पूरे मामले की लिखित शिकायत तुरंत प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को भेज दी है। इधर, स्थानीय लोगों का कहना है कि जब से मध्याह्न भोजन बनाने की जिम्मेदारी स्वयं सहायता समूहों और बाहरी एजेंसियों को सौंपी गई है, तब से आए दिन गुणवत्ता को लेकर शिकायतें मिल रही हैं। कहीं बच्चों को बासी खाना परोसा जा रहा है, तो कहीं भोजन में कीड़े और मक्खियां मिलने की घटनाएं सामने आ रही हैं। मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी (बीईओ) श्री कुमार ने बताया कि प्रधानाध्यापिका की ओर से उन्हें लिखित पत्र प्राप्त हो गया है। उन्होंने कहा कि घटना के बाद बच्चों ने भोजन का बहिष्कार कर दिया था। इस लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए खाना तैयार करने वाली एजेंसी ह्यटीम एक्सीलेंस एनजीओह्ण से स्पष्टीकरण मांगा जा रहा है। साथ ही पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच कराई जाएगी। जांच में दोष साबित होने पर संबंधित एजेंसी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी। शिक्षा विभाग के अधिकारियों का कहना है कि बच्चों के स्वास्थ्य और उनके भविष्य के साथ किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

# पटना सिटी में देर रात टहलने निकले 22 वर्षीय युवक की चाकू गोदकर हत्या, पुलिस जांच में जुटी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना- जिले के खाजेकलां थाना क्षेत्र के मोगलपुरा टिक्किया टोली मोहल्ले में सोमवार की देर रात लगभग एक बजे एक 22 वर्षीय युवक की चाकुओं से गोदकर बेरहमी से हत्या कर दी गई। इस सनसनीखेज वारदात के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है। मृतक की पहचान टिक्किया टोली निवासी मनोहर लाल के 22 वर्षीय पुत्र सूरज कुमार के रूप में की गई है। परिजनों के अनुसार, सूरज कुमार रात में खाना खाने के बाद घर से टहलने के लिए निकला था। इसी दौरान उसे पर पड़ोसी युवक द्वारा चाकू से ताबड़तोड़ प्रहार किए जाने की सूचना मिली। परिजन तुरंत उसे गंभीर हालत में उपचार के लिए सदर अस्पताल लेकर पहुंचे, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही खाजेकलां थाना पुलिस और डीएसपी शिव शंकर कुमार दल-बल के साथ मौके पर पहुंचे और मामले की छानबीन शुरू कर दी। डीएसपी शिव शंकर कुमार ने बताया कि हत्या की इस घटना को पड़ोसी युवक आकाश ने अंजाम दिया है। पुलिस टीम उसकी गिरफ्तारी के लिए लगातार छापेमारी कर रही है। पुलिस ने मामले में कुछ संदिग्ध युवकों को हिरासत में लिया है जिनसे पूछताछ की जा रही है। पुलिस ने मृतक के शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए नालंदा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। थानाध्यक्ष विद्यानंद वर्मा ने बताया कि आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज को खंगाला जा रहा है ताकि घटना से जुड़े अहम सबूत मिल सकें। प्रारंभिक जांच में हत्या की वजह अभी तक स्पष्ट नहीं हो पाई है। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है और वे भी इस बारे में फिलहाल कुछ खास नहीं बता पा रहे हैं। पुलिस सभी बिंदुओं को ध्यान में रखकर मामले की गहराई से छानबीन कर रही है और मुख्य आरोपी की जल्द गिरफ्तारी का दावा कर रही है।

# पटना के बांकीपुर उपचुनाव में सुबह 5 बजे से सड़कों पर गश्ती शुरू करेंगे पुलिस अधिकारी

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बांकीपुर विधानसभा उपचुनाव को शांतिपूर्ण और भयमुक्त माहौल में संपन्न कराने के लिए प्रशासन ने पूरी तैयारी कर ली है। चुनाव के दिन यानी 30 जुलाई को सुबह पांच बजे से ही पुलिस बल सड़कों पर तैनात हो जाएंगे और सभी पुलिस अधिकारी लगातार गश्ती कर सुरक्षा व्यवस्था की निगरानी करेंगे।



चुनाव को लेकर सभी मतदान केंद्रों वाले स्कूलों को प्रशासन ने अपने नियंत्रण में ले लिया है। मतदान से एक दिन पहले शाम तक सभी बूथों पर ईवीएम पहुंचा दी जाएगी और सुरक्षा बलों की तैनाती कर दी जाएगी। शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की 14 कंपनियां पहले ही पहुंच चुकी हैं। इसके अलावा, मतदान केंद्रों और सड़कों की सुरक्षा के लिए करीब 5,000 बिहार पुलिस के अधिकारियों व जवानों को तैनात किया गया है।बांकीपुर विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले थानों में दो-दो नए चेक पोस्ट बनाए गए हैं, जहां से गुजरने वाले हर वाहन की सघन जांच की जा रही है। चुनाव प्रचार थमने के बाद क्षेत्र के सभी होटलों और लॉजों की चेकिंग प्रक्रिया में भी तेजी लाई गई है। उपचुनाव की तैयारियों को लेकर आईजी जितेंद्र राणा ने अपने कार्यालय कक्ष में पुलिस अधिकारियों के साथ एक अहम समीक्षा बैठक की। बैठक में पटना के एसएसपी, पूर्वी व पश्चिमी सिटी एसपी सहित प्रमुख एसडीपीओ मौजूद रहे। आईजी ने निर्देश दिया कि वज्र गृह से ईवीएम प्राप्त करने से लेकर मतदान के बाद उसे स्ट्रांग रूम में जमा करने तक पूरी सतर्कता बरती जाए। पोलिंग पार्टियों और पुलिस बलों को चुनाव से पहले की रात केवल पोलिंग बूथ पर ही विश्राम करने को कहा गया है। साथ ही, मतदान केंद्र के 200 गज के दायरे में भीड़ लगाने पर रोक रहेगी और मतदाताओं में विश्वास जगाने के लिए फ्लैग मार्च निकाले जाएंगे।

# पटना के मिलर हाई स्कूल परिसर में संदिग्ध अवस्था में मिला युवक का शव, जांच में जुटी पुलिस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**



पटना/ कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले मिलर हाई स्कूल परिसर में मंगलवार को एक 35 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में बरामद किया गया। मृतक की पहचान परसा बाजार थाना क्षेत्र के रहने वाले सन्नी कुमार के रूप में हुई है। इस घटना के बाद इलाके में सनसनी फैल गई है।

घटना की सूचना मिलते ही कोतवाली थाना पुलिस और फॉरेंसिक साइंस लैब (एफएसएल) की टीम तुरंत मौके पर पहुंची और साक्ष्य जुटाने का काम शुरू किया। शुरूआत में शव की शिनाख्त नहीं हो पाई थी, लेकिन बाद में परिजनों के आने पर उसकी पहचान सुनिश्चित की गई। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीएमसीएच (पटना मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल) भेज दिया है।

अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (विधि-व्यवस्था-1) कृष्ण मुरारी प्रसाद ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि मिलर हाई स्कूल का मैदान आम तौर पर खुला रहता है। मृतक के मुंह से झाग निकल रहा था, जिसे ध्यान में रखते हुए पुलिस हर संभावित पहलू से मामले की गहराई से जांच कर रही है। पुलिस यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि युवक इस परिसर तक किस रास्ते से पहुंचा था। इसके लिए स्कूल और उसके आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के असली कारणों का खुलासा हो सकेगा। परिजनों से मिलने वाली लिखित शिकायत के आधार पर प्राथमिकी दर्ज कर आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

# पटना में पूर्व विधायक डॉ. संजीव कुमार से 1 करोड़ की रंगदारी मांगने वाला आरोपी गिरफ्तार

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ कंकड़बाग थाना पुलिस ने परबत्ता विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक डॉ. संजीव कुमार से 1 करोड़ रुपये की रंगदारी मांगने के चर्चित मामले का खुलासा करते हुए एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है।

पुलिस के अनुसार, 25 जुलाई 2026 को कंकड़बाग थाना क्षेत्र के एमआईजी-350 निवासी पूर्व विधायक डॉ. संजीव कुमार के मोबाइल पर मैसेज भेजकर एक करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी गई थी। सनसनीखेज मामले की गंभीरता को देखते हुए वरीय पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर नगर पुलिस अधीक्षक (पूर्वी) के नेतृत्व में एक विशेष छापेमारी टीम का गठन किया गया था। तकनीकी अनुसंधान और पुख्ता साक्ष्यों के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कन्हाई कुमार (21) को धर दबोचा। आरोपी मूल रूप से मुजफ्फरपुर जिले के कांटी थाना क्षेत्र अंतर्गत आरा मोहल्ला का रहने वाला है। पुलिस ने उसके पास से रंगदारी मांगने में प्रयुक्त दो मोबाइल फोन भी बरामद किए हैं। प्राथमिक जांच में पता चला है कि गिरफ्तार आरोपी का पुराना आपराधिक इतिहास रहा है। उसके खिलाफ साहेबगंज, मॉडल सदर और ब्रह्मपुरा थानों में विभिन्न गंभीर धाराओं के तहत कई मामले पहले से दर्ज हैं। पुलिस अब यह पता लगाने का प्रयास कर रही है कि इस साजिश में उसके साथ और कौन-कौन लोग शामिल थे।

# नीट यूजी आंदोलन में तेज प्रताप यादव समेत सैकड़ों आंदोलनकारी होंगे रिहा सरकार के आदेश पर 64 मुकदमे वापस

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ बिहार सरकार के बड़े फैसले के बाद नीट यूजी आंदोलन से जुड़े 64 मुकदमे वापस ले लिए गए हैं। महाधिवक्ता के निर्देश के आलोक में पटना के लोक अभियोजक ने पटना शहर में दर्ज सभी 27 मामलों को वापस लेने के लिए अदालत में आवेदन दाखिल कर दिया है। इसके बाद जेल प्रशासन को रिहाई का पत्र भेज दिया गया है, और देर रात तक सभी छात्रों व आंदोलनकारियों की रिहाई होने की उम्मीद है। नीट यूजी प्रश्न पत्र लीक के खिलाफ देशव्यापी आंदोलन के दौरान 26 जुलाई 2026 तक पूरे बिहार में कुल 64 मुकदमे दर्ज हुए थे, जिनमें से 27 अकेले पटना जिले से संबंधित थे। पटना में दर्ज मामलों में सबसे अधिक 16 मुकदमे कोतवाली थाने में, 6 गांधी मैदान थाने में, 4 सचिवालय थाने में और 1 शास्त्री नगर थाने में दर्ज किया गया था। सरकार के निर्देश पर सभी जिलाधिकारियों ने संबंधित लोक अभियोजकों को मुकदमे वापस लेने का अनुरोध किया था। पटना के लोक अभियोजक राजेश कुमार के निर्देश और मुख्य अभियोजन पदाधिकारी विद्यासागर की देखरेख में भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 360 के तहत ये आवेदन दाखिल किए गए। इन मुकदमों में जनशक्ति जनता दल के संस्थापक तेज प्रताप यादव के खिलाफ गांधी मैदान थाने में दर्ज कांड संख्या 400/2026 भी शामिल है, जिसे वापस ले लिया गया है। कानूनी प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब तेज प्रताप यादव सहित जेल में बंद सैकड़ों आंदोलनकारियों की रिहाई का रास्ता साफ हो गया है।

# पटना के फतुहा इंडस्ट्रीज एरिया की बंद फैक्ट्री में लाखों की चोरी

## कीमती डाई, मोटर और बिजली पैनल उखाड़ ले गए चोर

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**





पटना/ जिले के फतुहा थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले फतुहा इंडस्ट्रीज एरिया में एक बंद पड़ी फैक्ट्री को निशाना बनाते हुए चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति पर हाथ साफ कर दिया। फैक्ट्री के लंबे समय से बंद रहने का पूरा फायदा उठाते हुए बदमाशों ने इस बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोर जूस एवं बोतल निर्माण में इस्तेमाल होने वाली 10 कीमती डाई, 5 मोटर और बिजली पैनल का चेंजओवर उखाड़कर ले गए। इसके अलावा, कार्यालय में रखे गए टीवी और फ्रिज भी गायब मिले, जबकि कंप्यूटर और एसी को बुरी तरह तोड़कर क्षतिग्रस्त कर दिया गया। कर्मचारियों से सूचना मिलने के बाद फैक्ट्री मालिक चंद्रभूषण सिंह और फतुहा थाना पुलिस मौके पर पहुंची। परिसर का निरीक्षण करने के बाद चोरी की इस बड़ी घटना का खुलासा हुआ। कंपनी प्रबंधन के मुताबिक, चोरों ने लाखों रुपये की संपत्ति चुराने के साथ-साथ भारी नुकसान पहुंचाया है, जिसका सटीक आकलन किया जा रहा है। सूचना मिलते ही पुलिस ने घटनास्थल की बारिकी से जांच कर साक्ष्य जुटाए। हालांकि, शुरूआती जांच में पुलिस को कोई ठोस सुराग हाथ नहीं लगा है। चोरों की पहचान के लिए आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

फतुहा थानाध्यक्ष श्रीमंत सुमन ने बताया कि मिल प्रबंधन की ओर से अभी तक चोरी गए सामान के कुल मूल्य को लेकर लिखित शिकायत नहीं दी गई है। पुलिस सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर मामले की जांच कर रही है और तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर जल्द ही आरोपियों को पकड़ने का आश्वासन दिया है। इस घटना के बाद से स्थानीय उद्योगपतियों और व्यवसायियों में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर गहरी चिंता है और उन्होंने पुलिस से इलाके में गश्त बढ़ाने की जोरदार मांग की है।

# पटना हाईकोर्ट लॉयर्स एसोसिएशन परिसर में मिला 7.65 एमएम के 25 कारतूसों से भरा पैकेट, हड़कंप

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ हाईकोर्ट के लॉयर्स एसोसिएशन परिसर में मंगलवार को एक संदिग्ध पैकेट मिलने से पूरे अदालत परिसर में हड़कंप मच गया। तलाशी के दौरान इस पैकेट से 7.65 एमएम के 25 जिंदा कारतूस बरामद किए गए हैं। हाई कोर्ट जैसी उच्च सुरक्षा वाली जगह पर कारतूस मिलने से वकीलों और सुरक्षा एजेंसियों के बीच चचाओं का बाजार गर्म हो गया है। घटना की जानकारी मिलते ही लॉयर्स एसोसिएशन के सदस्य वकीलों ने तुरंत इसकी सूचना कोर्ट ऑफिसर को दी। इसके बाद कोतवाली थाना पुलिस मौके पर पहुंची और कारतूस के पैकेट को अपने कब्जे में लेकर मामले की जांच शुरू कर दी है। घटना से गंभीर चिंता व्यक्त करते हुए अधिवक्ता संघ के प्रमुख पदाधिकारियों ने हाईकोर्ट के कार्यकारी मुख्य न्यायाधीश सुधीर कुमार सिंह से मुलाकात की और उन्हें पूरी स्थिति से अवगत कराया। मुख्य न्यायाधीश ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए परिसर की सुरक्षा व्यवस्था तुरंत और मजबूत करने के आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं। पुलिस अब अदालत परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाल रही है ताकि यह पता लगाया जा सके कि यह पैकेट वहां तक कैसे और किसके द्वारा पहुंचाया गया। कोतवाली थानाध्यक्ष अजय कुमार ने बताया कि मामले की हर पहलू से गहन जांच की जा रही है।गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब हाईकोर्ट परिसर में इस तरह की खतरनाक सामग्री मिली हो। इससे पहले भी लॉयर्स एसोसिएशन परिसर से 50 से अधिक कारतूस बरामद किए जा चुके हैं। सुरक्षा के लिहाज से पटना हाईकोर्ट में कुल पांच प्रवेश द्वार बनाए गए हैं। इनमें गेट नंबर एक से केवल माननीय न्यायमूर्ति प्रवेश करते हैं, जबकि गेट नंबर दो से पांच तक के द्वारों से अधिवक्ता और मुवक्किलों का आना-जाना होता है। सभी गेटों पर मेटल डिटेक्टर और सुरक्षाकर्मी तैनात रहते हैं। इसके अलावा गेट नंबर तीन पर आगंतुकों के बैग और सामान की विशेष चेकिंग के लिए एक अलग कक्ष भी बना हुआ है, जिसके बावजूद इस तरह की घटनाएं सुरक्षा व्यवस्था पर बड़े सवाल खड़े करती हैं।

# बिहटा के जी.जे. कॉलेज में एनसीसी प्रवेश चयन प्रक्रिया संपन्न

## 47 सीटों के लिए 240 युवाओं ने दिखाया उत्साह

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**

पटना/ जिले के बिहटा स्थित जी.जे. कॉलेज परिसर में मंगलवार को 26 बिहार एनसीसी बटालियन, पटना के दिशा-निर्देशों के तहत एनसीसी में नामांकन के लिए चयन प्रक्रिया पूरी पारदर्शिता और शांतिपूर्ण माहौल में संपन्न हुई। इस चयन प्रक्रिया में हिस्सा लेने के लिए बड़ी संख्या में युवा पहुंचे, जिसमें 120 छात्रों और 120 छात्राओं समेत कुल 240 अभ्यर्थियों ने अपनी



किस्मत आजमाई। चयन प्रक्रिया को तीन कड़े चरणों में बांटा गया था। पहले चरण में शारीरिक दक्षता परीक्षा के तहत लड़कों के लिए 1600 मीटर और लड़कियों के लिए 1000 मीटर की दौड़ आयोजित की गई। इस दौड़ में सफल होने वाले अभ्यर्थियों को दूसरे चरण यानी मेडिकल परीक्षण से गुजरना पड़ा। इसके पश्चात, अंतिम चरण में लिखित परीक्षा का आयोजन किया गया, जिसके प्राप्तांकों के आधार पर अंतिम मेधा (मेरिट) सूची तैयार की जाएगी। 26 बिहार एनसीसी बटालियन के सूबेदार सुनील कुमार ने पूरी चयन प्रक्रिया का जायजा लेते हुए बताया कि यह प्रक्रिया पूरी तरह से निर्धारित मानकों के अनुरूप और निष्पक्ष तरीके से कराई गई है। वहीं, जी.जे. कॉलेज के प्राचार्य अरविंद कुमार सिन्हा ने जानकारी देते हुए बताया कि कॉलेज में एनसीसी के लिए कुल 47 सीटें निर्धारित हैं। इनमें से 27 सीटें लड़कों के लिए और 20 सीटें लड़कियों के लिए आरक्षित हैं, जिन पर पूरी तरह से मेरिट के आधार पर योग्य अभ्यर्थियों का चयन किया जाएगा। प्राचार्य अरविंद कुमार सिन्हा ने चयनित होने वाले कैडेटों के भविष्य पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एनसीसी प्रशिक्षण केवल एक गतिविधि नहीं है, बल्कि यह युवाओं के सर्वांगीण विकास का मार्ग है। चयनित कैडेट एनसीसी का प्रशिक्षण प्राप्त करने के साथ-साथ सामाजिक सेवा कार्यों, विभिन्न राष्ट्रीय कार्यक्रमों, गणतंत्र दिवस व स्वतंत्रता दिवस परेड, साहसिक गतिविधियों और राज्य तथा राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न कैंपों में कॉलेज का प्रतिनिधित्व करेंगे। उन्होंने कहा कि एनसीसी युवाओं के भीतर अनुशासन, नेतृत्व क्षमता, निस्वार्थ सेवा भावना और राष्ट्रभक्ति की अलख जगाने का सबसे प्रभावी माध्यम है। इस चयन प्रक्रिया को लेकर छात्र-छात्राओं में भारी उत्साह देखने को मिला।

# आईआईटी पटना परिसर से लाइट चोरी करते युवक रंगे हाथों गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

**समाज जागरण पटना जिला संवाददाता:- वेद प्रकाश**




पटना/ आईआईटी अमहारा थाना पुलिस ने आईआईटी पटना परिसर में हुई चोरी की घटना का त्वरित उद्भेदन करते हुए एक आरोपी को धर दबोचा है। पुलिस ने आरोपी के पास से परिसर से चोरी की गई लाइट भी बरामद कर ली है। इस कार्रवाई के बाद इलाके में सक्रिय चोरों के बीच हड़कंप मच गया है।

गिरफ्तार किए गए आरोपी की पहचान अमहारा निवासी नितेश कुमार (पिताः कन्हाई पासवान) के रूप में हुई है। अमहारा थानाध्यक्ष रौशन कुमार राज ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस को सूचना मिली थी कि आईआईटी पटना के हाई-सिक्योरिटी परिसर से लाइट चोरी की जा रही है। सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम मौके पर पहुंची और आरोपी को चोरी करते हुए रंगे हाथों दबोच लिया। तलाशी के दौरान उसके कब्जे से चोरी की गई लाइट बरामद कर ली गई, जिसे पुलिस ने जब्त कर लिया है। पुलिस फिलहाल गिरफ्तार आरोपी से गहन पूछताछ कर रही है। यह भी पता लगाया जा रहा है कि क्या वह पहले भी इस तरह की आपराधिक वारदातों में शामिल रहा है या इस चोरी में उसके साथ कोई अन्य व्यक्ति भी संलिप्त था। थानाध्यक्ष ने स्पष्ट किया कि मामले में विधिसम्मत कानूनी कार्रवाई की जा रही है और आगे की जांच जारी है। उन्होंने बताया कि क्षेत्र में चोरी और अन्य आपराधिक गतिविधियों पर पूरी तरह अंकुश लगाने के लिए पुलिस द्वारा लगातार विशेष अभियान चलाए जा रहे हैं, ताकि शिक्षण संस्थानों और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था मजबूत बनी रहे।

# किशनगंज में बरगद की विशाल टहनी गिरने से अफरा-तफरी, दो घायल

**वीरेंद्र चौहान, समाज जागरण ब्यूरो किशनगंज।**



28 जुलाई। शहर के व्यस्ततम क्षेत्र डी-मार्केट स्थित सब्जी मंडी में मंगलवार को बरगद के पेड़ की एक विशाल टहनी अचानक टूटकर गिर गई। हादसे में दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद पूरे इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, टहनी गिरते ही आसपास मौजूद लोगों में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को तत्काल इलाज के लिए सदर अस्पताल, किशनगंज पहुंचाया, जहां उनका उपचार जारी है।

हादसे के कारण सड़क पर बरगद की भारी टहनी गिरने से यातायात पूरी तरह बाधित हो गया और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस एवं प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और जेसीबी तथा अन्य संसाधनों की मदद से टहनी हटाने का कार्य शुरू किया। इसके बाद यातायात को धीरे-धीरे सामान्य कराया गया।

स्थानीय लोगों ने शहर के पुराने और विशाल पेड़ों की समय-समय पर जांच तथा सूखी या कमजोर शाखाओं की छंटाई कराने की मांग की है, ताकि भविष्य में इस तरह की दुर्घटनाओं से बचा जा सके।

# 135 राइस मिलर्स का ₹50 करोड़ अटका

## शहडोल संभाग में फूटा गुस्सा, भोपाल घेराव और बड़े आंदोलन की चेतावनी

शहडोल 28 जुलाई सरकारी लेचरपच और नीतियों के चक्कर में शहडोल संभाग का धान-चावल उद्योग बड़े आर्थिक संकट की कगार पर पहुँच गया है। संभाग के तीनों जिलों–शहडोल, उमरिया और अनूपपुर–के 135 से अधिक राइस मिलर्स का करीब ₹50 करोड़ का भुगतान लंबे समय से अटका हुआ है। इस हकमारी और आर्थिक बदहाली के खिलाफ अब तीनों जिलों के मिलर्स ने आर-पार की लड़ाई का बिगुल फूंक दिया है।

**खबर के मुख्य बिंदुः**

बड़ा संकटः 50 करोड़ अटका, मिलों के संचालन, मजदूरों की दिहाड़ी और बैंक की कस्तें चुकाना हुआ दूभर।

ऐतिहासिक एकजुटताः जिया जावेद खान की पहल पर इतिहास में पहली बार तीनों जिलों के मिलर्स एक मंच पर आए।

अल्टीमेटमः सोमवार को भोपाल में मुख्य सचिव से वार्ता; समाधान न मिलने पर उग्र आंदोलन की चेतावनी।

शहडोल के होटल विजयश्री में आयोजित 'उमरिया, शहडोल और अनूपपुर राइस मिलर्स एसोसिएशन' की संयुक्त बैठक में संभागीय एकता का अभूतपूर्व नजारा देखने को मिला। बैठक की संयुक्त अध्यक्षता कैलाश चटवानी (अध्यक्ष, उमरिया), मोहम्मद जकारिया (अध्यक्ष, शहडोल) एवं रविंद्र गुप्ता (अध्यक्ष, अनूपपुर) ने की। बैठक में करीब 50 प्रमुख राइस मिलर्स शामिल हुए।

एनसीसीएफ की मनमानी नीतियों पर बरसे मिलर्स बैठक में एनसीसीएफ की अव्यावहारिक नीतियों और मिलिंग के दौरान आ रही जमीनी समस्याओं पर तीखा रोष व्यक्त किया गया। मिलर्स का स्पष्ट कहना था कि सरकार काम तो ले रही है, लेकिन 50 करोड़ का बकाया दबाकर बैठी है। समय पर पैसा न मिलने से पूरा उद्योग वेंटिलेटर पर आ गया है–न मजदूरों को देने के लिए पैसे बचे हैं और न ही बैंकों की देनदारियां पूरी हो पा रही हैं।

# एबीवीपी की शिकायत पर प्रशासन की कार्रवाई, बीईओ सरिता जैन अतिरिक्त प्रभार से पृथक

**समाज जागरण उमरिया**

शासकीय कन्या शिक्षा परिसर पाली में छात्राओं के बैंक खातों में आई व्यक्तिगत सामग्री की राशि एकत्र किए जाने के आरोपों के मामले में जिला प्रशासन ने कार्रवाई करते हुए विकासखंड शिक्षा अधिकारी (बीईओ) पाली के अतिरिक्त प्रभार से श्रीमती सरिता जैन को तत्काल प्रभाव से पृथक कर दिया है। प्रशासन ने छात्राओं से एकत्र की गई राशि दो दिनों के भीतर लौटाने के भी निर्देश दिए हैं।